

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र
पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 205 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण(अधिक), शुक्लपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

श्रुतं प्रज्ञानुगं स्य प्रज्ञा नैव श्रुतानुगा।
असंभिन्नार्थ मर्यादः पंडिताख्यां लाभेत सः॥

भावार्थ : जिसका शास्त्र बुद्धि के अनुकूल हो व उसका ज्ञान और प्रवत्तियां शास्त्र के अनुसार हों जो सद्मार्ग का ही सदा अनुगमन करता हो, असत् मार्ग पर न जाता हो वही पंडित कहे जाने का लाभ पाता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .33 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .17 बजे

## ईडी निदेशक का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार की गुहार पर प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल गुरुवार को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर तक कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने केंद्र सरकार की गुहार आंशिक तौर पर स्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में आगे कोई सेवा विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। पीठ ने सेवा विस्तार का आदेश पारित करते हुए कहा कि व्यापक सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए हम ईडी निदेशक को 15 सितंबर 2023 तक पद पर बने रहने की अनुमति देते हैं। शीर्ष अदालत ने 11 जुलाई को श्री मिश्रा के दो सेवा विस्तार को अवैध करार देते हुए उनके कार्यकाल की सीमा 31 जुलाई 2023 तय दी थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने 26 जुलाई को श्री मिश्रा का कार्यकाल 15 अक्टूबर तक बढ़ाने की गुहार लगाते हुए शीर्ष अदालत से शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था। अदालत ने उनकी गुहार स्वीकार करते हुए 27 जुलाई को सुनवाई की।

## तुर्की के निवेशकों को उम्मीद अनाज सौदा शुरू होगा

**अंकारा:** तुर्की के निवेशक अनाज सौदे को लेकर चल रहे संकट का शीघ्र समाधान निकलने की उम्मीद लगाए हुए हैं, उनका मानना है कि समझौते के लंबे समय तक निलंबित रहने से दुनिया भर में गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। तुर्की के दैनिक अखबार दुनिया ने गुरुवार को एक कमोडिटी एक्सचेंज अधिकारी के हवाले से यह रिपोर्ट दी। पिछले वर्ष यूक्रेनी अनाज के निर्यात की अनुमति देने के लिए एक मानवीय गलियारा काला सागर अनाज पहल (ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव) प्रदान किया गया था जो रूस द्वारा अनाज सौदे में अपनी भागीदारी को नवीनीकृत नहीं किये जाने से 18 जुलाई को समाप्त हो गया था। पिछले वर्ष यूक्रेनी अनाज के निर्यात की अनुमति देने के लिए एक मानवीय गलियारे की व्यवस्था समाप्त हो गई थी। अखबार ने गाजियांटेप कमोडिटी एक्सचेंज असेंबली के अध्यक्ष अहमत तिर्यकियोग्लू का हवाला देते हुए बताया कि तुर्की के निवेशकों को उम्मीद है कि वैश्विक खाद्य संकट को रोकने के लिए मानवीय सहायता के रूप में यह पहल जारी रहेगी।

## मनोज पांडे का सियाचिन ग्लेशियर का दौरा

**श्रीनगर:** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को सियाचिन ग्लेशियर की बर्फ से ढकी हुई सीमाओं का दौरा किया और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। सेना प्रमुख ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सेना के बहादुरों के सम्मान में सियाचिन युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। उन्होंने सियाचिन ग्लेशियर में सैनिकों के साथ बातचीत के दौरान सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दृढ़ता के लिए उनकी सराहना की और उन्हें उसी उत्साह और प्रेरणा के साथ काम करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सियाचिन ग्लेशियर हिमालय में पूर्वी काराकोरम रेंज में स्थित है और काराकोरम के पांच सबसे बड़े ग्लेशियरों में से एक है। यह समुद्र तल से 18,000 फीट की औसत ऊंचाई पर स्थित है।

## फिलीपींस में नाव पलटने से 21 लोगों की मौत

**मनीला:** फिलीपींस की राजधानी मनीला के पूर्व में रिजाल प्रांत की एक झील में गुरुवार को एक नौका पलटने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। फिलीपीन तटरक्षक (पीसीजी) और पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। पीसीजी के प्रवक्ता रियर एडमिरल अरमांडो बालिलो ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में बताया कि स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब एक बजे हुई दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना बिननगोनन शहर से लगभग 45 मीटर दूर हुई। प्रारंभ में पीसीजी ने कहा कि दुर्घटना से 30 की मृत्यु हो गई। बाद में श्री बालिलो ने आंकड़े को सही किया। पीसीजी ने कहा कि नाव बिननगोनन शहर से फिलीपींस की सबसे बड़ी झील लगुना डे बे में तालीम द्वीप की ओर जा रही थी जब यह दुर्घटना हुई। पीसीजी ने कहा कि तेज हवाओं ने मोटरबोट को टक्कर मार दी जिससे नाव पर सवार लोगों में दहशत फैल गई। पीसीजी ने कहा,वे नाव के दूसरी ओर चले गए, जिससे वह पलट गई। रिजल प्रांतीय पुलिस ने पुष्टि की कि 21 लोगों की डूबने से मौत हो गई जबकि 40 अन्य दुर्घटना में बच गए। पीसीजी ने बचावकर्मियों की ओर से शव को पानी से निकालते हुए एक वीडियो पोस्ट किया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**मॉनसून सत्र** मोदी के बयान पर विपक्षी सांसदों का अनोखा प्रदर्शन

# काला पोशाक पहन संसद में मणिपुर की मांग उठायी

- अविश्वास प्रस्ताव पर अध्यक्ष ने नहीं लिया फैसला
- सादे कपड़े में आने वालों के बांह पर काली पट्टी
- मणिपुर को छोड़ हर विषय पर भाषण दे रहे मोदी



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** विपक्ष ने आज संसद में काले पोशाक के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। वे लगातार मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग कर रहे हैं। मणिपुर घटना पर एकजुट होकर विरोध में इंडिया ने मॉनसून सत्र के छठे दिन संसद में अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। मणिपुर की घटना के विरोध में यह सभी सदस्य काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता अधीर चौधरी, तृणमूल के दोनों सदनों के नेता डेरेक ओ ब्रायन और सुदीप बनर्जी ने गुरुवार को यह प्रतीकात्मक विरोध जताया। द्रमुक के टीआर बालू जैसे कुछ विपक्षी सांसद सादे कपड़ों में आये लेकिन उन्होंने विरोध जताने के लिए बांह पर काली पट्टियां पहनीं। सत्र शुरू होने से पहले उन्होंने गांधी प्रतिमा के नीचे खड़े होकर विरोध भी जताया. मणिपुर घटना पर प्रधानमंत्री के बयान की मांग करते

» पेज 2 भी देखें

### दो विधेयक पारित किये गये

लोकसभा में मणिपुर के मामले में विपक्ष के हंगामे एवं शोरशराबे के बीच दो महत्वपूर्ण विधेयक -जनविश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2023 तथा निरसन एवं संशोधन विधेयक 2022 को आज पारित कर दिया गया। नारेबाजी एवं हंगामा नहीं रुका तो उसी बीच श्री गोयल ने विधेयक पेश किया जिस पर संक्षिप्त चर्चा हुई। इसके बाद जनविश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया गया। कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने एक और विधेयक पेश किया और कहा कि यह विधेयक भी कारोबारी सुगमता एवं जीवन की सुगमता के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें पहले 65 कानूनों को निरस्त करने का प्रावधान था लेकिन अब इसमें 11 कानून और जोड़ गये हैं। इस प्रकार से 76 कानूनों को निरस्त किया जा रहा है जो औपनिवेशिक काल के हैं। इसे भी ध्वनिमत से पारित कराया।

### विपक्ष का राज्यसभा से लगातार चौथे दिन बहिर्गमन

नयी दिल्ली: मणिपुर की स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य की मांग कर रहे समूचे विपक्ष ने गुरूवार को लगातार चौथे दिन राज्यसभा से बहिर्गमन किया। उपसभापति हरिवंश ने दो बार के स्थगन के बाद भोजनावकाश उपरांत जैसे ही सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 पर चर्चा के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम पुकारा समूचे विपक्ष के सदस्य अपनी जगहों पर खड़े होकर मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की मांग करने लगे। श्री ठाकुर ने शोर शराबे के बीच ही विधेयक पर संक्षिप्त टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सिनेमैटोग्राफ एक्ट, 1952 में संशोधन के लिए लाया गया है। इस बीच विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुछ कहना चाहा लेकिन उपसभापति ने कहा कि वह केवल विधेयक पर ही अपनी बात रख सकते हैं। श्री खड़गे ने कहा कि वह विधेयक के साथ साथ मणिपुर पर भी बोलना चाहते हैं। उनके इतना कहते ही सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जोर जोर से नारेबाजी शुरू कर दी। उधर विपक्ष के सदस्य भी नारे लगा रहे थे। इसके बाद समूचे विपक्ष के सदस्य जोर जोर से बोलते हुए सदन से बहिर्गमन कर गये।

फेसबुक पर एक बयान में, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पार्क और वन्यजीव सेवा ने कहा कि

## ऑस्ट्रेलिया के तट पर पचास से अधिक ह्वेलों की मौत



**राष्ट्रीय खबर**

**चीनेस बिच:** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में दर्जनों व्हेल बड़े पैमाने पर फंसकर मर गईं हैं। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर फंसे होने की घटना में 50 से अधिक व्हेलों की मौत हो गई है, क्योंकि अधिकारी और स्वयंसेवक उथले पानी में फंसे दर्जनों अन्य लोगों को बचाने के लिए दौड़ रहे हैं। फेसबुक पर एक बयान में, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पार्क और वन्यजीव सेवा ने कहा कि राज्य के दक्षिणी तट के पास मंगलवार सुबह लंबे पंख वाले पायलट व्हेल का एक बड़ा झुंड देखा गया। एजेंसी ने कहा, दुख की बात है कि चीनेस बीच पर बड़े पैमाने पर फंसे रहने के कारण रात भर में 51 व्हेलों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और सैकड़ों स्वयंसेवक 46 अन्य व्हेलों को गहरे पानी में धकेलकर उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे थे। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में दर्जनों व्हेल दिखाई दे रही हैं - कुछ बगल में लेटी हुई हैं, अन्य अपनी पीठ पर, उथले पानी में अपनी पूंछ फड़फड़ा रही हैं। एक अन्य वीडियो में व्हेलों को एक साथ घूमते हुए, स्थिर रहते हुए दिखाया गया है। वन्यजीव अधिकारियों ने जनता से बड़े, संकटग्रस्त और संभावित रूप से बीमार व्हेल, शार्क, लहरें, भारी मशीनरी और जहाजों के खिलाफ चेतावनी देते हुए समुद्र तट से दूर रहने का आग्रह किया है। लंबे पंखों वाली पायलट व्हेल, जो 25 फीट (7.6 मीटर) तक लंबी हो सकती हैं, उनकी पहचान उनके काले रंग और बल्बनुमा माथे से की जाती है। वे दक्षिणी गोलार्ध और उत्तरी अटलांटिक महासागर के पानी में पाए जा सकते हैं। वन्यजीव शोधकर्ता वैनेसा पिरोट्टा ने कहा कि यह अज्ञात है कि पायलट व्हेल क्यों फंसे हुए थे, लेकिन उन्होंने कहा कि पॉड ने उनके समुद्र तट से पहले एक साथ घूमने के दुर्लभ व्यवहार को प्रदर्शित किया।

ऐसा हो सकता है कि वे किलर व्हेल जैसे किसी शिकारी से बचने की कोशिश कर रहे हों। पायलट व्हेल ह्वबहुत सामाजिक और दूसरों के साथ मजबूत बंधन के साथ गतिशील हैं। उन्होंने कहा, जिसका अर्थ है कि अगर वे अपने समूह के एक भटके हुए सदस्य का पीछा करते हैं तो वे खो सकते हैं। पिरोट्टा ने कहा,

» पेज 2 भी देखें

**मणिपुर हिंसा** आधी रात को एसयूवी गाड़ी में बम फटने से तीन घायल

# कांगवई बम फेंका, दो की मौत, पांच घायल

- गोलीबारी में महिला पुलिसकर्मी की मौत
- मिजोरम के सीएम की निंदा जारी
- कई स्थानों पर जोरमथंगा का फूंका



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में लगातार हिंसा जारी है । मणिपुर में 27 जुलाई को तड़के उपद्रवियों द्वारा किए गए बम हमले में पांच लोगों के घायल होने और दो लोगों के मारे जाने की खबर के बाद राज्य में हिंसा की एक नई लहर दौड़ गई।हिंसाग्रस्त मणिपुर के भारत-म्यांमार सीमावर्ती शहर मोरेह में बुधवार को ताजा हिंसा भड़क उठी। मोरेह में उपद्रवियों और सुरक्षाबलों में भीषण गोलीबारी की खबर है। इसमें एक महिला पुलिसकर्मी की मौत हो गई। इस बीच, कुकी और मैतेई समुदायों के बीच फिर से झड़पें हुई हैं। सूत्रों के अनुसार, चुराचांदपुर जिले के तहत कांगवई में 27 जुलाई को सुबह लगभग 4 बजे एक और गोलीबारी हुई, जिसमें बदमाशों ने बम गोलाबारी और गोलीबारी की, जिसमें कुकी-जो गांव के तीन स्वयंसेवक घायल हो गए और एक की मौत हो गई। घायलों की पहचान एस मोलहोई गांव के जंगखोलेन हाओलोप (28), जंगनोम्फाई गांव के कममिनलाल (32), एस बोलकोट गांव के तंजाहाओ (34) और एस बोलकोट गांव के लुनमिनथांग (30) के रूप में हुई है।

अब मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा में बुधवार (26

» पेज 2 भी देखें

भाषण हटाने के विरोध में गहलोत ने ट्विट कर स्वागत किया

## परियोजनाओं का प्रारंभ करने राजस्थान पहुंचे नरेंद्र मोदी



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान दौरे पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ट्वीट कर स्वागत किया है। श्री गहलोत ने अपने ट्वीट में कहा आज आप राजस्थान पधार रहे हैं। आपके कार्यालय पीएमओ ने मेरा पूर्व निर्धारित तीन मिनट का संबोधन कार्यक्रम से हटा दिया है इसलिए मैं आपका भाषण के माध्यम से स्वागत नहीं कर सकूंगा अतः मैं इस ट्वीट के माध्यम से आपका राजस्थान में तहेदिल से स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा आज हो रहे 12 मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण और शिलान्यास राजस्थान सरकार व केन्द्र की भागीदारी का परिणाम है। इन मेडिकल कॉलेजों की परियोजना लागत 3,689 करोड़ रुपये है जिसमें 2,213 करोड़ केन्द्र का और 1,476 करोड़ राज्य सरकार का अंशदान है। मैं राज्य सरकार की ओर से भी सभी को बधाई देता हूं। मैं इस कार्यक्रम में अपने भाषण के माध्यम से जो मांग रखता वो इस ट्वीट के माध्यम से रख रहा हूं। आशा करता हूं 6 महीने में की जा रही इस सातवीं यात्रा के दौरान आप इन्हें पूरी करेंगे। राजस्थान खासकर शेखावटी के युवाओं की मांग पर अग्निवीर स्कीम को वापस लेकर सेना में परमानेंट भर्ती पूर्ववत जारी रखी जाए। राज्य सरकार ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी को-ऑपरेटिव बैंकों से 21 लाख किसानों के 15,000 करोड़ रुपये के कर्जमाफ किए हैं। हमने केन्द्र सरकार को राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्जमाफ करने के लिए वन टाइम सैटलमेंट का प्रस्ताव भेजा है जिसमें किसानों का हिस्सा हम देंगे। इस मांग को पूरा किया जाए।

आधुनिक विज्ञान ने एक प्राचीन पर चर्चित इतिहास का पता लगाया

# लेजर मैपिंग से खोयी माया सभ्यता को नापा गया

- इस सभ्यता पर काफी समय से चर्चा हुई है
- कई चर्चित फिल्में भी इस सभ्यता पर बनी
- अब इलाके की गहन परीक्षण की बारी आयी



**राष्ट्रीय खबर**

**मैक्सिको:** लेजर मैपिंग के जरिए घने जंगलों के बीच उस शहर को खोजा गया है, जिसके बारे में पौराणिक काल से ही चर्चा होती आयी है। इस भूली हुई नगरी का नाम माया है। काफी समय से इस शहर के अस्तित्व पर न केवल चर्चा थी बल्कि कई रोचक फिल्में भी इस पर बनायी गयी है। मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप पर कैम्पेचे के जंगलों के ऊपर तीन चार घंटे की उड़ानों ने नीचे जमीन पर एक छिपे हुए शहर को उजागर किया है। यह खोया हुआ शहर संभवतः 1,000 साल से अधिक पहले छोड़ दिया गया था। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर जुआन कार्लोस फर्नांडीज-डियाज के लिए यह सब एक दिन का काम था, जिन्होंने मार्च में क्षेत्र के हवाई पुरातात्विक सर्वेक्षण के दौरान शहर को देखा था।

पिछले एक दशक से, वह लिडार लेजर से इसका पता लगाने और रेंजिंग उपकरणों के पुरातात्विक अनुप्रयोग में अग्रणी रहे हैं। इस तरनीक से घने पेड़ों की छतरियों और अन्य वनस्पतियों द्वारा अस्पष्ट संरचनाओं को ढूंढ सकते हैं।

पुरातत्वविदों ने बाद में मई और जून में छह सप्ताह तक उस साइट का सर्वेक्षण किया, जिसे उन्होंने ओकोमटुन नाम दिया है और पिरामिड, मिट्टी के बर्तनों और नक्काशी से मिलती-जुलती 50 फुट ऊंची (15.2 मीटर लंबी)

» पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** समुद्री खरपतवारों की सहनशीलता पर जारी है अनुसंधान

# पानी से कॉर्बन डॉईऑक्साइड हटाने की कवायद

- प्रारंभिक परीक्षण में बेहतर परिणाम मिले हैं
- लागू करने के पहले सब कुछ जांचना जरूरी
- सफल रहा तो बहुत बड़ी समस्या हल हो जाएगी



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** जलवायु परिवर्तन से अब सामान्य समझ वाला इंसान भी इंकार नहीं कर सकता। दुनिया में हर स्थान पर अजीब अजीब किस्म की घटनाएं हो रही हैं, जिनका रिश्ता इसी जलवायु परिवर्तन से जुड़ा है। इसलिए अब पर्यावरण को पूरी तरह ध्वस्त होने से बचाने के लिए धरती से कॉर्बन डॉईऑक्साइड की मात्रा कम करने पर युद्धस्तरीय काम चल रहा है। इसी क्रम में समुद्र के पानी में मौजूद सीओ 2 को हटाने की एक विधि विकसित हुई है। इस विधि को अमल में लाने के पहले वैज्ञानिक यह जांच लेना चाहते हैं कि इससे समुद्री जीवन और वहां के खरपतवारों पर कोई खतरा तो उत्पन्न नहीं होगा। दरअसल यह जांच इसलिए जरूरी है क्योंकि जीवाश्म ईंधन से लेकर एआई तक,

» पेज 2 भी देखें

### गेटली के सलाहकार प्रोफेसर डेबोरा इग्लेसियस-रोड्रिग्ज ने कहा,

पारिस्थितिकी, विकास और समुद्री जीव विज्ञान विभाग में गेटली के सलाहकार प्रोफेसर डेबोरा इग्लेसियस-रोड्रिग्ज ने कहा, वे जैविक कार्बन पंप में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं, जो मूल रूप से महासागरों द्वारा लाखों वर्षों से वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को कैद करने का तरीका है। ये प्लवक एक्सोस्केलेटन का भी निर्माण करते हैं, जिसका अर्थ है कि वे जीवमंडल के चारों ओर भारी मात्रा में कैल्शियम, सिलिका और काबोर्नेट ले जाते हैं। फाइटोप्लांकटन फूल छोटी मछलियों आदि को खिलाते हैं। फूल खिलने के बाद, मृत कोशिकाएं समुद्र तल पर गिरती हैं, जिससे काबोर्नेट या सिलिका युक्त तलछट बनती है। समय के साथ, यह तलछट वातावरण से कार्बन को सोख लेती है जिसे जीवों ने प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ग्रहण किया था। टीम ने सांता बारबरा चैनल से एकत्र किए गए पानी में पोषक तत्व और क्षारीयता शामिल की। आमतौर पर, ओलिविन और विभिन्न काबोर्नेट जैसे खनिज भूगर्भिक समय पर क्षारीयता प्रदान करते हैं, लेकिन गेटली और उनके सह-लेखकों ने इस प्रक्रिया की नकल अन्य यौगिकों के साथ की जो घुल जाते हैं और अधिक तेजी से प्रतिक्रिया करते हैं।

## नाइजर में तख्तापलट के बीच राष्ट्रपति को बंधक बनाने की सूचना

**राष्ट्रीय खबर**

**नियामी:** नाइजर में तख्तापलट का प्रयास चल रहा है। क्षेत्रीय नेताओं का कहना है कि बगावत करने वाले राष्ट्रपति के सैनिकों ने राष्ट्रपति को बंधक बना रखा है। राजधानी नियामी में राष्ट्रपति भवन के आसपास का क्षेत्र, जहां कथित तौर पर राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को रखा जा रहा है, वर्तमान में एक भूतिया शहर जैसा है। पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पश्चिमी अफ्रीकी देश में बल द्वारा सत्ता पर कब्जा करने का प्रयास किया गया है। इकोवास बलपूर्वक सत्ता पर



कब्जा करने के प्रयास की कड़े शब्दों में निंदा करता है और तख्तापलट के साजिशकर्ताओं से गणतंत्र के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को तुरंत और बिना किसी शर्त के मुक्त करने का आह्वान करता है। एक स्थानीय पत्रकार के अनुसार, नाइजर के राष्ट्रपति परिसर को बुधवार को सील कर

» पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## हत्या की जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज से कराए सरकार: राजेन्द्र

रांची: मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने समाज सेवी व जमीन कारोबारी सुभाष मुंडा की हत्या किए जाने की घटना की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। प्रसाद ने कहा कि हत्या की जांच सरकार हाईकोर्ट के किसी सेवानिवृत्त न्यायधीश से कराए। प्रसाद ने कहा आए दिन देखने को मिल रहा है कि जो समाज सेवी झारखण्ड के लिए अच्छी सोच रखते हैं उनकी साजिश के तहत हत्या हो रही है। व्यवसाय से जुड़े लोगों का भी यही हाल है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि अपराधियों का एनकाउंटर पुलिस करें, इसके लिए सरकार को पुलिस को खुला छूट देना चाहिए।

मॉब लिंचिंग

### विधिवत विधानसभा के पटल रखने हेतु सरकार कर रही कार्य

# खतियान स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण और मॉब लिंचिंग विधेयक पुनः लाएगी सरकार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखण्ड के तत्कालीन राज्यपाल द्वारा स्थानीय व्यक्तियों की झारखण्ड परिभाषा और ऐसे स्थानीय व्यक्तियों को परिणामी, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभ प्रदान करने के लिए विधेयक, 2022, भीड़ हिंसा और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक, 2021 एवं पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा 27 प्रतिशत करने संबंधी विधेयक को वापस करने के बाद राज्य सरकार पुनः इस विषय की गंभीरता को देखते हुए विधेयक को विधानसभा के पटल पर रखने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके लिए राज्यपाल सचिवालय द्वारा लौटाये गये उक्त विधेयक को भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 एवं झारखण्ड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम98 (1) के तहत राज्यपाल के संदेश के साथ राज्य सरकार एवं विधानसभा को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध राज्यपाल सचिवालय से किया है।

विधान सभा से पारित किसी भी विधेयक पर राज्यपाल की सहमति हेतु राज्य सरकार द्वारा राज्यपाल सचिवालय को भेजा जाता है। विधेयक पर राज्यपाल की सहमति या असहमति होने पर राज्यपाल द्वारा उक्त विधेयक को लेकर एक संदेश भी संलग्न रहता है, लेकिन वापस किए गए उपरोक्त विधेयक में राज्यपाल सचिवालय द्वारा संदेश संलग्न नहीं किया गया है। राज्य सरकार इन विधेयकों को विधिवत पुनः विधान सभा में लाने हेतु कार्य कर रही है। अतः राज्यपाल सचिवालय से उक्त संदेश को उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। ताकि सरकार पूरी मजबूती के साथ जनहित के इन विधेयकों को पुनः विधानसभा के पटल पर उपस्थापित कर सके।

## सीपीआईएम के युवा नेता सुभाष मुंडा की हत्या पर भाकपा ने की निंदा




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीपीआईएम के युवा नेता सुभाष मुंडा की बुधवार देर रात दलादली चौक में उनके औफिस में हत्या कर दी गई। जिसपर भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने निंदा की है। पाठक ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था चौपट हो चुकी है राज्य में रोज ब रोज हत्या बलात्कार की घटनाएं घट रही है। राज्य में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। राज्य के जनप्रतिनिधि ,नेतृत्व करने वाले और पुलिस वाले भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।राज्य में कोयला, लोहा, बॉक्साइट, बालू जमीन माफियाओं के द्वारा घटना का अंजाम दिया जा रहा है। रांची की राजधानी में जमीन माफिया हावी है। राजधानी में आईएएस आईपीएस से लेकर थानेदार तक जमीन के कारोबार में सनलिप्त हैं। जिसका उदाहरण रांची के उपायुक्त छवि रंजन है। जो जेल के सलाखों में है। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि राज्य की आम जनता सुरक्षित नहीं है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से अपील करती है कि राज्य की विधि व्यवस्था में सुधार लाया जाए।उन्होंने कहा कि झारखंड के राजधानी में जिस प्रकार से सुभाष मुंडा की हत्या की गई, वह राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। राजधानी रांची में आम व्यक्ति की सुरक्षा तो छोड़ दीजिए, नेता ,पुलिस और अधिकारी भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड अपराधियों के लिए गढ़ बनता जा रहा है। झारखंड में आए दिन बलात्कार, लूट और हत्या जैसी वारदातें लगातार घट रही है। मंत्री हेमंत सोरेन ने लॉयन ऑर्डर लेकर पुलिस अधिकारियों से बैठक भी की लेकिन रिजल्ट सुभाष मुंडा के रूप में हम सब कोई देख रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए और प्रयास किया जाना चाहिए।

## तत्काल 27% आरक्षण की व्यवस्था लागू करे: महेश्वर

रांची: झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी महेश्वर साहु ने कहा है कि झारखंड में पिछड़ों के साथ भेदभाव और उपेक्षा विगत 22 वर्षों से की जा रही है। संयुक्त बिहार में तमाम पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण का लाभ दिया जाता था। झारखंड के लोगों ने सोचा था कि अलग राज्य बनने के बाद उनकी सुविधा एवं संसाधन में बढ़ोत्तरी की जायेगी। लेकिन अफसोस की बात है कि उनके बाल-बच्चों के भविष्य के साथ ही खिलवाड़ कर दिया गया। पिछड़ों के 27% आरक्षण कोटा को घटा कर मात्र 14% कर दिया गया है। यह पिछड़ों के साथ घोर अन्याय और बाबा भीमराव अम्बेदकर के संविधान की अवहेलना है। यह सामाजिक न्याय की भावनाओं के भी विपरीत है। इससे ओबीसी छात्रों एवं नौकरी के अभ्यर्थियों को भारी नुकसान पहुंचा है। श्री साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा कई वर्षों से मांग करती आ रही है कि सरकार अपने वायदे के अनुसार पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण की व्यवस्था लागू कर दे। अब चूंकि कल 28 जुलाई से विधानसभा का मॉनसून सत्र आहूत है तो मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन एवं महागठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि इसी सत्र में ही संवैधानिक अड़चनों को दूर करके ओबीसी को 27% आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित कराया जाए।

### वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023

## आदिवासियों एवं ग्राम सभा के अधिकारों को कुचलनेवाला: शिल्पी नेहा तिर्की



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक 2023, के रूप में एक और आदिवासी विरोधी कानून सामने है जिसका आदिवासियों-मूलवासियों के जीवन और उनकी संस्कृति को बहुत अधिक नुकसान होगा। मांडर विधायक ने कहा नये अधिनियम के तहत वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में कुछ परिवर्तन किये गये हैं और इसे जिस स्वरुप में सामने लाया गया है, उसके तहत अब किसी प्रोजेक्ट को ग्राम सभा से अनुमोदन या अनुमति की जरूरत ही नहीं है। इससे एक ओर आदिवासियों के हित कुचले जायेंगे वहीं दूसरी ओर ग्राम सभा का स्वाभाविक अधिकार भी बाधित होगा। यह आदिवासियों-मूलवासियों के अधिकार का हनन है। यह चिन्ता की बात है।श्रीमती तिर्की ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन के पश्चात आदिवासियों एवं मूलवासियों के वन अधिकारों का व्यापक स्तर पर उल्लंघन होगा। श्रीमती तिर्की ने कहा कि इन परिवर्तनों का औपचारिक उद्देश्य चाहे कुछ भी हो पर इससे न केवल आदिवासी बल्कि ग्राम सभा के अधिकारों को भी सीमित किया गया है और अब बिना उनकी अनुमति के किसी भी प्रोजेक्ट को स्वीकृति दिया जा सकता है।

## काला बिल्ला लगाकर व्यापक विरोध दर्ज करेंगे: आलोक दूबे

रांची :प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने आज संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कल 28 जुलाई को झारखंड के गैर मान्यता प्राप्त 40 हजार निजी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक,कर्मचारी राज्य सरकार के निर्णय के खिलाफ पूरे राज्य में काला बिल्ला लगाकर व्यापक विरोध दर्ज करेंगे। शिक्षा सचिव पूरे राज्य में निजी विद्यालयों को डरा धमका रहे हैं, प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी निजी विद्यालय संचालकों को बुलाकर कठिन शर्तों के मुताबिक मान्यता नहीं होने पर विधालय बन्द करने की धमकी दे रहे हैं।जहां तक मान्यता के लिए आवेदन देने की बात है निजी विद्यालयों ने सभी गाइडलाइन का पालन करते हुए 2009 के आरटीई कानून के मातहत मान्यता के लिए आवेदन पहले ही दिया जा चुका है लेकिन वर्तमान शिक्षा सचिव बार-बार 2019 के संशोधित कानून के तहत मान्यता नहीं लेने पर विद्यालय बंद करने की धमकी दे रहे हैं। शिक्षा सचिव के तुगलकी फरमान को राज्य के निजी विद्यालय मानने से इनकार करते हैं। पासवा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से इस पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा निजी विद्यालयों की राज्य में आवश्यकता है या नहीं यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए और अगर नहीं है तो अधिसूचना जारी हो जाए कि निजी विद्यालय हमेशा के लिए बन्द किए जाते हैं।

## सुभाष मुंडा की हत्या सरकार के लिये कलंक : नायक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कामरेड सुभाष मुंडा की हत्या होना आदिवासी के नाम पर बनी हेमंत सरकार के माथे पर कलंक है अगर 72 घन्टे के अन्दर हत्यारो की गिरफ्तारी नही हुई तो झारखंड बंद का आवाह्न किया जायेगा। उक्त बातें झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सीपीआईएम नेता कॉमरेड सुभाष मुंडा की हत्या किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही। उन्होंने यह भी कहा जबसे राज निर्माण हुआ है चाहे किसी की भी सरकार हो आदिवासी पर जुल्म ढाए गए हैं उनकी हत्या की गई है जमीन लूटी गई है अत्याचार की घटनाएं बढ़ी है जो आक्रोश का विषय है श्री नायक ने आगे का झारखंड बचाओ मोर्चा इस हत्याकांड के कड़े शब्दों में भर्त्सना करती है और राज्य सरकार से मांग करती है कि वह आदिवासियों को जान-माल की रक्षा करने के प्रति उनके जमीनों की सुरक्षा करने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाए अन्यथा उलगुलान किया जाएगा और हेमंत सोरेन सरकार को 2024 के चुनाव में उखाड़ फेंका जाएगा। इन्होंने यह भी कहा राज्य में विधि व्यवस्था एक दम फेल हो चुकी है। अपराधीयो, चेन स्नेकरो,लुटेरों,रंगदारो, भाड़े के हत्यारों का मनोबल में काफी वृध्दि हुई है लगता ही नही की झारखंड में कानून का राज चल रहा है।पुलिस सिर्फ वसूली के कार्य में लिप्त है और भू माफियाओं को संरक्षण देकर जमीन की दलाली करने में मशगूल है आज सभी थाना भू माफिया के चपेट में है सभी थाना प्रभारी आज उनके एहसानों से दबे हुए हैं जिस कारण आज प्रायः देखने को मिल रहा है कि हमारे दलित आदिवासी मूलवासी समाज को जिनकी जमीन छीनी जा रही है जबरदस्ती उनको न्याय शासन प्रशासन की ओर से नहीं मिल पा रहा जो बहुत ही दुखद विषय है। श्री नायक ने साफ शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शों के बावजूद विधि व्यवस्था का चौपट हो ना इस बात को दशार्ता है झारखंड में अब मुख्यमंत्री की भी नहीं चल रही स्थिति इतनी भयावह है कि अपराधी आप सीएससी तक को भी गोली मारने का काम कर ले तो आम जनता कैसे सुरक्षित होगी इस सरकार में यह सोचने का विषय है जब पुलिस से सुरक्षित नहीं तो जनता कैसे सुरक्षित होगी इसका जवाब माननीय मुख्यमंत्री को देना चाहिए कामरेड सुभाष मुण्डा के परिवार को 50 लाख मुआवजा एवं एक आश्रित परिवार को नौकरी दिया जाना चाहिए नही तो झारखंड बचाओ मोर्चा आन्दोलन करने का काम करेगी।

## आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल डॉ उरांव से की मुलाकात

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सहारा इंडिया जमाकताओं एवं निवेशकों ने कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से उनके बरियातू आवास पर मुलाकात किया। सहारा इंडिया विश्व भारती जन सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि देश में झारखण्ड से सबसे ज्यादा डेढ़ करोड़ लोग जिसमें गरीब, साधारण मध्यम वर्गीय परिवार के जीवन की गाढ़ी कमाई सहारा में जमा है और उनका पैसा नहीं मिल रहा है। दिल्ली उच्चतम न्यायालय के मना करने के बाद भी झारखंड के अधिकारियों ने भोले-भाले जमाकर्ता को बरगला कर सहारि द्वारा बाजार से पैसे की उगाही की गई,सहारा से भुगतान नहीं होने के कारण हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, जमाकर्ता एवं निवेशकों ने आत्महत्या करने पर मजबूर हुए।इतना ही नहीं सहारा श्री के जेल जाने के बाद सहारा इंडिया में देश में पैसा जमा करने पर रोक लगी हुई है , लेकिन सिर्फ झारखण्ड में अभी भी उगाही बदस्तूर जारी है,ठगी का कारोबार जारी है, गरीबों का पैसा लूटा जा रहा है। रांची जमाकताओं द्वारा रांची के विभिन्न थानों में प्राथमिकी भी दर्ज कराया गया है लेकिन राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

आग्रह

### सांसद ने किया केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से मुलाकात

# संजय सेठ ने नितिन गडकरी से रातू रोड में निमार्णाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर का नाम अटल एलिवेटेड कॉरिडोर रखने का किया आग्रह

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** नई दिल्ली में सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र में एनएचएआई के द्वारा संचालित परियोजनाओं की जानकारी दी। कई विषयों पर चर्चा भी की। मंत्री को रांची के रातू रोड में निमार्णाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर की गति प्रगति से अवगत कराया। साथ ही इसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर करने से संबंधित आग्रह पत्र भी सौंपा।सांसद ने अपने पत्र के जरिये बताया कि रांची के अति व्यस्ततम रातू रोड में 533 करोड़ रुपए की लागत से एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिली है। इस एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अब तक 25% कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कॉरिडोर अब धीरे-धीरे अपना आकार ले रहा है। सांसद ने मंत्री को बताया कि ट्रैफिक जाम की समस्या से विगत कई दशक से लोग जूझ रहे थे, उस समस्या का समाधान भी इस कॉरिडोर के निर्माण से हो जाएगा। यह कॉरिडोर राजधानीवासियों के लिए लाइफलाइन सिद्ध होने वाला है।सांसद श्री सेठ ने मंत्री से कहा कि इस कॉरिडोर को लेकर इस क्षेत्र की जनता का सुझाव है कि इसका नामकरण भारत में सड़कों के चतुर्दिक विकास की नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर किया जाए। श्री सेठ ने इसका नाम ह्रअटल एलिवेटेड कॉरिडोरह्न रखने का सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने इस सुझाव को स्वीकार किया है। इस पर यथाशीघ्र सकारात्मक पहल करने की बात कही है।

## पेज एक का शेष

### काला पोशाक पहन संसद .. ..

हुए नारे लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले तीन महीनों से भाजपा शासित पूर्वोत्तर राज्य में महिलाओं के साथ जारी हिंसा और दुर्व्यवहार पर अभी तक संसद में बयान नहीं दिया है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को कहा, ह्यहम काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का ध्यान मणिपुर की गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। गुरुवार को विपक्षी खेमा ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अभी तक अविश्वास पर बहस की तारीख की घोषणा नहीं की है। लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति द्वारा सौंपे गए दो नोटिसों को स्वीकार करने के बाद, प्रधान मंत्री को मौजूदा सत्र में ही संसद के निचले सदन में शक्ति परीक्षण का सामना करना पड़ेगा। तृणमूल सांसद डोला सेन ने गुरुवार को कहा, प्रधानमंत्री दुनिया के सभी मुद्दों पर खुल कर बात करते हैं। वह अमेरिका से लेकर फ्रांस तक का दौरा कर आते हैं। देश दुनिया के हर विषय पर बोलने के लिए मोदी उपलब्ध हैं केवल मणिपुर के बारे में चुप हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के तट पर पचास.. ..

पायलट व्हेल जैसी दांत वाली व्हेल जो नेविगेट करने के लिए सोनार का उपयोग करती हैं, उनके बिना दांत वाले समकक्षों की तुलना में फंसने का खतरा अधिक होता है। पायलट व्हेल का फँसना दुनिया भर में आम बात है। पिछले सितंबर में, ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया के तट पर लगभग 200 ह्वेल समुद्र तट पर पहुँच गए थे। उस संख्या में से, केवल 35 बच गए और उन्हें वापस गहरे समुद्र में भेजा गया। तस्मानिया में 2020 में हुई एर घटना में एक साथ 450 से अधिक पायलट व्हेल मरे पाये गये थे।

### कांगवई बम फेंका, दो .. ..

जुलाई) आधी रात को एक पुलिया के पास खड़ी एसयूवी गाड़ी में बम धमाका होने से तीन नागरिक घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक असम पुलिस, मोरेह पुलिस, सीडीओ और बीएसएफ की एक संयुक्त टीम कुकी आतंकवादियों के साथ भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें म्यांमार के केएनए और पीडीएफ शामिल हैं। इस भीषण गोलीबारी में एक महिला पुलिकर्मी की मौत होने की खबर है। अभी तक उनके नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

दूसरी ओर, मणिपुर के मोरेह में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच ताजा झड़पें भी सामने आईं। दोनों समुदायों के बीच पथराव होने की खबर है। उपद्रवियों ने मोरेह में भी कई घरों और दुकानों में आग लगा दी। मणिपुर के इंफाल पश्चिम के गांव फौबाकचाओ इथाई अवांग लीकाई में घर को निशाना बनाकर किए गए बम हमले में एक युवक के घायल होने की खबर है। घायल युवक की पहचान लोंगजाम नाओचा के रूप में हुआ है। घायल को इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मणिपुर के वर्तमान संकट के संबंध में मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरामथंगा के कथित भड़काऊ बयान की निंदा अभी भी मणिपुर के विभिन्न स्थानों से हो रही है। आज इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व के कुछ हिस्सों में प्रदर्शनकारियों ने जोरमथंगा का पुतला जलाकर और विभिन्न नारे लगाकर उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, एक बहुत ही अप्रत्याशित तरीके से, मणिपुर पुलिस द्वारा 27 जुलाई को कांगला किले के पश्चिमी द्वार पर एकत्र प्रदर्शनकारियों के हाथ से जोरमथंगा का पुतला छीन लिया गया था।

### लेजर मैपिंग से खोयी माया .. ..

संरचनाएं पाईं, जिनके बारे में उनका मानना है कि ये 600 और 900 ईस्वी के बीच की हैं, जिन्हें माया सभ्यता में लेट क्लासिक काल के रूप में जाना जाता है। शोधकर्ता जब लिडार की छवियां देखते हैं, तो देख सकते हैं कि वहां कुछ आश्चर्यजनक है। जबकि लिडार ने संरचनाओं के स्थान का खुलासा किया। स्लोवेनियाई एकेडमी ऑफ साइंसेज एंड आट्र्स के एक शोधकर्ता - पुरातत्वविद् इवान स्प्राजक को अभी भी एक बड़ी बाधा का सामना करना पड़ा जब वह और उनकी टीम क्षेत्र का सर्वेक्षण करने गए। जब टीम वहां पहुंची तो उनलोगों ने देखा कि इमारतें वास्तव में विशाल थीं। माया सभ्यता अपने पिरामिड मंदिरों और प्रभावशाली पत्थर संरचनाओं के लिए जानी जाती है जो दक्षिणी मैक्सिको, ग्वाटेमाला, बेलीज, होंडुरास और अल साल्वाडोर में पाए गए हैं। स्पराजक और उनकी टीम को बड़ी इमारतों और एक बॉल गेम मैदान से युक्त तीन प्लाजा मिले। उन्होंने कहा कि यह शहर उसी काल के अन्य माया शहरों से मिलता-जुलता है, लेकिन इसमें कुछ अनोखी विशेषताएं हैं। सभी संरचनाओं के कई बहुत ही दिलचस्प वास्तुकला परिसर हैं जो लगभग संकेंद्रित वृत्तों में व्यवस्थित हैं। इसलिए हम केवल अनुमान लगा रहे हैं कि यह क्या हो सकता है। देखने पर ऐसा लगता है कि यह प्राचीन काल का बाजार रहा होगा।

### पानी से कॉर्बन डॉईऑक्साइड .. ..

प्लास्टिक से लेकर कीटनाशकों तक, हम अपनी समस्याओं को दूर करने के लिए नवप्रवर्तन करना पसंद करते हैं, लेकिन बाद में पता चलता है कि हमने कुछ अलग समस्याएं पैदा कर ली हैं। कार्बन उत्सर्जन लगातार बढ़ने के साथ, कई वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और नीति-निमार्ताओं ने वायुमंडल से कार्बन को सीधे हटाने के लिए कार्रवाई करने की वकालत की है।

उनका तर्क है कि हमारी भूमि, वायु और समुद्र में विनाशकारी परिवर्तनों से बचने के लिए ये जियोइंजीनियरिंग दृष्टिकोण आवश्यक हैं। यूसी सांता बारबरा के शोधकर्ता ऐसे ही एक प्रस्ताव के प्रभावों का मूल्यांकन कर रहे हैं जिसमें कार्बन पृथक्करण को बढ़ावा देने के लिए समुद्र की क्षारीयता को बढ़ाना शामिल है। साइंस एडवांसेज में प्रकाशित उनके निष्कर्ष बताते हैं कि उपचार के तहत प्लवक अच्छा प्रदर्शन करेगा, एक सकारात्मक परिणाम जो इस आशाजनक प्रस्ताव पर अधिक शोध को प्रोत्साहित करता है।

वास्तव में, यह तंत्र भूगर्भिक कार्बन चक्र का आधार बनता है, जो लंबे समय तक पृथ्वी, वायुमंडल और महासागर के बीच कार्बन का पुनर्चक्रण करता है। गेटली ने कहा, इस प्रक्रिया को होने में आम तौर पर दसियों से सैकड़ों हजारों साल लग जाते हैं। ह्लहमारा उद्देश्य इस प्रक्रिया को तेज करना है। गेटली और उनके सहयोगियों के लिए प्रेरक प्रश्न यह है कि समुद्री जीवन बड़े पैमाने पर समुद्र की क्षारीयता में वृद्धि पर कैसे प्रतिक्रिया देगा? उत्तर पाने के लिए, उन्होंने देखा कि इस उपचार ने प्लवक के दो प्रमुख समूहों को कैसे प्रभावित किया: डायटम और कोकोलिथोफोरस। दोनों समूह महत्वपूर्ण प्राथमिक उत्पादक हैं, जो सूर्य के प्रकाश को भोजन में बदलते हैं और महासागर की खाद्य श्रृंखला के आधार के रूप में कार्य करते हैं।

### नाइजर में तख्तापलट के बीच .. ..

दिया गया। उन्होंने कहा कि सेना के लोग भारी हथियारों से लैस होकर बुधवार सुबह राष्ट्रपति भवन के बाहर इकट्ठा होने लगे। पत्रकार ने बाद में दिन में महल परिसर के बाहर राष्ट्रपति गार्ड के लगभग बीस सदस्यों को देखा। राष्ट्रपति पद के सोशल मीडिया चैनलों पर एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम अच्छा कर रहे हैं। गणतंत्र के राष्ट्रपति और उनका परिवार अच्छा कर रहे हैं। सेना और नेशनल गार्ड प्रेसिडेंशियल गार्ड के विद्रोही लोगों पर हमला करने के लिए तैयार हैं। बुधवार को रिपोर्ट आयी कि राष्ट्रपति गार्ड बजौम को महल के अंदर पकड़े हुए हैं। बुधवार सुबह से सैन्य वाहनों ने रोक दिया है। पर टिप्पणी के लिए देश के रक्षा मंत्रालय और आंतरिक मंत्रालय से संपर्क में नहीं हैं। दोनों मंत्रालयों की इमारत की सुरक्षा करने वाले नेशनल गार्ड के एक सदस्य ने पत्रकार को बताया कि फिलहाल अंदर कोई अधिकारी नहीं हैं। नाइजर में अमेरिकी दूतावास ने कहा कि उसे राजधानी नियामी के भीतर राजनीतिक अस्थिरता की रिपोर्ट मिली है। दूतावास ने कहा, हम सभी को अनावश्यक गतिविधियों को सीमित करने और अगली सूचना तक रुए डे ला रिपब्लिक के साथ सभी यात्रा से बचने की सलाह देते हैं। राजधानी नियामी के एजेंसी फुटेज में शहर के बाकी हिस्से बंद दिखाई दे रहे हैं।

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में अनुमंडल सभागार में हुई शांति समिति की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** अनुमंडल कार्यालय बगहा में गुरुवार के दिन जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के अध्यक्षता में मुहर्रम के अवसर पर शांति समिति की बैठक की गई । बैठक के दौरान सभी लोगों से शांति पुर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। वही बैठक में उपस्थित बगहा एसपी को जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। क्षेत्र में मुहर्रम पर्व शांति एवम सौहार्द के साथ मनाने की बात कही गई।मुहर्रम के अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों को डीजे बजाने पर प्रतिबंध रखने का सख्त निर्देश दिया गया। जुलुश में लोगों को भाला लाठी तलवार इत्यादि नहीं रखने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान बैठक में जिला उप बिकास आयुक्त, पुलिस अधिक्षक बगहा किरण कुमार गोरख जाधव, अनुमंडल पदाधिकारी बगहा डा. अनुपमा सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा व रामनगर,कार्यपालक पदाधिकारी नगरपरिषद बगहा, सभापति प्रतिनिधि, अंचल अधिकारी बगहा एक व दो, प्रखंड बिकास पदाधिकारी बगहा एक व दो , रामनगर थानाध्यक्ष. बगहा/पटखौली एवम अन्य जनप्रतिनिधियों तथा प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया।

# मोहर्रम को लेकर है तनावपूर्ण माहौल,प्रशासन की है पैनी नजर

## मोहर्रम मेला में आने जाने के लिए रास्ता को लेकर उत्पन्न हैं विवाद

### सरकारी जमीन में लगी करीब तीन हजार पेड़ आने- जाने से हो जाएगा नुकसान

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.च :** गौरतलब हो कि मुस्लिम समुदाय के लोगो का 29 जुलाई को मुहर्रम त्योहार होना हैं। जिसको लेकर प्रशासन भी पूरा एलर्ट मोड में हैं। इसी बीच प्रखण्ड अन्तर्गत उत्तरी मनसिंघा पंचायत के नकरदेई में मोहर्रम मेला में आने जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद छिड़ गई हैं। वर्तमान मुखिया पति नईम खां का कहना है कि जहाँ मोहर्रम मेला लगता है वह सरकारी जमीन है। जिसमे करीब तीन हजार पेड़ मनरेगा योजना के तहत लगाया गया है। जो जबरन आने जाने को लेकर विवाद किया जा रहा है। वही मुखिया पति नईम खां ने इस विवाद को लेकर स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित नही महसूस करने की बात कही है। हो रहे विवाद को लेकर उन्होंने प्रशासन से आग्रह भी किया है कि तुरन्त इस पर प्रशासन और वरीय अधिकारी हस्तक्षेप करें। नही तो उपद्रवियों द्वारा किसी तरह की बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता हैं। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष धनन्जय शर्मा और राजस्व पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नेहा कुमारी ने बताया कि स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए दोनों पक्षों पर निरोधात्मक कारवाई की जा रही हैं। साथ ही उत्पन्न स्थिति के बारे में जिला को अवगत कराया जाएगा।

# जल्द होगी फिल्म विंध्य के राम की शूटिंग : डॉ. अस्थाना

राष्ट्रीय खबर




**पटना/सतना :** रामलीला समिति सतना और डाली बाबा आश्रम के सौजन्य से भव्य फीचर फिल्म विंध्य के राम के निर्माण की घोषणा की है। फिल्म के लेखक मनोज अग्निहोत्री एवं प्रस्तुतकर्ता आश्रम के नौवें आचार्य पीयूष दासजी महाराज ने संयुक्त रूप से बताया कि वनवास के दौरान चित्रकूट में बिताए बारह वर्षों का लेखा जोखा इस फिल्म में होगा। निर्देशक की भूमिका डा. राजेश अस्थाना करेंगे। फिल्म की सम्पूर्ण शूटिंग चित्रकूट में ही होगी और स्क्रिप्ट तैयार होते ही रामलीला के कलाकारों के अलावा अन्य कलाकारों का चयन के साथ भव्य सेट का निर्माण शुरू किया जाएगा। फिल्म के संवाद डॉ. प्रभाशंकर मिश्र, छायांकन अशोक माही, संगीतकार स्नेहाशीष शिबू देब, प्रोडक्शन इंचार्ज ददौली पांडेय, मेकअप आर्टिस्ट माईकल, स्थिर छाया रिंकू गिरी का है तो संपादन मुंबई में बिहार के चर्चित फिल्म संपादक प्रेम आकाश एवं साउंड डिजाइन प्रेम कुमार के हैं। वही मुख्य सहायक निर्देशक चन्दन झा व विपुल सिन्हा, फिल्म में स्पॉट गोलू ठाकुर एवं स्थानीय होंगे।

# जागरूकता : एनडीआरएफ ने सिखाया बाढ़ व सांप से बचने का गुर

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू च :** एनडीआरएफ की टीम गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंची। जहां कमांडर ऋषि पाल सिंह धामा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने प्रखंड के सभागार में उपस्थित लोगों के बीच बाढ़ से होने वाली परेशानी और बचाव के बारे में बताया। सांप काटने पर और बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं से बचने, सुरक्षित रहने और एक-दूसरे को बचाने के कई तरीके बताए गए। उन्होंने बताया कि बाढ़ के समय घबराए नहीं, ऊंची जगहों पर चले जायें। साथ ही बाढ़ आने के दौरान कई तरह के जहरीले सांप और कीड़े- मकोड़े बाहर निकल आते हैं। जिनसे बचने के तरीके बताए गए। बाढ़ में डूब रहे व्यक्ति को बचाने का उपाय बताया गया। टीम ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति बाढ़ के पानी में डूब रहा है तो उसको बचाने के लिए सीधे उसके पास नहीं जायें। अलग से बांस, डंडे यहां रस्सी के सहारे उसको निकालने का प्रयास करें। अगर बाढ़ में डूबते व्यक्ति को बाहर निकाला गया हो तो उसको पीठ के बल लेटा कर उसके पेट को दबाने का प्रयास करें। जिससे उसके पेट के अंदर का पानी निकले और उसकी जान बच सके। मौके पर टीम के प्रवीण कुमार, राजेश्वर कुमार, गौतम कुमार, कौशल किशोर, राजेश सिंह, सचिन एवले, पप्पू कुमार सहित पूरी टीम मौजूद रही।

## अवैध नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान 40 वर्षीय महिला की मौत

**मझौलिया :** प्रखंड में अवैध नर्सिंग होम केसरी हेल्थ केयर में प्रसव के दौरान 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे पदस्थापित एएनएम जमुना देवी के द्वारा कराई जा रही थी। केसरी हेल्थकेयर के प्रबंधन ने परिजनों को 3 लाख रुपए देकर मामले को रफा-दफा कर दिया। बता दे कि पूर्वी चंपारण जिला के सुगौली प्रखंड के दंडी टोला गांव निवासी जय मंगल पासवान की 40 वर्षीय पत्नी की मौत प्रसव के दौरान मंगलवार को हो गई। आक्रोशित परिजनों ने लाश को केशरी हेल्थ केयर के मुख्य द्वार पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने पहुंचकर परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। और कहा की आप आवेदन दे पुलिस कार्रवाई करेगी। जानकारों ने बताया कि केसरी हेल्थ केयर के चिकित्सकों एवं परिजनों के द्वारा 4 घंटों तक वार्ता चली । वार्ता में चिकित्सक ने परिजनों को 3लाख देकर मामले को रफा-दफा कर दिया।अवध नर्सिंग होम पर बोर्ड लगी है। जिसपर केसरी हेल्थकेयर लिखा हुआ है। बोर्ड पर डॉ रोशन कुमार बी. डी. एस.,एम .आई.डी.ए लिखा हुआ है। बोर्ड पर सभी प्रकार की बीमारियों एवं सर्जरी नवजात शिशु जांच, गर्भवती महिला जांच आदि लिखा हुआ है। जबकि प्रसव एएनएम जमुना देवी के द्वारा कराई जाती है। जो मझौलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित हैं। प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश कुमार ने बताया कि केसरी हेल्थ केयर को लेटर भेजा गया है। तथा कॉल करके बुलाया जा रहा है। सुपुर्द किए गए साक्ष्यों को कमेटी को सौंपी जाएगी कमेटी उनसे पूछ तक पूछताछ करेगी।

## व्यक्ति पर चाकू से हमला, मदद की गुहार

**मझौलिया :** थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 4 माधोपुर पंचायत निवासी कुंदन पासवान ने गांव के 6 व्यक्ति पर मारपीट का आरोप लगाया है। तथा, पुलिस को दिये आवेदन में कार्रवाई की मांग किया है। आवेदक ने बताया है कि रात में भोजन उपरांत हाथ धोने के समय पूर्व से घात लगाये विकास कुमार एवं अन्य चार पांच लोगों ने मुंह बांधकर हमला कर दिया। हल्ला करने पर उन लोगों ने आवेदक को छोड़ दिया। इस क्रम में वह गंभीर रुप से घायल हो गया। आवेदक कुंदन कुमार ने बताया कि आरोपी परिवार से उसका पूर्व से भूमि विवाद है। जिस कारण वे लोग कुंदन के साथ मारपीट कर रहे हैं। कुंदन को संदेह है कि आरोपी आवेदक के साथ कभी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम अंतर्गत 58सौ पौधारोपण संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** जिला अंतर्गत 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नरकटियागंज ने 26 जुलाई 2023 को कारगिल विजय दिवस पर वाहिनी की सभी सीमा चौकियों में सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर 5800 पौधारोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि 44 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नरकटियागंज को कारगिल विजय दिवस पर बटालियन की सभी सीमा चौकियों मे पौधरोपण किया गया। वृक्षारोपण अभियान-2023 के अंतर्गत उपर्युक्त पौधारोपण किया जा रहा है, जिसमे 44 वाहिनी के अंतर्गत आने वाले सीमावर्ती गांवो, पंचायत भवनों एवं सरकारी संस्थानों में गाँव की जनता के साथ मिलकर पौधरोपण किया जा रहा है।

## युवा संवाद 2047 का आयोजन संपन्न

# संचालक ने उपस्थित लोगों को पंचप्राण का शपथ दिलाया

राष्ट्रीय खबर



**नरकटियागंज :** अनुमंडल अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में आर्य समाज मंदिर सभागार में नेहरु युवा केंद्र के सौजन्य से वैदिक सुप्रभात नामक संस्था ने युवा संवाद

2047 कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान अनुमंडल प्रधान रामेश्वर प्रसाद आर्य, मुख्य अतिथि दीपक यादव एमडी- बगहा चीनी मिल वर्मा प्रसाद व अन्य ने संयुक्त रूप द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री यादव ने कहा कि युवाओं को सही दिशा देकर 2047 तक भारत एक सशक्त, शिक्षित, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विपिन उच्च विद्यालय बेतिया के पूर्व प्रधानाचार्य छोटेलाल प्रसाद ने किया, जबकि मंच संचालन मुकुंद मुरारी राम ने किया। ।विशिष्ट अतिथि वर्मा प्रसाद, अवध किशोर सिन्हा, राजेश कुमार आर्य (मंत्री) रहे। कार्यक्रम में 2047 के भारत की परिकल्पना विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत नगर के सार्वजनिक स्थलों की सफाई करने वाले, पूरे नगर में सड़कों के किनारे पौधा रोपण करने वाले तथा लगातार 5 वर्षों तक निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन करने वाले सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने मंचस्थ प्रबुद्धजनों एवं शिक्षाविदों से 2047 तक भारत को कैसे मजबूत और समृद्ध बनाया जा सकता है। इस विषय पर जिज्ञासुओं ने प्रश्न किया। जिसका मंचस्थ प्रबुद्धजनों ने उत्तर देकर जिज्ञासा शांत किया। कार्यक्रम के अंत में संचालक ने उपस्थित सैकड़ों लोगों को पंचप्राण का शपथ दिलाया।

## ग्रामीणों ने सुना पीएम मोदी का लाइव प्रसारण



राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के बैठनिया में मोहित खाद भंडार परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण कला एवं संस्कृति मंच के मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में किसानों और ग्रामीणों द्वारा देखा और सुना गया। प्रधानमंत्री द्वारा नई खाद सल्फर लेपित यूरिया गोल्ड के लांच करने तथा किसान सम्मान निधि योजना की 14 वीं किस्त जारी करने को लेकर किसानों में हर्ष देखा गया।

मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि नई खाद किसानों के लिए लाभकारी है। खेतों में पर्याप्त पोषक तत्व रहेंगे। किसान सम्मान निधि योजना की राशि खाता में उपलब्ध होने पर किसानों को सिंचाई करने, जैविक खाद का प्रयोग करने में काफी सहायता मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण देखने वालों में सुबोध कुशवाहा, रामेश्वर चौरसिया, ओम प्रकाश पांडे, चंदेश्वर प्रसाद, भोला महतो, प्रमोद तिवारी, विनोद प्रसाद, भोज महतो, मोतीलाल पासवान, किशोरी महतो, मदन महतो, सुदर्शन महतो, भिखारी महतो, दुवार्सा तिवारी, मुक्ति ठाकुर, विवेक कुमार, गणानंद तिवारी मुख्य है।

# आमसभा में हुई दुर्गा पूजा समिति की गठन, संदीप बने अध्यक्ष

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** प्रखंड के सुगाव दुर्गा मंडप के प्रांगण में वर्ष 2023 में दुर्गा पुजा के संचालन हेतु नए समिति के गठन के लिए एक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व में हुए पुजा की समीक्षा के पश्चात नए समिति का गठन किया गया। सभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए संदीप कुमार मिश्रा के नाम का प्रस्ताव मुखिया प्रभाकर कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। वहीं कमिटी में उपाध्यक्ष उज्वल कुमार मिश्र उर्फ दीपू मिश्र, सचिव प्रभाकर झा, संयुक्त सचिव ठाकुर मनप्रीत, उप सचिव यशवंत कुमार झा, कोषाध्यक्ष सतेंद्र झा, समिति संचालक महेश कुमार मिश्र, पूजा सचिव संजय मिश्रा, संरक्षक मुखिया प्रभाकर मिश्र, सरपंच रूपेश मिश्र, मुखिया रंजीत झा, प्रदीप कुमार मिश्र, दशरथ कुमार मिश्र समिति सदस्य अंकित कुमार, आशुतोष मिश्र का चयन किया गया। अध्यक्ष श्रीमिश्र ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा में भव्य प्रतिमा व पंडाल का निर्माण कराया जाएगा। विधि-विधान से पूजा अर्चन करने के लिए विद्वान पंडित को बुलाया जाएगा। भव्य मेला लगाने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## आपसी विवाद में चाकू मारकर किया महिला की हत्या

### घटना के बाद हमलावर स्वयं थाना पहुंचकर किया आत्मसमर्पण

राष्ट्रीय खबर



**तारापुर :** पिछले कई वर्षों से थाना के सामने हाट परिसर के भीतर रहकर सूप, डलिया, सूपती, पंखा एवं चटाई के कारोबारी करने वाली रवि मलिल्क की 50 वर्षीय पत्नी रंजू देवी की हत्या कर दी गई। जिसमें उनके ही पड़ोसी लोहारसारी गली निवासी स्वर्गीय राजू मेहतर के पुत्र बमबंम मेहतर ने अपने घर के समीप बुधवार की देर शाम आपसी झड़प के दौरान चाकू से महिला कारोबारी के ऊपर हमला कर मौके पर उसे मौत के घाट उतार दिया। महिला की हत्या करने के बाद हमलावर स्थिति को बिगड़ते देख स्वयं थाना पहुंचकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। घटना की खबर बाजार में फैलते ही मृतक महिला की लाश को देखने को लेकर उनके परिजनों की भारी भीड़ थाना पहुंच गई। बेरहमी के साथ महिला की हत्या को लेकर परिजनों की चीख पुकार से घंटो तक थाना परिसर के भीतर और बाहर शोर-शराबा होता रहा। घटना को लेकर परिजनों के उग्र होते देख थानाध्यक्ष ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से हरपुर पुलिस के साथ-साथ तारापुर एवं खड़गपुर क्यूआरटी पुलिस बल को बुलाकर थाना के बाहर और भीतर कैंप कराया गया, तब जाकर स्थिति सामान्य रही । रात्रि लगभग 12:30 के आसपास महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेजा गया। बताया जा रहा है कि मृतक महिला अपने पीछे 2 पुत्र रवि मलिक प्रभास मलिक एवं एक पुत्री पूजा कुमारी को छोड़ गई है । इधर मृतक की पुत्री पूजा कुमारी द्वारा बताया जा रहा है कि मेरी मां को मुख्य हमलावर बमबंम मेहतर की मां ने घर पर आपसी विवाद को लेकर बातचीत के लिए बुलाया था। जहां एक साजिश के बाद मेरी मां को अकेले पाकर मुख्य आरोपी बमबंम मेहतर सहित अन्य 12 लोगों ने मिलकर मेरी माता की हत्या कर दिया। इधर तारापुर के थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन ने बताया कि मुख्य आरोपी बमबंम मेहतर ने थाना पहुंचकर स्वयं आत्मसमर्पण किया। वहीं देर रात्रि में मृतक महिला के परिजनों के बताने पर की गई पुलिस छापेमारी में स्वर्गीय मेदी मलिक का पुत्र सूरज मेहतर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है । पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक के परिजनों ने हत्या के मामले में मुख्य आरोपी सहित 12 अन्य लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है।

## मोहर्रम पर्व को लेकर सुगौली पुलिस ने थाना क्षेत्र के 214 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई किया

**सुगौली,पू च :** मोहर्रम पर्व को लेकर सुगौली पुलिस ने थाना क्षेत्र के 214 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई किया है। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि 29 तारीख को मनाए जाने वाले मोहर्रम के पर्व को हर हाल में शांतिपूर्वक संपन्न कराना है। इसको लेकर पूरे थाना क्षेत्र के 200 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही 14 डीजे संचालकों पर भी यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि आदेश का पालन नहीं करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से अपील की है कि मोहर्रम का पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। किसी तरह की गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत थाना को इसकी सूचना दें।किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने वालों के साथ पुलिस से हर हाल में निपटने को तैयार है।

## मुहर्रम को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बगहा रा टी :** मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से बगहा नगर थाना, भैरोगंज तथा चिउटांहा की पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान नगर, चिउटांहा तथा भैरोगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि 29 जुलाई को मुहर्रम का त्योहार है। जिसमें शांति ब्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन फ्लैग मार्च निकाला गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुहर्रम के दिन तज्जिया निकालने में डीजे वाद्य यंत्र को बिल्कुल ही नहीं बजाना है। इसपर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है। वही हुड़दंग करने वाले किसी भी ब्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। उक्त ब्यक्ति को जेल की हवा खानी पड़ेगी। इस दौरान सभी थानों के एस आई, एएस आई सहित दर्जनों की संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

## बेटी के घर पहुंचे पिता की दामाद की पिटाई से मौत

**बेतिया :** बेटी को प्रताड़ित करने की बात सुन पिता के पुत्री के घर घर आने पर दामाद ने ससुर की पिटाई कर दी। जिससे ससुर की मौत हो गई है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव की बताई गई है। बताते चलें कि गोविन्दगंज थाना के बभनौली के बच्चन महतो (60 वर्ष) ने अपनी बेटी ममता का विवाह पकडिया गांव निवासी अनुप महतो से किया। बुधवार की शाम उनकी पुत्री ममता ने अपने पिता से फोन कर पति समेत ससुराल वालो पर पिटाई करने की सूचना दिया। जिसपर उसके पिता बेटी के घर पहुंचे व अपनी बेटी को बाइक से अपने घर ले जाने लगे। जिसपर उसके दमाद अनुप महतो रास्ते मे रोककर पिटाई कर दी।जिससे वे बुरी तरह से जख्मी हो गये। जिन्हे वहां लोगो ने बेतिया जीएमसीएच मे भर्ती कराया, जहां चिकित्सा के क्रम में गुरुवार को उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष राजू कुमार मिश्र ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। पिटाई करने की घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। लिखित शिकायत मिलने पर कारवाई की जाएगी।

# भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर प्राचार्य ने प्रियंका कुमारी को किया सम्मानित

## कॉलेज के शिक्षकों ने जताई खुशी,दी बधाई

राष्ट्रीय खबर



**बोधगया :** कारगिल दिवस समारोह के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय बोधगया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में में गया कॉलेज गया के शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रियंका कुमारी ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही के द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र भी उसे प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य डॉ दीपक कुमार ने प्रथम स्थान आने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे अवसरों पर सहभागिता से विद्यार्थियों के अंदर छुपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। हमें प्रियंका जैसे विद्यार्थियों पर गर्व है और भविष्य में भी मैं ऐसे आयोजनों के लिए कृत संकल्पित हूं।आने वाले समय में विद्यार्थियों को गीत-संगीत नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक विधाओं में भी एक अच्छा माहौल प्रदान करने की कोशिश की जा रही है।छात्रों के उन्नयन के लिए उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी,जिससे कि वह गया महाविद्यालय गया का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जगत में रोशन कर सकें।प्रियंका को बधाई देने वालों में उप प्राचार्य डॉ विनोद सिंह, डॉ उपेंद्र कुमार, मुख्य कुलानुसाशक सह परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग डॉ रविंद्र कुमार, विभागाध्यक्ष पाली विभाग शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव संतोष सिंह व अध्यक्ष निरंजन प्रसाद समेत शिक्षशास्त्र विभाग के सभी शिक्षक,विभिन्न छात्र संगठनों एवं विद्यार्थियों ने भी प्रियंका को बधाई दी। शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष शिक्षा डॉ धनंजय धीरज ने कहा कि प्रियंका ने न सिर्फ शिक्षा शास्त्र विभाग का नाम रोशन किया है बल्कि गया कॉलेज गया को गौरव व सम्मान दिलाने का कार्य किया।

# अन्याय का प्रतिकार कर वंचितों के पक्ष में खड़ा होता है नायक: प्रो सदानंद शाही

## 'प्रेमचंद के नायक' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**बोधगया :** साधारण में असाधारण को देख लेने की क्षमता नए नायकों का निर्माण करती है। नायकों को डरपोक नहीं होना चाहिए। बिगाड़ के डर से ईमान की बात नहीं छोड़ने वाला होना चाहिए। बड़ा नायक अपने समाज की सामूहिक चित्ति का नायक होता है। उक्त बातें प्रो. सदानंद शाही ने स्नातकोत्तर हिन्दी एवं मगही विभाग, मगध विवि द्वारा गुरुवार को आयोजित 'प्रेमचंद के नायक' विषयक एकल व्याख्यान में कहीं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष सह श्री शंकराचार्य व्यावसायिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सदानंद शाही ने कहा कि नायक और खलनायक के बीच की दूरी आज के समय मे खत्म हो चली है जो खतरनाक है। ऐसे समय मे हमें रंगभूमि' उपन्यास के नायक सूरदास की आवश्यकता है,जो प्रेमचंद के समय के नए बनते हुए भारत का नायक है। वह अपने ऊपर खतरा उठाकर भी अन्याय का प्रतिकार और वंचितों के पक्ष में खड़ा होता है। वह मिठुआ का जवाब देते हुए कहता है कि सौ लाख बार घर जलाने पर भी हम सौ लाख बार घर बनाएंगे। यह जिजीविषा नए भारत के निर्माण के लिए अपरिहार्य है। 'ईदगाह' के हामिद, 'पंच परमेश्वर' के अलगू चौधरी, 'आगा-पीछा' की श्रद्धा, 'रंगभूमि' के सूरदास, 'गोदान' के मातादीन जैसे कई पात्रों के माध्यम से उन्होंने विस्तार से प्रेमचंद के साधारण किंतु असाधारण नायकों का प्रभावी व्याख्यान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. भरत सिंह ने कहा कि मुख्य वक्ता ने किसी खास विचारधारा को आरोपित करने की बजाय प्रेमचंद को देखने के नए नजरिए को मौलिक ढंग से प्रस्तुत किया। बीज वक्तव्य देते हुए हिन्दी विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. सुनील कुमार ने प्रेमचंद की रचनाओं में गांधीवाद के अलावा जो विद्रोही चेतना मिलती है उसके प्रभाव को प्रो. शाही जी से व्याख्यायित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. परम प्रकाश राय ने किया। डॉ. अम्बे कुमारी ने प्रेमचंद पर काव्य-पाठ किया।डॉ. अनुज कुमार तरुण ने आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर मगही विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ब्रजेश कुमार राय, डॉ. इंद्रदेव प्रसाद यादव, डॉ. आलोक रंजन उपस्थित थे।

# चनपटिया के कृषि पदाधिकारी की दिल का दौरा, हृदय गति रुकने से मौत

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया/ चनपटिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत चनपटिया के प्रखंड कृषि पदाधिकारी योगेंद्र राम की गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। आवास में ही अचानक उन्हें हार्ट अटैक हो गया। उनके मौत की खबर सुनते ही प्रखंड कार्यालय सहित कृषि कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। वे आरा जिला के टाउन थानांतर्गत मोतीटोला के निवासी बताए गए हैं। चनपटिया के अलावा लौरिया के प्रखंड कृषि पदाधिकारी के प्रभार में बताए गए हैं। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह लगभग 6 बजे वह अपने आवास पर अकेले रहने की स्थिति में उन्हें तबियत बिगड़ने जैसा महसूस होने लगा। जिसके बाद उन्होंने कृषि सलाहकार आलोक वर्मा को फोन कर आवास पर बुलाया। आलोक जब आवास पर पहुंचे तो बीएओ के सीने में तेज दर्द हुआ और वहीं पर अचानक गिर गए। आलोक ने घटना की जानकारी तुरंत जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार एवं प्रभारी बीडीओ वरुण केतन को फोन पर देते हुए अंचल गार्ड के साथ ईलाज के लिए चनपटिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक नसीम अख्तर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने हार्ट अटैक से उनकी मौत की संभावना जताई है। मौत की खबर सुनते ही जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार चनपटिया सीएचसी पहुंचे और घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। उन्होंने बताया कि शव को एंबुलेंस से परिजनों के साथ उनके पैतृक गांव भेज दिया गया है। दहाड़ मारकर रोने लगा पुत्र पिता के मौत की खबर सुनकर चनपटिया स्थित कृषि कार्यालय पहुंचा उनका बड़ा पुत्र मुकेश कुमार शव के पास ही दहाड़ मारकर रोने लगा। उसके आंखों से आंसू छलकते देख वहां मौजूद सबकी आंखें नम हो गई। फिर मुकेश को जिला कृषि पदाधिकारी और चनपटिया के प्रभारी बीडीओ ने समझाकर शांत कराया। जिसके बाद पुत्र ने पिता के शव को एम्बुलेंस से अपने साथ लेकर पैतृक गांव चले गए। बड़ा पुत्र मुकेश कुमार ने बताया कि गत मंगलवार की शाम वह घर से चनपटिया पहुंचा। बुधवार की रात करीब 10 बजे उनसे फोन पर आखिरी बात भी हुई थी। उन्होंने सब कुछ ठीक-ठाक भी बताया। लेकिन भगवान को अब यही मंजूर था। डीएओ, बीडीओ समेत कर्मियों ने रखा दो मिनट का मौन प्रखंड कृषि पदाधिकारी योगेंद्र राम के आकस्मिक निधन पर डीएओ, प्रभारी बीडीओ समेत कर्मियों ने शोक जताया। दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया और मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। डीएओ ने बीएओ के आकस्मिक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# ताला काटकर लाखों की चोरी

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया :** मझौलिया थाना क्षेत्र के बखरिया पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासी आलमगीर कुरेशी के घर के ताला काटकर बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने एक लाख के आभूषण व 2 लाख नगद की चोरी कर ली है। इस बाबत पीड़ित आलमगीर कुरैशी ने थाना में आवेदन देकर चोरों की गिरफ्तारी की मांग किया है। आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि उनका परिवार 4 दिन पहले अपने सम्बंधी के घर चले गए। चोरी की घटना की सूचना उसके भाई ने दी। अज्ञात चोरों ने इसका फायदा उठाकर घर के मेन गेट का ताला काटकर घर के अंदर प्रवेश कर कमरा के ताला काटकर अलमीरा के लॉक तोड़कर अलमीरा में रखें आठ थान आभुषण व 2 लाख नगद की चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि 2 थान नथिया, 3 थान झुमका, 2 थान पायल तथा चांदी के आभूषण शामिल है। आभूषण की कीमत लगभग एक लाख रुपैया है। पुलिस ने आवेदन के आलोक में घटना स्थल पहुंचकर जांच प्रारम्भ कर दिया है।

# अल्पवृष्टि प्रभावित किसानों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का डीएम ने दिया निर्देश

**बेतिया, प च :** जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने जिला में अल्प वर्षापात से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि सरकार कम वर्षापात होने के कारण धान के बीचड़ों की सुरक्षा एवं धान की खड़ी फसल के साथ-साथ अन्य फसलों में आवश्यकतानुसार सिंचाई कर फसलों को सुरक्षित करने को डीजल अनुदान योजना 2023 का कार्यान्वयन किया जा रहा है। डीजल अनुदान को राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए प्रभावित किसानों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अपने स्तर से सख्त निर्देश दें कि इस कार्य में लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। डीएम ने कहा कि विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएं, जिससे किसानों को कृषि कार्य में सुविधा हो। कार्यपालक अभियंता सभी नहर प्रमंडल नहरों के अंतिम छोर तक कृषि को निर्बाध पानी आपूर्ति की व्यवस्था करें। खरीफ फसलों की सिंचाई डीजल पम्पसेट से करने के लिए क्रय किये गये डीजल पर 75 रुपए प्रति लीटर की दर से 750 रुपए प्रति एकड़, प्रति सिंचाई डीजल अनुदान दिया जायेगा। धान के बीचड़ा की अधिकतम 2 सिंचाई के लिए 1500 रुपए प्रति एकड़ देय होगा। खड़ी फसल में धान, मक्का एवं अन्य खरीफ फसलों के अंतर्गत दलहनी, तेलहनी, मौसमी सब्जी, औषधीय एवं सुगंधित पौधे की अधिकतम 3 सिंचाई के लिए 2250 रुपए प्रति एकड़ देय है। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार राय, कार्यपालक अभियंता, सभी नहर प्रमंडल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर को जाम से मुक्ति दिलाने को डीएम ने की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** बगहा बालमिकीनगर मुख्य सड़क को बगहा सेमरा मुख्य सड़क से लिंक कर जोड़ने के लिए जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में गुरुवार के दिन अनुमंडल पदाधिकारी बगहा के कार्यालय में एक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य था कि नगर को जाम की समस्या से कैसे बचाये। उपस्थित सभी लोगों से सुझाव मांगे गए तथा उन पर विचार किए गए। नगर में निमार्णाधीन ओवर ब्रिज कार्य के दौरान आवागमन की रफ्तार काफी धीमी हो गई है। जब बगहा सुगर मिल का पेराई सत्र चालु होगा तो बगहा की रफ्तार रुकने की संभावना जताई जा रही है। जिसको लेकर जिलाधिकारी की प्रयास है कि पेराई सत्र से पहले ही वैकल्पिक मार्ग बन जाये। बैठक से प्राप्त जानकारी के अनुसार बगहा वाल्मिकी नगर तथा हरनाटांड मार्ग से एक सड़क का निर्माण हो जो बगहा सेमरा सड़क में जाकर मिल जाये और बगहा पर पड़ने वाला अनैतिक वाहनों का दबाव कम हो। जिसके लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में पहले भी एक बार बैठक की जा चुकी है। बुद्धिजीवियों ने जिलाधिकारी के इस प्रयास की सराहना करते हुए दुरगामी बताया है।

इस दौरान बैठक में उप विकास आयुक्त बेतिया, पुलिस अधीक्षक बगहा, अनुमंडल पदाधिकारी बगहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग बगहा व बेतिया, कार्यपालक अभियंता सिचाई विभाग कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई विभाग बेतिया, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बगहा, अंचल अधिकारी व राजस्व अधिकारी बगहा दो, कार्यपालक पदाधिकारी नगरपरिषद बगहा, सभापति प्रतिनिधि बगहा, सहायक मंडल अभियंता भारतीय रेलवे, गन्ना विकास पदाधिकारी रामनगर और तिरुपति चीनी मिल बगहा के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

# पदाधिकारियों के निरीक्षण के बाद भी हाल-बेहाल, बढ़ नहीं रही विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति

राष्ट्रीय खबर



**संग्रामपुर :** जहां एक और बिहार सरकार के द्वारा शिक्षा सुधार को लेकर के हर वर्ष लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। बिहार के बच्चे पढ़ें और आगे बढ़े जिसके लिए सरकार ने हर विद्यालय में विद्यालय का भवन, बिजली ,वाईफाई जैसी सुविधाए मुहैया कराई है। लेकिन कुछ पदाधिकारियों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर होने के कारण बच्चे अपना जीवन मौत के खतरे में धकेल करके पढ़ाई कर रहे हैं। ताजा मामला प्रखंड के चंद्रपुरा के प्राथमिक विद्यालय बताया जा रहा है। जहां पर प्राथमिक विद्यालय स्थित है वहां पर मात्र एक शिक्षक मौजूद हैं। जिसका नाम महेश आनंद सिंह है। इस विद्यालय में मात्र दो कमरा एवं एक रसोईघर उपलब्ध है।जिसमें विद्यालय के छात्र छात्रा जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करते हैं। विद्यालय की बिल्डिंग इतनी जर्जर हो चुकी है कि अब वह पूरी तरह से छड़ छोड़ छोड़ चुकी है। प्लास्टर का मलबा दीवार छोड़ कर के गिर रहा है।उस विद्यालय के भवन में कभी भी बड़ी घटना घट सकता है। इतना ही नहीं विद्यालय में कुल 56 बच्चा नामांकन है जिसमें की 30 से 40 बच्चे हर रोज उपस्थित होते हैं। उस बच्चे को मध्यान भोजन देने में भी बहुत बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में विद्यालय में 3 चापाकल स्थित है लेकिन बड़ी ही दुखद के स्थिति के साथ कहना पड़ रहा है कि तीनों का तीनों चापाकल खराब पड़ा हुआ है। जिसमें रसोइयों के द्वारा खाना बनाया जाता है। दूसरे के घर से पानी लाकर के भोजन बनाती है।और बच्चे को बड़े ही कष्ट से मध्यान भोजन खिलाती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा यह बताया गया कि चापाकल खराब होने की सूचना हमने अपने विभाग को 13 4 2023 में दिया है एवं इसके पहले विद्यालय की जर्जर भवन हो जाने की स्थिति तो हमने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को रूप से अवगत कराया है पर अभी तक किसी तरह का कोई कार्यवाही नहीं किया गया है ।इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी इतनी कुंभकरण की नींद में सोए हुए है इसका कोई विवरण नहीं दीया जा सकता है ।इसके अलावे विद्यालय में एकमात्र शिक्षक होने के कारण कभी बीएलओ के कार्य अभी जनगणना के कार्य एवं कभी आधार सेटिंग का कार्य जैसे कार्यों को लेकर के शिक्षक अस्त व्यस्त रहते हैं। विद्यालय की पढ़ाई बाधित होते रहती है । अभी अभी बिहार सरकार के द्वारा नए नियम लागू किए गए हैं कि हर रोज विद्यालय के बच्चे की उपस्थिति शत-प्रतिशत करने को लेकर विद्यालय को किसी न किसी अधिकारी के द्वारा हर रोज निरीक्षण करवाया जाता है । पर निरीक्षण करने से कोई फायदा नहीं होता है। बच्चे की उपस्थिति विद्यालय में नहीं देखी जा रही है। इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि विद्यालय का निरीक्षण करना सिर्फ कागज पर सीमित कर-के ही रह जा रहा है।

## ट्रैक्टर लूट कांड का आरोपी गिरफ्तार

**लौरिया :** स्थानीय पुलिस ने नवलपुर मार्ग में बारवा पुल के समीप लूटे गए ट्रैक्टर के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। इस बाबत थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर लूट कांड का मुख्य आरोपी योगापट्टी थानाक्षेत्र के सिरिसिया गांव के नगीना प्रसाद का पुत्र खिलेश कुमार उर्फ बाल कुमार प्रसाद है। वह छह माह पहले नरकटियागंज से गन्ना गिराकर आ रहे ट्रैक्टर को नहर के समीप रोककर ड्राईवर को बंधक बनाकर ट्रैक्टर ले कर भाग गया। हालांकि पुलिस एक माह बाद गायब ट्रैक्टर को बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी फरार चल रहा था। इधर गुप्तचरों से जानकारी मिली कि आरोपी घर आकर छुपा हुआ है, जहां अनुसंधानकर्ता दारोगा संजीव कुमार के नेतृत्व में एक दल का गठन कर उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया और उसे जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी दल में दारोगा चंद्रशेखर कुमार, जमादार लखनदेव राम सहित कई पुलिसकर्मी सहयोगी थे।

# डीएम ने किया बगहा उपकारा का औचक निरीक्षण

## जेल मैनुअल के अनुरुप सभी व्यवस्था अद्यतन रखने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर




**बेतिया/बगहा रा टी :** पश्चिम चम्पारण जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बगहा उपकारा का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में डीएम ने जेल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। उन्होंने बंदियों से मिलकर सरकारी सुविधाओं की जानकारी लिया। तदुपरान्त उपरांत पाकशाला का निरीक्षण किया। डीएम ने बगहा उपकारा अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल मैनुअल के अनुरुप सभी व्यावस्था अद्यतन रखें। कारा परिसर की समुचित साफ-सफाई, बंदियों को समय पर भोजन, समय पर योगाभ्यास, बीमार होने पर तुरंत चिकित्सा की व्यवस्था करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सीसीटीवी के माध्यम से कारा के अंदर की प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाएं रखें। संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त रहने वाले बंदियों को अन्य कारा में ट्रांसफर करने की कार्रवाई करें। उन्होंने बंदियों के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। डीएम ने महिला बंदी वार्ड का निरीक्षण भी किया। कक्षपाल को निर्धारित सभी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि उपकारा के बंदियों की सतत निगरानी आवश्यक है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो, जेल मैनुअल का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं हो, नियमानुकूल निर्धारित अवधि पर बंदियों को उनके परिजनों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करने की व्यवस्था क्रियान्वित रखें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बगहा किरण कुमार गोरख जाधव, उप विकास आयुक्त अनील कुमार, एसडीएम बगहा डॉ अनुपमा सिंह, अधीक्षक बगहा उपकारा मनोज कुमार उपस्थित रहे।

# पीएचसी में मनाया गया जनसंख्या स्थिरिता पखवाड़ा

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबनी के प्रांगण में गुरुवार को जनसंख्या स्थिरिता पखवाड़ा दिवस मनाया गया। जिसमें महिलाओं व पुरुष को जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित दवाइयां दिया गया। साथ ही आवश्यक सुझाव भी दिया गया। पखवाड़ा दिवस का उद्घघाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घघाटन उपरांत चिकित्सा प्रभारी डॉ0 आनंद कुमार ने बताया कि, 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरिता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमे आज मधुबनी पीएचसी में मनाया गया। उन्होंने बताया कि, इसमें दर्जनों महिलाओं को गर्भ निरोधक गोली, कापर्टी, इंजेक्शन, आदि दिया गया। वही यूनिसेफ के बीएमसी संतोष सिंह राठौर ने बताया कि, सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए, जनसंख्या स्थिरिता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, जनसंख्या नियंत्रण में युवा महिला एवं पुरुषों को अहम भूमिका निभाना हैं। उन्होंने बताया कि, इससे संबंधित किसी प्रकार की दवाई की जरूरत हो तो सीधे एएनएम से संपर्क कर सकते है। ऊक्त मौके पर स्वास्थ प्रबंधक हिरामन चौधरी सहित सभी एएनएम, आशा कार्यकर्ता, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शहर >> अपडेट

### बेरमो में मुहर्रम की तैयारी जोरों पर

**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम जुलूस की तैयारी जोरों पर है। इस दौरान कारीगरों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक ताजिया बनाने का कार्य में युद्ध स्तर पर चल रहा है। वहीं शांति व्यवस्था का ले बेरमो अनुमंडल प्रशासन पर अलर्ट हो गया है। वहीं युवओं द्वारा अखाड़ा में पारंपरिक प्रदर्शन दिखाने का अभ्यास शुरू हो गया है। इमामबाड़ों में खड़ा किया गया निशान, मांगी गई खुशहाली की दुआ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मांझी हाउस का 26 जुलाई को किया शिलान्यास

**बेरमो :** राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री और स्थानीय विधायक बेबी देवी ने नावाडीह प्रखंड के अहारडीह केशधारी व बिरनी के दाही में बनने वाले मांझी हाउस का 26 जुलाई को शिलान्यास किया। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ वर्ग कल्याण विभाग से स्वीकृत मांझी हाउस का निर्माण विभाग के मद से किया जाएगा। शिलान्यास से पहले मांझी हड़ाम जीतन सोरेन ने संथाली रीति विधिवत पूजा की। समारोह को संबोधित करते हुए बेबी देवी ने कहा कि उनके स्वर्गीय पति जगरनाथ महतो डूमरी विधानसभा के हर वर्ग के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके अधूरे सपनों व कार्यो को पूरा करना मेरा उद्देश्य है। पति के सिद्धांतों पर चलते हुए क्षेत्र के विकास के लिए काम होगा। उन्होंने कहा कि मांझी हाउस का निर्माण होने से समाज के लोगों को सुविधाएं मिलें। मंत्री ने आदिवासी समुदाय को स्वरोजगार के लिए आगे आने का आह्वान किया। मौके पर उप प्रमुख हरिलाल महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गणेश प्रसाद महतो, सचिव सोनाराम हेम्ब्रम, मुखिया नरेश विश्वकर्मा, पंसस ममता भट्टाचार्य, पूर्व मुखिया रामपुकर महतो, डॉ लालजी प्रसाद महतो, महबूब आलम, मुकेश कुमार सोरेन, तापेश्वर महतो, हेमलाल मरांडी, तारो महतो, सुखदेव किस्कू आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### किसान समृद्धि केंद्र का हुआ उद्घाटन

**बेरमो :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्य कार्यक्रम राजस्थान के सीकर में हुआ। वहां से ही प्रधानमंत्री ने देश भर के किसान समृद्धि केंद्र का उद्घाटन किया। इसका सभी केंद्रों में ऑनलाइन प्रसारण हुआ। झारखंड में 1607 किसान समृद्धि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी और किसान उपस्थित थे। किसानों में काफी उत्साह देखा गया। एक ही छत के नीचे किसानों को तमाम तरह की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए किसान समृद्धि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर किसानों को खाद, बीज और कृषि उपकरण से लेकर मिट्टी की जांच की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। प्रथम चरण में राजधानी रांची समेत सभी जिलों के प्रखंड और प्रमुख स्थानों पर पीएमकेएसके खोले गए हैं।

### झाकोमयू का कल्याणी पीओ के साथ परिचयात्मक बैठक

**बेरमो :** बृहस्पतिवार को झारखंड कोलियरी कामगार यूनियन एसडीओसीएम कल्याणी में परिचय बैठक के साथ एजेंडा बैठक सम्पन्न हुई ।परियोजना पदाधिकारी शैलेश प्रसाद 15 सूत्री मांग पत्र की समाधान करने का आश्वासन दिए गये जैसे कॉलोनी की सफाई ,क्वाटर मरामती, शुद्ध पानी की व्यवस्था,पदोन्नति,3 साल से एक जगह जमे हुए को स्थानांतरित करने खदान की विस्तारित करने,विस्थापितों नोकरी मौजा की देने बात हुई उपस्थित प्रबंधन की ओर से अमला पदाधिकारी तौकीर आलम,खान प्रबन्धक राजीव कुमार, असैनिक विभाग राजन कुमार चौधरी,इलेट्रिकल अभिषेक कुमार,यूनियन की ओर से केन्द्रीय महामंत्री बिनोद चौधरी, सीसीएल जोनल सह ढोरी क्षेत्र अध्यक्ष बैजनाथ महतो, परियोजना अध्यक्ष जमालुद्दीन अंसारी,सचिव कयूम आलम, चन्दन राम,गणेश रजवार,प्रवीण कुमार,विधा कामीन,सुमिया कामीन धन्यवाद तौकीर आलम आदि उपस्थित थे।

**खुशी क्लास** चितरपुर के तीन शिक्षण संस्थानों में आयोजित हुआ खुशी क्लास

# तनाव आपकी मौलिकता छीनती है, सकारात्मकता खुशियां लाती है : चौहान

- डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास कहीं भी फटकने नहीं देनी है
- अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है



राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर :** लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर व आरबी प्लस टू उच्च विद्यालय सांडी में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्था के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास कहीं भी फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। उन्होंने आगे कहा कि समाज में हाइपरटेंशन, तनाव, अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। स्थिति यह की विधायक का बेटा जिसे सारी सुविधाएं मिली है, वह भी आत्महत्या कर ले रहा है। आईटी टॉप छात्र सिर्फइसलिए आत्मदाह कर ले रहा है कि मां उसे डांट दी। अमूमन प्रतिदिन कहीं ना कहीं आत्महत्या की घटनाएं हो रही हैं। 5 फीट 1 इंच की युवती की शादी कम हाइट के चलते कट गई। उसने खुदखुशी कर ली। ऐसे सैकड़ो उदाहरण हैं। लोगों के बीच यह तनाव और डिप्रेशन महामारी का रूप लेता जा रहा है।

खुशी मिशन इसी तनाव, डिप्रेसन, आत्महत्या की प्रवृति को रोकने का एक प्रयास कर रही है।अंत में उन्होंने ने छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों से आग्रह किया कि अगर उन्हें कहीं लगता है कि कोई तनाव में है, खुशी क्लास से संपर्क कर सकते हैं। निःशुल्क उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य उमेश प्रसाद, चितरपुर महाविद्यालय के प्रो सुरेंद्र कुमार, आरबी उच्च विद्यालय के पूर्व प्राचार्य रवि प्रकाश केशरी सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## युवा वर्ग को व्यायाम और मुख्यधारा से जोड़ने का साधन है जिम : राजेश



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** प्रखंड स्थित जिंदल रोड में पिक फिटनेस सेंटर का उद्घाटन बुधवार को किया गया। उद्घाटन फिटनेस सेंटर के संचालक राजेश साव एवं उनकी पत्नी के द्वारा फीता काटकर किया गया। बताते चलें कि फिटनेस सेंटर अत्याधुनिक मशीनों से पूरी तरह लैस है तथा इस फिटनेस सेंटर में अनुभवी प्रशिक्षकों की भी नियुक्ति की गई है। युवा वर्ग के लिए व्यायाम से जुड़े साधन एवं वैसे युवक जो जिम के माध्यम से अपने शरीर का बनावट बेहतरीन बनाना चाहते हैं निश्चित तौर पर पिक फिटनेस सेंटर में आकर अपना पसीना बहा सकते हैं। इस संदर्भ में सेंटर के संचालक राजेश साव ने कहा कि युवा वर्ग की मांग तथा नव युवकों को व्यायाम के प्रति जागरूक करने के लिहाज से हमने इस फिटनेस सेंटर की शुरूआत की है।

## योजनाओं को धरातल पर उतारने का किया जा रहा है कार्य : अंबा प्रसाद



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जयनगर में विधायक की अनुशंसा एवं पहल पर डीएमएफटी मद से होने वाली रामधन साहू के घर से विजय पान गुमटी तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधायक अंबा प्रसाद ने दिन मंगलवार को शिलान्यास किया। जयनगर मे आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ढोल बाजे के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया तत्पशचात पूजन के बाद स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास कियो इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के सभी इलाकों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लगातार की गई प्रयासों के पश्चात रोज नई नई दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतर रही है। विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है सिर्फ पतरातू प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों योजनाओं का स्वीकृति प्रदान कराने का कार्य किया गया है और आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगो अंबा प्रसाद ने संबंधित विभाग के अधिकारी और कार्य कर रहे विभाग व संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से अमित साव, योगेंद्र सिंह,जयनगर मुखिया हीरा देवी,विजेंद्र मुंडा, छोटू साहू, रमेश बेदिया,मुन्ना अंसारी, मुकेश कुमार, अरविंद गिरी,जनक प्रसाद अरुण साव,माधव प्रसाद, राजेश कुमार, गुप्तेश्वर प्रसाद, बबलू प्रसाद,सुमित कुमार,सोहन साव सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

चितरपुर में ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

## चालान काटकर वसूला जुर्माना



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा:** रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस द्वारा चितरपुर आरक्षी शिविर के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया।बार-बार वाहन जांच अभियान के दौरान पकड़े जाने के बावजूद वाहन चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को वाहन जांच रामगढ़ यातायात पुलिस एस आई सफीउल्लाह, ए एस आई ध्रमदेव सिंह,हवलदार संजय राय ,आरक्षी अजीत मेहता ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को जांच के दौरान पकड़ा।टीम द्वारा दोपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में वैद्य कागजात तथा पंजीकरण प्रमाण, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र व वाहन संबंधित अन्य कागजातों की जांच की गई। कमी पाए जाने वाले वाहनों से ऑनलाइन 8000 एवं ऑफलाइन 7000 दंड शुल्क वसूला गया। बिना हेलमेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेलमेट का अवश्य इस्तेमाल का निर्देश दिया गया। जानकारी के अनुसार जांच की भनक लगते ही वाहन चालकों के बीच अफरा-तफरी मच गई और वाहन सवार वैकल्पिक मार्ग से छुप छुपाते भागते नजर आए। कईयों ने तो ट्रैफिक जवानों के द्वारा रुकने का इशारा पाते ही येन केन प्रकारेण मौके का लाभ लेते हुए ऐसे गायब हुए मानव गधे के सिर से सिंह। मौके पर जांच दल ने कहा कि बहुत से लोगों द्वारा खुलेआम यातायात नियमों की अनदेखी की जा रही है। बाइक चालक बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं पहनते हैं। साथ ही कार चलाते समय सीट बेल्ट भी नहीं लगाते जो कानूनन अपराध है। ऐसे वाहन चालक जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं उनके साथ नियम संगत सख्ती बरती जाएगी।

## भाकपा माले ने रेलीगढ़ा कांड के शहीदों को किया याद



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :**भाकपा माले द्वारा रेलीगढ़ा खुनी नरसंहार की 32वीं वर्षी मनाई गयी। भाकपा माले द्वारा अपने शहीदों की याद में रेलीगढ़ा फुटबॉल मैदान में शहादत दिवस मनाया गया।इस मौके पर सबसे पहले झंडोत्तोलन जिला सचिव पच्चू राणा ने किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहराई किस्कू एवं संचालन अजित प्रजापति ने किया ।तत्प ?ात मुख्यवक्ता बैजनाथ मिस्त्री, सुनील किस्कू, बिनोद प्रसाद, सुखराम मांझी, मना राम मांझी, रामप्रवेश गोप,चेतलाल मांझी मदन राम विजेंद्र प्रसाद शामिल थे। कुल सात बिंदु पर प्रस्ताव पारित किया गया ।जिसमें मुख्य रूप से वक्ताओं ने मणिपुर की घटना की तीव्र निंदा करते हुए मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री से इस्तीफा माँगा गया। अरगड्डा क्षेत्र के सभी प्रस्तावित कोलियरी को शीघ्र चालू कर बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग की।सभी विस्थापित एवं प्रभावित लोगों को लोकल सेल चालू कर रोजगार देने की मांग की।इस मौके पर दिनेश गोप, बैजनाथ मिस्त्री, पच्चू राणा,कोलेश्वर रजवार, सोहराई किस्कू, अजित प्रजापति मौजूद थे। शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

**आग्रह** मोहर्रम के पर्व को आपसी सौहार्द और प्रेम से मनाएं

# क्षेत्र में ना हो अशांति का माहौल :अंचलाधिकारी

- लोग सोशल मीडिया पर किसी भी तरह से विवादित पोस्ट करने से बचें
- त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर सबों ने अपनी सहमति जताई



राष्ट्रीय खबर

**बासल :** पतरातू थाना में आने वाले मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी, थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह एवं मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्ध लोगों के अलावे क्षेत्र के अन्य धर्मों के बुद्धिजीवियों ने शिरकत की। बैठक में मुख्य रूप से मुहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से बिना किसी विवाद एवं उपद्रव के साथ मनाने पर सभी लोगों ने अपनी सहमति जताई। इस बैठक में क्षेत्र के मुखिया गण समाजसेवी एवं विभिन्न पार्टियों के कार्यकताओं के साथ समाज के हर वर्ग के बुद्धिजीवी उपस्थित होते हुए इस त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर सबों ने अपनी सहमति जताई। मौके पर अंचलाधिकारी, एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी के द्वारा सभी लोगों के बीच एक सख्त संदेश दिया गया कि लोग सोशल मीडिया पर किसी भी तरह से विवादित पोस्ट करने से बचें जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बनने का अंदेशा हो। यदि कहीं इस तरह के विवादित पोस्ट आपको मिलते हैं तो उसको फॉरवर्ड ना करके इसकी सूचना प्रशासन को दें इस पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी और कोई ऐसी हरकत ना करें जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न हो।

### बेरमों में मतगणना कार्य संपन्न हुआ



**बेरमो :** गुरुवार को स्थानीय विद्यालय अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में विद्या भारती की योजनानुसार बाल संसद के गठन हेतु कल हुए मतदान का मतगणना कार्य संपन्न किया गया। भारतीय संविधान के अनुसार चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से बाल संसद के प्रमुख पदाधिकारियों का निर्वाचन पद्धति से भैया बहनों के मतदान की प्रक्रिया द्वारा चयन किया गया। विजेता प्रतिभागियों के अंतर्गत बाल संसद के अंतर्गत विजेता के रूप में सेनापति पद पर आदित्य पांडे, सह सेनापति पद पर करण कुमार महतो, मंत्री पद पर अनीश खान एवं सह मंत्री पद पर पियूष कुमार महथा मतगणना में विजयी हुए ।अधिकारियों के द्वारा दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशियों में बहन जूही कुमारी,रौशनी कुमारी,प्रतिभा कुमारी को मनोनीत सदस्य के रूप में चुना गया।

### रामगढ़ जिले के 13 वें उपायुक्त के रूप में चंदन कुमार ने किया पदभार ग्रहण



**रामगढ़ :** जिला समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में रामगढ़ जिले के 13 वें उपायुक्त के रूप में चंदन कुमार ने निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा से विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बात करने के क्रम में उपायुक्त चंदन कुमार ने कहां की सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना, शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में रामगढ़ जिले का विकास सुनिशिचत करना उनकी प्राथमिकता होगी।

### होटल से इंवाइटर चोरी की कोशिश नाकाम



**बेरमो /जारंगडीह :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मुख्य मार्ग पर स्थित अंजली होटल में बीते मध्य रात्री स्थानीय दो नाबालिग लड़को ने होटल के सटर का ताला तोड़ कर इन्वाइटर चोरी की घटना को अंजाम दिया मगर बैटरी लेकर भागते युवको को ट्रक चालक और खलासी खदेड़ा। जिसके बाद चोर बैट्री छोड़ कर भाग गया। जबकि दुसरा चोर इन्वाइटर मशीन लेकर फरार हो गया। इधर होटल मालिक रोहित महतो जब सुबह दुकान खोलने पहुचा तो देखकर दंग रह गया। दुकान के शटर का ताला टुटा हुआ है। दुकान के अंदर जाकर देखा तो इन्वाइटर और बैटरी के साथ साथ दुकान के अन्य सामान गायब था। दुकान मालिक आनन फानन बोकारो थर्मल पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुच पुरे मामले को समझने के बाद घटना को अंजाम देने वाले दोनो युवको के घर उसकी खोजबीन में पहुची मगर दोनो ही घर से फरार था। पुलिस दोनो के परिजनों को शाम तक अपने अपने बेटे को लेकर थाना आने को कहा। इधर होटल मालिक को इन्वाइटर का बैटरी तो मिल गया मगर इन्वाइटर मशीन नही मिला है। पुलिस दोनो युवको को ढुंढने के साथ साथ इन्वाइटर मशीन बरामद करने की जुगत भीड़ा रही है। इधर दोनो युवको के बारे में मिली जानकारी के अनुसार दोनो ही नशा के आदी है और नशा की खुराक की पूर्ति के लिए इस तरह की घटना को अंजाम देता है। इससे पुर्व भी दोनो युवक अनेको छोटी मोटी चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है और लोगो द्वारा पकड़ा भी गया है। मगर हर बार ये लोग बच्चा होने के कारण छोड़ दिया जाता रहा है।

### अंगवाली हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने विधायक से सुनाई अपनी व्यथा



**बेरमो :** अंगवाली हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह से अपनी फरियाद सुनाई। सभी छात्र छात्राएं अंगवाली से पैदल चलकर बेरमो विधायक के आवास ढोरी स्टाफ क्वार्टर पहुंच स्कूल में शिक्षकों के द्वारा किया जा रहा व्यवहार के बारे में बताया। कहां कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा एक शिक्षक द्वारा छात्र छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। शिक्षक शराब का सेवन कर अभद्र भाषा बोलते है। लाइब्रेरी बंद रखते है तथा बाथरूम के टंकी में पानी नहीं भरवाते है। स्कूल देर से आते है। सभी बात सुनने के बाद विधायक ने जिला शिक्षा अधिकारी जगरनाथ लोहारा को फोन कर सारी परिस्थिति बताई। कहां कि तुरंत स्कूल में पहुंचकर इसकी छानबीन करें। अंगवाली से पैदल आने के क्रम में कुछ छात्राओं का चप्पल टूट जाने पर विधायक ने तुरंत नए चप्पल मंगवाकर छात्राओं को दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विधायक ने मोबाइल का उपयोग न करने की नसीहत दी। कहा कि आप विद्यालय में पढ़ने जाते हैं इस कारण केवल वहां पढ़ाई करें। मोबाइल का उपयोग करने से आपका भविष्य पर असर पड़ेगा। आपके माता-पिता खुद आधा पेट खाकर आपको भरपेट खाना खिला कर पढ़ाई करवा रहे हैं इस कारण उनका सम्मान करें।

### पति ने फंदे पर झूलकर दी जान

**बेरमो :** नावाडीह थाना क्षेत्र के बोरवाडीह गांव निवासी परमेश्वर महतो के तीस वर्षीय पुत्र सुरेश महतो ने अपनी दुकान में फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। घटना 25 जुलाई मंगलवार देर रात की बताई जाती है ।सुरेश महतो की पत्नी चिन्ता देवी मायके गई थी। नावाडीह के एएसआई जयशीष शर्मा बुधवार की सुबह दलबल के साथ मौके पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पतला चास भेज दिया। पुलिस ने पत्नी के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है। घटना के संबंध में बताया गया कि पत्नी चिन्ता देवी सोमवार की सुबह अपने मायके गई थी। वहां उसकी भाभी अस्पताल मे भर्ती थी। वह अपने दोनों बच्चों कृष्ण कुमार 8 वर्ष और सोनम कुमारी 5 वर्ष को पति के पास छोड गई थी। सुरेश महतो ने मंगलवार को उसे फोन कर लौटने को कहा, लेकिन पत्नी ने एक-दो दिन बाद घर लौटने की बात कही। जब पत्नी नहीं लौटी तो सुरेश अपनी पुत्री सोनम कुमारी को दादी के पास खाना खिलाकर सुला दिया और पुत्र कृष्ण कुमार को साथ लेकर दुकान पर सो गया. बुधवार की सुबह पुत्र उठा तो पिता का शव दुकान के एसबेस्टस शीट पर लगे लोहे के पाइप पर रस्सी के सहारे झूलते पाया। उसने बाहर निकलकर शोर मचाया तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही उत्पाद एंव मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी, प्रमुख पूनम देवी, उपप्रमुख हरिलाल महतो, जिप सदस्य फूलमती देवी, मुखिया गायत्री देवी आदि मौके पर पहुंचे और परिजन को ढांढस बंधाया।

संपादकीय

# मणिपुर से गुजरात दंगे की याद आती है

सर्वोच्च न्यायालय ने जब मणिपुर की घटना पर स्वतः संज्ञान लिया तो सरकार को चौकन्ना होना पड़ा। आनन फानन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मीडिया के सामने एक छोटा सा बयान देकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्ति पा गये। संसद के भीतर वह बयान देने से बचते नजर आ रहे हैं। यह भी सोचने वाली बात है कि मणिपुर उच्च न्यायालय भी घटना का स्वतः संज्ञान ले सकता था लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के उलट वह भी खामोश ही रहा है। मई माह में मणिपुर में कुकी जोमी महिलाओं पर भीड़ के हमले का जो परेशान करने वाला वीडियो सामने आया है वह इस बात को रेखांकित करता है कि राज्य के संस्थान कानून व्यवस्था की दिक्कतों से तत्काल और निष्पक्ष तरीके से निपटने में विफल रहे हैं और उनकी यह नाकामी निंदनीय है। 19 जुलाई को वीडियो सार्वजनिक होने के बाद पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया और उन पर अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या का आरोप




लगाया। पुलिस को अभी यह बात स्पष्ट करनी है कि एक वायरल वीडियो जो घटना के 77 दिन बाद फैला, उसके बाद ही प्राथमिकी क्यों दर्ज की गई और उसने इसके बाद ही कदम क्यों उठाया। सरकारी कामकाज की गति भले ही धीमी होती है लेकिन यह अपराध इतना जघन्य था कि इस पर तुरंत कदम उठाया जाना चाहिए था। इससे भी बुरी बात यह है कि पुलिस के अपराधियों के साथ मिलकर काम करने की खबरें भी सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक पीड़ितों ने पहले जंगल में शरण ली थी जहां से पुलिस उन्हें सुरक्षित निकाल रही थी। रास्ते में भीड़ ने उन्हें छीन लिया, उन्हें नग्न करके उनका जुलूस निकाला और उनके साथ हिंसा की। एक पीड़िता के पिता और भाई ने उसे बचाने की कोशिश की तो उनकी भी हत्या कर दी गई। एक तथ्य यह भी है कि आतताइयों ने अपने कर्म छिपाने के प्रयास नहीं किए। इससे पता चलता है कि उन्हें सरकारी एजेंसियों का कोई डर नहीं था। आश्चर्य की बात है कि पुलिस ने भी ऐसा कोई प्रयास नहीं किया कि वह घटना में अपनी भूमिका के बारे में मीडिया के प्रश्नों से बचे। ऐसा कोई प्रमाण भी नहीं है कि घटना में शामिल पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई हो। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पुलिस ने शिकायत की है कि भीड़ के सामने वह तादाद में कम पड़ गई। यह शिकायत उलझाने वाली है क्योंकि केंद्र सरकार वहां के हालात की निगरानी कर रही है और कहा जा रहा है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था लागू करने के लिए बड़े पैमाने पर केंद्रीय बल तैनात किए गए हैं। उदाहरण के लिए जून में केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 1,000 जवान भेजे थे। उससे पहले त्वरित कार्य बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की 114 टुकड़ियां वहां तैनात थीं। गृह मंत्रालय ने इनकी तैनाती वहां सेना और असम राइफल्स की स्थिति मजबूत करने के लिए की है। सच यह है कि वहां जातीय हिंसा नियंत्रण से बाहर हो रही है और उक्त वीडियो इसकी एक बानगी भर है। अगर इतनी बड़ी तादाद में राज्य और केंद्रीय बलों की उपस्थिति के बावजूद ऐसा हो रहा है तो इसका जवाब सामने आना चाहिए। हालांकि प्रधानमंत्री ने दुख जताया है लेकिन उन्होंने विपक्ष की मांग के अनुरूप संसद में कोई बयान नहीं दिया है। इसके चलते वहां गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। राज्य के हालात को देखते हुए प्रधानमंत्री का वक्तव्य मणिपुर और पूरे देश को आश्वस्त करने का काम करेगा। परंतु इसके बजाय खबर यह है कि सरकार ट्विटर पर कार्रवाई करने जा रही है कि उसने वीडियो को फैलने कैसे दिया। मणिपुर उच्च न्यायालय भी घटना का स्वतः संज्ञान ले सकता था लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के उलट वह भी खामोश ही रहा है। नागरिकों के बुनियादी अधिकारों और उनकी सुरक्षा करने में राज्य के संस्थानों का नाकाम रहना एक ऐसे देश के लिए गहन चिंता का विषय होना चाहिए जो वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ना चाहता है। इन तमाम कारणों से गुजरात दंगे की याद आती है जब वहां नरेंद्र मोदी ही मुख्यमंत्र थे। प्रधानमंत्री अटल बिहार बाजपेयी के गुजरात पहुंचने और सीधी बात कहने के बाद ही दंगा को नियंत्रित किया जा सका था। घटनाक्रम बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक अपने गुजरात के मुख्यमंत्री वाली सोच से बाहर नहीं आ पाये हैं। इसी वजह से वह निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की पंचायत के अंदर जाकर बयान देने से डर रहे हैं। अजीब बात यह है कि उसी अटलबिहारी बाजपेयी की पार्टी के प्रचंड बहुमत के बाद भी नीचे से ऊपर तक सभी नेता खामोशी बनाये हुए हैं। खुद नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी बार की जीत और भारत के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की बात तो कर रहे हैं पर मणिपुर पर उनकी निरंतर चुप्पी देश को पसंद नहीं आ रही है।

# मणिपुर समस्या का एक पहलु यह भी है

वो लोग जो मणिपुर का रास्ता नहीं जानते। पूर्वोत्तर के राज्यों की राजधानी शायद जानते हो लेकिन कोई दूसरे शहर का नाम तक नहीं बता सकते उनके ज्ञान वर्धन के लिए बता दूं, जब अंग्रेज भारत आए तो उन्होंने पूर्वोत्तर की ओर भी कदम बढ़ाए जहाँ उनको चाय के साथ तेल मिला। उनको यहां भी डाका डालना था। उन्होंने वहां पाया कि यहाँ के लोग बहुत सीधे सरल हैं और ये लोग वैष्णव सनातनी हैं। परन्तु जंगल और पहाड़ों में रहने वाले ये लोग पूरे देश के अन्य भाग से अलग हैं तथा इन सीधे सादे लोगों के पास बहुमूल्य सम्पदा है। अतः अंग्रेजों ने सबसे पहले यहाँ के लोगों को देश के अन्य भूभाग से पूरी तरह काटने को सोचा। इसके लिए अंग्रेज लोग ले आए इनर परमिट और आउटर परमिट की व्यवस्था। इसके अंतर्गत कोई भी इस इलाके में आने से पहले परमिट बनवाएगा और एक समय सीमा से आगे नहीं रह सकता। परन्तु इसके उलट अंग्रेजों ने



**सव्यसाची शर्मा**
स्तंभकार

अपने भवन बनवाए और अंग्रेज अफसरों को रखा जो चाय की पत्ती उगाने और उसको बेचने का काम करते थे। इसके साथ अंग्रेजों ने देखा कि इस इलाके में ईसाई नहीं हैं। अतः इन्होने ईसाई मिशनरी को उठा उठा के यहां भेजा। मिशनरीयों ने इस इलाके के लोगों का आसानी से धर्म परिवर्तित करने का काम शुरू किया। जब खूब लोग ईसाई में परिवर्तित हो गए तो अंग्रेज इनको ईसाई राज्य बनाने का सपना दिखाने लगे। साथ ही उनका आशय था कि पूर्वोत्तर से चीन, भारत तथा पूर्वी एशिया पर नजर बना के रखेंगे। अंग्रेजों ने एक चाल और चली। उन्होंने धर्म परिवर्तित करके ईसाई बने लोगों को रळ का दर्जा दिया तथा उनको कई सरकारी सुविधाएं दी। धर्म परिवर्तित करने वालों को कुकी जनजाति और वैष्णव लोगों को मैती समाज कहा जाता है।

तब इतने अलग राज्य नहीं थे और बहुत सरे नगा लोग भी धर्म परिवर्तित करके ईसाई बन गए। धीरे धीरे ईसाई पंथ को मानने वालों की संख्या वैष्णव लोगों से अधिक या बराबर हो गयी। मूल लोग सदा अंग्रेजों से लड़ते रहे जिसके कारण अंग्रेज इस इलाके का भारत से विभाजन करने में नाकाम रहे। परन्तु वो मैती हिंदुओं की संख्या कम करने और परिवर्तित लोगों को अधिक करने में कामयाब रहे। मणिपुर के 90 प्रतिशत भूभाग पर कुकी और नगा का कब्जा हो गया जबकि 10 प्रतिशत पर ही मैती रह गए। अंग्रेजों ने इस इलाके में अफीम की खेती को भी बढ़ावा दिया और उस पर ईसाई कुकी लोगों को कब्जा करने दिया।

आजादी के समय वहां के राजा थे बोध चंद्र सिंह और उन्होंने भारत में विलय का निर्णय किया। 1949 में उन्होंने नेहरू को बोला कि मूल वैष्णव जो कि 10 प्रतिशत भूभाग में रह गए है उनको एसटी का दर्जा दिया जाए। नेहरू ने उनको जाने को कह दिया। फिर 1950 में संविधान अस्तित्व में आया तो नेहरू ने मैती समाज को कोई छूट नहीं दी। 1960 में नेहरू सरकार द्वारा लैंड रिफार्म एक्ट लाया जिसमे 90 प्रतिशत भूभाग वाले कुकी और नगा ईसाईयों को एसटी में डाल दिया गया। इस एक्ट में ये प्रावधान भी था जिसमे 90 प्रतिशत कुकी - नगा वाले कहीं भी जा सकते हैं, रह सकते हैं और जमीन खरीद सकते हैं परन्तु 10 प्रतिशत के इलाके में रहने वाले मैती हिंदुओं को ये सब अधिकार नहीं था। यहीं से मैती लोगों का दिल्ली से विरोध शुरू हो गया। नेहरू एक बार भी पूर्वोत्तर के हालत को ठीक करने करने नहीं गए। उधर ब्रिटेन की एम आई 6 और पाकिस्तान की आईएसआई मिलकर कुकी और नगा को हथियार देने लगी जिसका उपयोग वो भारत विरुद्ध तथा मैती वैष्णवों को भागने के लिए करते थे। मैतियो ने उनका जम कर बिना दिल्ली के समर्थन के मुकाबला किया। सदा से इस इलाके में कांग्रेस और कम्युनिस्ट लोगों की सरकार रही और वो कुकी तथा नगा ईसाईयों के समर्थन में रहे। चूँकि लड़ाई पूर्वोत्तर में ट्राइबल जनजातियों के अपने अस्तित्व की थी तो अलग अलग फ्रंट बनाकर सबने हथियार उठा लिया। पूरा पूर्वोत्तर आईएसआई द्वारा एक लड़ाई का मैदान बना दिया गया। जिसके कारण मिजो जनजातियों में सशत्र विद्रोह शुरू हुआ। बिना दिल्ली के समर्थन जनजातियों ने आईएसआई समर्थित कुकी, नगा और म्यांमार से भारत में अनधिकृत रूप से आये चिन जनजातियों से लड़ाई करते रहे। जानकारी के लिए बताते चलें कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट ने मिशनरी के साथ मिलकर म्यांमार से आये इन चिन जनजातियों को मणिपुर के पहाड़ी इलाकों और जंगलों की नागरिकता देकर बसा दिया। ये चिन लोग आईएसआई के पाले कुकी तथा नगा ईसाईयों के समर्थक थे तथा वैष्णव मैतियों से लड़ते थे। पूर्वोत्तर का हाल खराब था जिसका पोलिटिकल सलूशन नहीं निकाला गया और एक दिन इन्दिरा गाँधी ने आदिवासी इलाकों में हवाई हमले का आर्डर दे दिया जिसका आर्मी तथा वायुसेना ने विरोध किया परन्तु राजेश पायलट तथा सुरेश कलमाड़ी ने एयर स्ट्राइक किया और अपने लोगों की जाने ली। इसके बाद विद्रोह और खूनी तथा सशत्र हो गया।

1971 में पाकिस्तान विभाजन और बांग्ला देश अस्तित्व आने से आईएसआई को झटका लगा परन्तु म्यांमार उसका एक खुला एरिया था। उसने म्यांमार के चिन लोगों का मणिपुर में एंट्री कराया जिसका कांग्रेस तथा उधर म्यांमार के अवैध चिन लोगों ने जंगलों में डेरा बनाया और वहां ओपियम यानि अफीम की खेती शुरू कर दिया। पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड दशकों तक कुकियों और चिन लोगों के अफीम की खेती तथा तस्करी का खुला खेल का मैदान बन गया। म्यांमार से आईएसआई और एमआई 6 ने इस अफीम की तस्करी के साथ हथियारों की तस्करी की अलग अर्थव्यवस्था खड़ी कर दी। जिसके कारण पूर्वोत्तर के इन राज्यों की बड़ा जनसँख्या नशे की भी आदि हो गई। नशे के साथ हथियार उठाकर भारत के विरुद्ध युद्ध फलता फूलता रहा।

मणिपुर उच्च न्यायालय ने फैसला किया कि अब मैती जनजाति को एसटी का स्टेटस मिलेगा। इसका परिणाम ये होगा कि नेहरू के बनाए फामूर्ला का अंत हो जाएगा जिससे मैती लोग भी 10 प्रतिशत के सिकुड़े हुए भूभाग की जगह पर पूरे मणिपुर में कहीं भी रह, बस और जमीन ले सकेंगे। ये कुकी और नगा को मंजूर नहीं। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि सरकार पहचान करके म्यांमार से आए अवैध चिन समुदाय के लोगों को बाहर निकलेगी और अफीम की खेती को समाप्त करेगी। इसके कारण तस्करों का गैंग सदमे में आ गया।

इसके बाद ईसाई कुकियों और ईसाई नगाओं ने अपने दिल्ली बैठे आकाओं, कम्युनिस्ट लुटियन मीडिया को जागृत किया। पहले इन लोगों ने अखबारों और मैगजीन में गलत लेख लिखकर और उलटी जानकारी देकर शेष भारत के लोगों को बरगलाने का काम शुरू किया। उसके बाद दिल्ली से सिग्नल मिलते ही ईसाई कुकियों और ईसाई नगाओं ने मैती वैष्णव लोगों पर हमला बोल दिया। जिसका जवाब मैतियों दुगुना वेग से दिया और इन लोगों को बुरी तरह कुचल दिया जो कि कुकी - नगा के साथ दिल्ली में बैठे इनके आकाओं के लिए भी अप्रत्याशित था। लात खाने के बाद ये लोग अदातानुसार विक्टम कार्ड खेलकर रोने लगे। अभी भारत की मीडिया का एक वर्ग जो कम्युनिस्ट तथा कांग्रेस का प्रवक्ता है अब रोएगा क्योंकि पूर्वतर में मिशनरी, अवैध घुसपैठियों और तस्करों के बिल में मणिपुर तथा केंद्र सरकार ने खौलता तेल डाल दिया है।

नजरिया

# नई शिक्षा नीति लागू होने से क्या हो जायेंगे परिवर्तनकारी बदलाव

29 जुलाई 2023 को भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 3 वर्ष पूरे हो रहे हैं. 29 जुलाई 2020 को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई थी।नई शिक्षा नीति का एक बड़ा उद्देश्य 2030 तक प्री स्कूल से लेकर सेकंडरी स्तर में सौ फीसदी सकल नामांकन अनुपात हासिल करना है. नई शिक्षा नीति में प्री स्कूल से लेकर बारहवीं तक के सभी बच्चों को समग्र शिक्षा मुहैया कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समेकित प्रयास किए जा रहे हैं. ड्रॉप आउट हुए बच्चों को वापस स्कूल से जोड़ने और पढ़ाई के बीच में छोड़ने से रोकने के लिए स्कूलों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा और स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने के साथ साथ हर स्तर पर पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



**अशरफ परवेज**
स्तंभकार

शिक्षा के संबंध में गांधी जी का तात्पर्य 'बालक और मनुष्य के शरीर, मन तथा आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास से है'। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद का कहना था कि 'मनुष्य की अंर्तनिहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है'। इन्हीं सब चर्चाओं के मध्य हम देखेंगे कि 1986 की शिक्षा नीति में ऐसी क्या कमियाँ रह गई थीं जिन्हें दूर करने के लिये नई राष्ट्रीय शिक्षा नति को लाने की आवश्यकता पड़ी। साथ ही क्या यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम होगी जिसका स्वप्न महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था?सबसे पहले'शिक्षा' क्या है इस पर गौर करना आवश्यक है।

> **शिक्षा के संबंध में गांधी जी का तात्पर्य 'बालक और मनुष्य के शरीर, मन तथा आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास से है'। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद का कहना था कि 'मनुष्य की अंर्तनिहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है'।**

शिक्षा का शाब्दिक अर्थ होता है सीखने एवं सिखाने की क्रिया परंतु अगर इसके व्यापक अर्थ को देखें तो शिक्षा किसी भी समाज में निरंतर चलने वाली सामाजिक प्रक्रिया है जिसका कोई उद्देश्य होता है और जिससे मनुष्य की आंतरिक शक्तियों का विकास तथा व्यवहार को परिष्कृत किया जाता है। शिक्षा द्वारा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाया जाता है।

गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति 2020 की घोषणा के साथ ही मानव संसाधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया।इस नीति द्वारा देश में स्कूल एवं उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी सुधारों की अपेक्षा की गई। इसके उद्देश्यों के तहत वर्ष 2030 तक स्कूली शिक्षा में 100% GER के साथ-साथ पूर्व-विद्यालय से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य रखा गया। अंतिम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में बनाई गई थी जिसमें वर्ष 1992 में संशोधन किया गया था।

वर्तमान नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात (GER) को 100% लाने का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय ज्ञान प्रणालियाँ, जिनमें जनजातीय एवं स्वदेशी ज्ञान शामिल होंगे, को पाठ्यक्रम में सटीक एवं वैज्ञानिक तरीके से शामिल किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 21वीं सदी के भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिये भारतीय शिक्षा प्रणाली में बदलाव हेतु जिस नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को मंजूरी दी है अगर उसका क्रियान्वयन सफल तरीके से होता है तो यह नई प्रणाली भारत को विश्व के अग्रणी देशों के समकक्ष ले आएगी। नई शिक्षा नीति, 2020 के तहत 3 साल से 18 साल तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून, 2009 के अंतर्गत रखा गया है। 34 वर्षों पश्चात आई इस नई शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है जिसका लक्ष्य 2025 तक पूर्व-प्राथमिक शिक्षा (3-6 वर्ष की आयु सीमा) को सार्वभौमिक बनाना है। स्नातक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, थ्री-डी मशीन, डेटा-विश्लेषण, जैवप्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों के समावेशन से अत्याधुनिक क्षेत्रों में भी कुशल पेशेवर तैयार होंगे और युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी।

# सफलता के लिए लगातार सीखे

प्रेरक-प्रसंग

एक बार एक राजा ने एक बढई को राज काज के लिए नियुक्त किया। राजा उसके कार्य से काफी खुश था, क्योंकि उसने पहले ही महीने लगभग 18 पेड़ो को काटा था।

अगले महीने उस बढई ने काफी कोशिश की, लेकिन वो केवल 15 पेड़ो को ही काट पाया। तीसरे महीने अपनी पूरी सामर्थ्य लगा कर भी, वह केवल 12 पेड़ो को ही काट पाया। धीरे धीरे उसकी पेड़ काटने की क्षमता कम होने लगी।एक दिन राजा उसके पास पंहुचा और उसके उत्पादकता में कमी का कारण पूछा- बढई ने जवाब दिया- महाराज मेरी उम्र



भी बढ़ रही है, और शरीर की शक्ति भी कम हो रही है, इसी कारण मेरी उत्पादकता में कमी हो रही है।

यह जानकर राजा ने पूछा कितने समय पहले तुमने अपनी कुल्हारी को धार लगाई थी। आश्चर्यचकित हो कर बढई ने जवाब दिया केवल एक ही बार।

तब राजा ने समझाया यही कारण है, कि तुम्हारी पेड़ काटने की उत्पादकता में दिन प्रतिदिन कमी आ रही है। पहले अपनी कुल्हाडी में धार लगाओ, फिर तुम्हारी उत्पादकता में बढ़ोत्तरी होगी।

**कहानी से शिक्षा**

काम को आसानी से करने के लिए चीजों की लगातार सीखना चाहिए, जिससे हम काम को आसानी से कर सके और हमारे काम में तेजी ला सके।

जानकारी

# राधानगर बीच



राधानगर समुद्र तट का वातावरण सबसे आकर्षक है और सूर्यास्त का दृश्य मन को मोह लेने वाला है। आप सूर्य की सुंदरता की प्रशंसा कर सकते हैं क्योंकि वह क्षितिज पर छिप जाता है और आसमान के बदलते रंग टोन एक मनमोहक दृश्य है जो आपको आर्यचकित कर देगा!

समुद्र तट पर एक छोटा वॉच टावर जैसी संरचना बनाई गई है जो आपको जगह की कुछ हवाई तस्वीरें लेने की सुविधा देती है।दिन के दौरान, आप तैराकी या धूप सेंकने के लिए इस मीठे सफेद रेत वाले समुद्र तट पर जा सकते हैं। लहरें काफी उबड़-खाबड़ हैं यदि आप अच्छे तैराक हैं तो आप यहां कुछ डुबकी लगा सकते हैं या आप पानी में खेल सकते हैं क्योंकि लहरें आपको हिलाती रहती हैं। तैराकी के लिए सुरक्षित क्षेत्र बनाये जाते हैं और उन्हें जाल से ढक दिया जाता है। पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन के लिए लाइफगार्ड उपलब्ध हैं। राधानगर समुद्र तट पर किसी भी जल गतिविधि की अनुमति नहीं है। हैवलॉक द्वीप पर सभी जल गतिविधियाँ समुद्र तट नंबर 3 के पास या एलिफेंट बीच पर की जाती हैं। आप इस समुद्र तट पर केवल सूर्यास्त तक ही तैर सकते हैं।

# सैमसंग का फ्लिप फोन 3,700mAh बैटरी के साथ लॉन्च

साइबर दुनिया

नई दिल्ली: Samsung Galaxy Z Flip 5 को आज (26 जुलाई) को Galaxy Unpacked BUZaMX ,fZa Galaxy Z Fold 5 के साथ लॉन्च किया गया। नया क्लैमशेल फोल्डेबल स्मार्टफोन पिछले साल के Galaxy Z Flip 4 के सक्सेसर के रूप में आता है और एक नए फ्लेक्स हिंज, एक बड़े कवर डिस्प्ले और एक नए चिपसेट से लैस आता है।



Samsunfg Galaxy Z Flip 5 ओवरक्लॉक्ड सीपीयू और जीपीयू कोर के साथ गैलेक्सी के लिए कस्टम Snapdragon 8 Gen 2 मोबाइल प्लेटफॉर्म पर चलता है। इसमें वॉटर-रेसिस्टेंट IPX8 बिल्ड है और डिस्प्ले और रियर ग्लास पर कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास Victus 2 प्रोटेक्शन है। Galaxy Z Flip 5 में 3,700mAh की बैटरी है। Samsung Galaxy Z Flip 5 की कीमत, उपलब्धता

Samsung Galaxy Z Flip 5 की शुरूआती कीमत 999 डॉलर (करीब 82,000 रुपये) है, जिसमें 8GB रैम + 256GB स्टोरेज वेरिएंट आएगा। इसका एक 512GB स्टोरेज मॉडल भी है, जिसमें 12GB रैम शामिल है। इसे ब्लू, क्रीम, ग्रेफाइट, ग्रे, ग्रीन, लैवेंडर, मिंट और येलो शेड्स में पेश किया गया है। सैमसंग ने लेटेस्ट फोल्डेबल हैंडसेट के साथ विभिन्न केस ऑप्शन जैसे क्लियर गैजेट, फ्लैप इको-लेदर, फ्लिपसूट और सिलिकॉन से लैस रिंग भी पेश किए हैं।

Samsung Galaxy Z Flip 5 11 अगस्त से चुनिंदा ग्लोबल मार्केट में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। स्मार्टफोन की भारत कीमत और उपलब्धता के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है।

याद दिला दें, Samsung Galaxy Z Flip 4 की भारत में शुरूआती कीमत 89,999 रुपये थी। गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट के दौरान सैमसंग ने Galaxy Z Fold 5 बुक स्टाइल फोल्डेबल फोन से भी पर्दा उठाया, जिसकी शुरूआती कीमत डॉलर (लगभग रुपये) है।

टॉप ट्वीट

"आज आप राजस्थान पधार रहे हैं। आपके कार्यालय पीएमओ ने मेरा पूर्व निर्धारित तीन मिनट का संबोधन कार्यक्रम से हटा दिया है इसलिए मैं आपका भाषण के माध्यम से स्वागत नहीं कर सकूंगा अतः मैं इस ट्वीट के माध्यम से आपका राजस्थान में तहेदिल से स्वागत करता हूं।"

**अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री





"मेरे प्यारे पंजाब, मेरा दिल तुम्हारे लिए दुखता है। चूंकि बाढ़ ने उस भूमि पर कहर बरपाया है, जिसने मुझे बड़ा किया है, ऐसे में मैं बेकार खड़ा रहना बर्दाश्त नहीं कर सकता। पंजाब ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब वापस लौटने का समय आ गया है।"

**सोनू सूद**
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

# एकता सबसे बड़ी ताकत

परिवारिक बिखराव समाज को कमजोर करता है। आज के दौर में परिवार के जितने सदस्य हैं उतने चूल्हे चौके बन चुके हैं। इसकी एक वजह वैचारिक मतभेद के साथ संस्कारहीनता भी है। परिवार में बड़े बुजुर्गों से मिलने वाली शिक्षा बड़ी समस्याओं के समाधान में सहायक होती है। शायद यही वजह है कि गुजरात के एक गांव में बड़े परिवारों की महत्ता समझी जा रही है।

आपसी सद्भाव और परस्पर सहयोग से वंचित परिवारों के लिए गुजरात मॉडल एक मिसाल बन सकता है वहां सामूहिक रसोई के जरिए टूटे परिवारों को जोड़ा जा रहा है। गुजरात के मेहसाणा के सांकापुरा गांव में बिखरे परिवारों से अकेलेपन को महसूस कर इसे दूर करने की शुरूआत हुई। आरंभ में 15 दंपतियों के एकाकीपन को दूर करने का प्रयोग किया गया जिसके सफल होते आज 45 परिवार इसके सहभागी बन चुके हैं। पूरा गांव 116 परिवारों का है। लोग अपना अलग-अलग भोजन न बनाकर सामूहिक रसोई प्रतिदिन आयोजित करते हैं। बकायदा भोजन बनाने के लिए इन परिवारों ने एक परिवार को जिम्मा दिया है जिसका मेहनताना सभी मिलकर देते हैं। इससे जरूरतमंद परिवार की रोजगार की जरूरत भी पूरी हुई है। निश्चित रूप से मतभेद के कारण छिन्न-भिन्न हो चुके परिवारों के लिए इस तरह का प्रयोग मन मुटाव दूर कर उनके मिलाव में सहायक सिद्ध हो सकता है। आज जबकि देश में कई तरह के नवाचार हो रहे हैं पारिवारिक और सामाजिक एकता के लिए गुजरात के उस छोटे से गांव से सबक लेना चाहिए।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### युवा संगठन ने किया रक्तदान

**इचाक :** इचाक आदर्श युवा संगठन के सक्रिय सदस्य सुनील बैध ने परासी निवसी टिंकू देवी पति लक्ष्मण पांडे को ब्लड की सत आवश्यकता थी जैसे ही सुनील बैध को पता चला अपने हर एक निजी काम को छोड़कर सदर अस्पताल गया और हर बार की तरह जरूरतमंद महिला को अपना रक्त देकर जान बचाने का काम किया।

## सिटी अपडेट्स >>

### झामुमो के नवनियुक्त जिला संयोजक मंडली के सदस्य रामकिशोर मुर्मू का किया स्वागत

**चरही :** चरही झारखंड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग के नवनियुक्त जिला संयोजक मंडली के सदस्य रामकिशोर मुर्मू का पार्टी के कार्यकताओं व रैय्यत विस्थापित मोर्चा के सदस्यों ने बुधवार को उनके निवास स्थान फुसरी में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। निवास स्थान फुसरी में गुलदस्ता देकर कार्यकताओं ने बधाई दी। ज्ञात हो कि इससे पूर्व झामुमो द्वारा इन्हें एक और जिम्मेवारी दी गई है जिसमें मुर्मू को झामुमो का केंद्रीय सदस्य भी बनाया गया है। मौके पर मुर्मू ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन, यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा और बिनोद पाण्डेय को बधाई दिया एवं पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर विश्वास करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। मैं हर संभव पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रयासरत रहूंगा, पार्टी को मजबूत एवं सशक्त करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। एवं सरकार की जो भी योजना है उसे धरातल पर उतारने की हमेशा कोशिश रहेगी। बधाई देने वालों में आशिक अंसारी, बॉबी करीम, अब्दुल कादिर जिलानी, एहसान अंसारी, मुबारक हुसैन,अशरफ अंसारी, बेलाल अंसारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बड़कागांव में गायत्री हवन यज्ञ का आयोजन

**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड के राम जानकी मंदिर के प्रांगण में गायत्री परिवार द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता हजारीबाग जोन के उप समन्वयक रघुनंदन जी ने किया। गोष्ठी के पूर्व गायत्री परिवार के सदस्यों ने गायत्री माता, गुरु माता, एवं गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा तस्वीर के समक्ष पूजा अर्चना किया। एवं गायत्री हवन किया गया। इसके बाद हवन कार्य में ब्रजकिशोर सिन्हा, पिंटू गुप्ता, सेवानिवृत्त शिक्षक अवधेश वर्मा, केरेडारी प्रखंड के रविंद्र गुप्ता, बंधन महतो, झूमर महतो, उमेश प्रसाद, अरविंद कुमार, डॉली कुमारी, माधुरी कुमारी, अंशु महतो डोमन महतो, नरेंद्र विद्यार्थी, रामनाथ भृंगराज, नीलम वर्मा, मंदिर के पुजारी चिंतामणि महतो रेनू देवी आदि ने भाग लिया। हवन कार्य के बाद ब्रजकिशोर सिन्हा एवं रघुनंदन प्रसाद द्वारा प्रवचन दिया गया।

### अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाई की जायेगी एसडीपीओ

**बरही :** बरही मुहर्रम पर्व को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील कर पर्व को शांति से मनाने की अपील की है। पर्व मनाने वाले किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष, धर्म, समाज को ठेस पहुंचाने वाले गाने का प्रयोग बिल्कुल नहीं करे। जिससे कि सामाजिक सौहार्द बिगड़े। बरही एसडीपीओ नजीर अख्तर ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक फोटो, आपतिजनक टिप्पणी को शेयर करने से बचे। ऐसा करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा, कड़ी कार्यवाई की जायेगी। साथ ही पुलिस ने यह भी कहा कि कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से बचाएं। और किसी भी अप्रिय घटना एवं असमाजिक तत्वों के बारे में कोई सूचना हो तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 8002529349 या 100 नंबर पर डायल कर सूचना दें।

---

**शिकायत**

### पूजा स्थल की जमीन के अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीण हुए गोलबंद

# ग्रामीणों ने पुलिस से की शिकायत

- जिसमें इसमें 13 गांव के अखाड़ा में लाखों श्रद्धालु गन शामिल होते हैं
- मेला में इतनी भीड़ रहती है कि 2 एकड़ में जगह नहीं मिलती है



**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग गुरुवार को गोपाल शिवागना शिव मंदिर सेवा संस्थान के द्वारा रामनवमी मेला, दुर्गा पूजा मेला परिसर में भू माफियाओं के द्वारा जो अतिक्रमण किया गया है तथा जमीन की खरीद बिक्री किया गया है, इस जमीन को बचाने को लेकर आज उपायुक्त हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक, उप समाहर्ता उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल कमिश्नर अनुमंडल पदाधिकारी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी को आवेदन दिया गया और आवेदन में मांग किया गया है की इस मेला परिसर में लगभग 100 वर्षों से रामनवमी मेला दुर्गा पूजा मेला, शादी विवाह कार्यक्रम, एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम, सामाजिक कार्यक्रम पूजा पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसमें इसमें 13 गांव के अखाड़ा में लाखो श्रद्धालु गन शामिल होते हैं, बताया जा रहा है कि यहां पर हजारीबाग का सबसे पहला रामनवमी मेला की शुरूआत हुई है, और यहां रामनवमी मेला के बाद ही शहर में रामनवमी मेला दशमी को लगाई जाती है और यहां लाखों श्रद्धालुओ की आस्था रहती है यहां इस मेला में इतनी भीड़ रहती है कि 2 एकड़ में जगह नहीं मिलती है श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है इसमें प्रत्येक वर्ष जिला प्रशासन के द्वारा दंडाधिकारी भी नियुक्त किया जाता है एवं जिला प्रशासन के द्वारा सभी अखाड़ों को प्राइज दिया जाता है, आवेदन देने वालों में मुख्य रूप से सदर प्रखंड उप प्रमुख रवि कांत सिंह, बैहरी पंचायत मुखिया पप्पू यादव, सखिया पंचायत मुखिया इम्तियाज आलम, अध्यक्ष रामस्वरूप महतो, सचिव जानकी महतो सुबल कुशवाहा, उपाध्यक्ष राजकिशोर रविदास, लाइब्रेरियन विनोद कुमार साव, पूर्व मुखिया अरुण यादव पूर्व मुखिया उमेश कुमार, उपाध्यक्ष हुलास महतो, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, उप कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, सुधीर कुमार, उपाध्यक्ष विजय, न्यायिक सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, वरुण रंजन, केशव गोप, उपाध्यक्ष संजय राणा, पासवान, पप्पू कुमार, गोपाल कुमार, संतोष कुमार, अमरदीप कुमार सिटी गोप, मनोज ठाकुर, देवदीप कुमार, अरुण राम, दिलचंद महतो, पप्पू कुमार साव एवं ग्रामीण के अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए ।

---

### मकान मालिक की सवारी गाड़ी भी ले गए

## एटीएम उखाड़ ले गए चोर

**राष्ट्रीय खबर**

**बरही :** बरही थाना अंतर्गत बरसोत चौक के पास जीटी रोड़ किनारे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक एटीएम मशीन को अज्ञात चोरों ने बुधवार बीती रात्रि में उखाड़ ले गया। उक्त एटीएम बरसोत चौक निवासी मनोज कुमार उर्फ मणिलाल (पिता स्व। मुरली महतो) के घर में था। चोरों ने एमटीएम के साथ साथ मकान मालिक के घर के बाहर खड़ी सवारी गाड़ी (संख्या -बीआर 48 - 7707) भी चोरी कर ले गए। मकान मालिक गुरुवार की सुबह सोकर उठे तो देखा कि उनकी गाड़ी घर के बाहर नहीं है और एटीएम का सटर टूटा है। उन्होंने सबसे पहले इसकी सूचना स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी को दी। देखते ही देखते आसपास के ग्रामिणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मुखिया द्वारा इसकी सूचना बरही थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उसके बाद एसडीओ पूनम कुजूर व एसडीपीओ नाजिर अख्तर भी मामले की छानबीन करने पहुंचे। फिलहाल मामले की गहन छानबीन जारी है।

मकान मालिक मनोज कुमार ने बताया कि चोर इतना शातिर थे कि एटीएम कक्ष के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों को किसी केमिकल कलर वाले स्प्रे मार कर उसे बंद कर दिया था। हालांकि एक कैमरा पर चोरों की नजर शायद नहीं गई होगी उसपर केमिकल का स्प्रे नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह ने बताया कि एटीएम के संबंधित एजेंसी को घटना की सूचना दी गई है।

---

### ओलंपिक संघ हजारीबाग की बैठक हुई संपन्न

## सम्मान समारोह का कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा : हर्ष



- आगामी 30 अगस्त को होगा सम्मान समारोह

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग ओलंपिक संघ हजारीबाग के द्वारा बुधवार को देर शाम आरोग्यम अस्पताल के कॉन्फ्रेंस रूम में एक बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से खेल से जुड़े सभी लोग मौजूद हुए। बैठक मे बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें खेल के उपकरणों को जल्द से जल्द मुहैया कराना है। साथ ही आगामी 30 अगस्त को ओलंपिक संघ हजारीबाग के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव एवं भारतीय एथलेटिक्स दल के मैनेजर मधुकांत पाठक का सम्मान किया जाएगा। ज्ञात हो कि भारतीय एथलेटिक्स दल के मैनेजर मधुकांत पाठक के नेतृत्व में नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में ओलंपिक मे गोल्ड मेडल जीता था। हजारीबाग ओलंपिक संघ के लिए बड़े ही गर्व का विषय है। सम्मान समारोह का कार्यक्रम आरोग्यम अस्पताल के कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित किया जाएगा जिसमें हजारीबाग खेल संघ के सभी अध्यक्ष और सचिव को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही जिले के सभी खेल संघ को ओलंपिक संघ से जोड़ने का आग्रह किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि सम्मान समारोह का कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होगा, हम सबों के लिए बड़ा ही गर्व का बात है भारतीय एथलेटिक्स दल के मैनेजर मधुकांत पाठक को सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है।

---

## 60 लोगों ने झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति में हुए शामिल



**राष्ट्रीय खबर**

**बड़कागांव :** बड़कागांव झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति की बैठक बड़कागांव में हुई। इसकी अध्यक्षता मिथिलेश कुमार महतो ने किया।

जबकि संचालन नकुल महतो ने किया। बैठक में मणिपुर मामले को लेकर कड़ी भरत्स्ना की गई। वक्ताओं ने कहा कि सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट इस पर कानूनी कार्रवाई जल्द करें। अन्यथा हम लोग भी यहां से आंदोलन करेंगे।

झारखंडी भाषा खतीयानी संघर्ष समिति के नेता नकुल महतो के नेतृत्व में झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति मे विभिन्न दलों को छोड़कर 60 कार्यकर्ता शामिल हुए। जिनमें से अधिवक्ता विक्रम कुमार, राहुल कुमार, छोटू गंझू, पवन कुमार, टुसु कोयरी, लखपतिया देवी सुषमा देवी, सुषमा एक्का, जस फुल कर-केट्टा, अनीता गंझू, सुनीता देवी, सुनैना कुमारी, उर्मिला कुमारी, सहदेव गंझू समेत 60 लोगों ने जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर नकुल मेहता ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 23 वर्ष हो गया लेकिन आज तक मूल झारखंड वासियों को पूर्ण रूप से अधिकार नहीं मिला। हम लोगों ने कई पार्टियों को देखा लेकिन सभी ने धोखा दिया।

---

## आंख की बीमारी की चपेट में हजारीबाग

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग बदलते मौसम के साथ कभी बरसात हो रही है तो कभी प्रचंड गर्मी दे रहा है। ऐसे में संपूर्ण झारखंड के साथ हजारीबाग में भी इन दिनों आंखों की एक समस्या आमतौर पर देखी जा रही है। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डिपार्टमेंट में प्रतिदिन डेढ़ से दो दर्जन ऐसे मामले आ रहे हैं। शहर में घूमने के दौरान कई परिचित जब शाम के वक्त भी आंखों में काला चश्मा लगाए दिखे तो जानने की इच्छा हुई कि आखिर कारण क्या है। कारण का पता चला की आंखों की समस्या या यूं कहें कि आंखों की एक बरसाती बीमारी वायरल कंजेक्टिवाइटिस काफी तेजी से फैल रहा है। इसे स्थानीय लोग जय बांग्ला के नाम से भी जानते हैं। हर उम्र के लोग इन दिनों इस बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं और आंखों की समस्या से जूझ रहे हैं। लगातर वायरल कंजेक्टिवाइटिस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए मैंने शहर के कई आई स्पेशलिस्ट चिकित्सक से बात करने के बाद इसके जागरूकता हेतु एक प्रयास किया है जो आप तक पहुंचा रहा हूं। जानकार बताते हैं कि 4- 5 दिन में इससे लोगों को राहत मिल जाती है लेकिन पूर्णता ठीक होने में करीब 10 - 15 दिन का समय लग जाता है।

---

**कार्यक्रम**

### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित

# कौशल विकास पर दिया गया जोर: डॉ राज

- टेक्नोलॉजी तथा विज्ञान का जिस प्रकार का विकास दुनिया में हुआ भारत में नहीं हुआ




**राष्ट्रीय खबर**

**साहिबगंज:** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विद्यालय के प्राचार्य बी तिर्की ने कहा कि पूर्व में जो शिक्षा नीति बनाई गई थी उसमें दशमी कक्षा तक बुनियादी शिक्षा दी जाती थी, लेकिन नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों को स्किल की पढ़ाई पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति जन जन तक पहुंचकर कैसे उनको जागरूक किया जाए। इसकी की जानकारी वेलोग के माध्यम से बताना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में जो शिक्षा नीति थी वह कक्षा दसवीं तक बुनियादी शिक्षा पर आधारित थे। इसके बाद छात्र-छात्राएं ग्रेजुएशन तथा मास्टर डिग्री करते थे। पुरानी शिक्षा का उद्देश्य लोगों को एक बेहतर इंसान बनाना था, लेकिन टेक्नोलॉजी तथा विज्ञान का जिस प्रकार का विकास दुनिया में हुआ उस प्रकार का विकास भारत में नहीं हो पाया। दुनिया के देशों की तरह हमारा देश टेक्नोलॉजी तथा विज्ञान के दुनिया में आगे नहीं बढ़ सका। हमारे बच्चे भी दुनिया की चुनौती का सामना कर सके, इसके लिए नई शिक्षा नीति का समावेश किया गया। इसमें विशेष रूप से स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया गया है, ताकि बच्चों का कौशल विकास हो सके। मौके पर उपस्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ राज कपूर ने कहा कि नई शिक्षा नीति में खासकर स्कूल पर जोर दिया गया है। कहा कि लोगों को समुचित रोजगार नहीं मिल पा रहा है, इसे देखते हुए नई शिक्षा नीति तैयार की गई है। ताकि बच्चे शिक्षा प्राप्त करे के निकलने के बाद किसी ना किसी काम के लायक हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए बाल वाटिका की पढ़ाई प्रारंभ की गई है। पहले क्लास वन में 2 वर्ष के बच्चों को लिया जाता था, लेकिन अब बाल वाटिका में 3 वर्ष के बच्चों को नामांकन लिया जाएगा। जिसे 2 साल तक खेल खेल के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। इसके बाद क्लास 1 से 5 तक बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाएगी। क्लास 6 से 8 तक स्किल पर जोर दिया जाएगा। बच्चों को डिजिटल साइंस मास्क मेकिंग सहित स्किल गतिविधि की पढ़ाई कराया जाएगा, ताकि बच्चे सिर्फ किताब ना पड़े बल्कि अन्य गतिविधि भी करें। इसी प्रकार कक्षा आठ से लेकर कक्षा 12 तक उसी को अपग्रेड कर दिया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद उक्त दोनों विद्यालयों के प्राचार्य की अगुवाई में केंद्रीय विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम की का भी आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के कई शिक्षक शिक्षिकाएं भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

---

## न्यूज फटाफट

### सम्मान सह स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** सावन के मौके पर केलांचल टाइम्स की ओर से होटल मैक्स इन में सम्मान समारोह सह स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इमराना कार्यक्रम में शामिल हुई। इसके अलावा कार्यक्रम में शहर की कई जानी-मानी हस्तियां जिसमें मुख्य रुप से रतन मंडल के अलावे सबौर नगर पंचायत के अध्यक्ष समेत कई डॉक्टर और समाजसेवी भी कार्यक्रम में शिरकत किए। कार्यक्रम के दौरान कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित क्रिएटिव आर्ट्स कार्यक्रम के तहत नीतू गुप्ता को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के चलते उन्हें सम्मानित किया गया। वही चिकित्सा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने के चलते शहर के कई जाने-माने चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर इमराना ने कहा कि इस कार्यक्रम में शिरकत कर उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इस मंच के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को सूचित किया गया है। जिससे निश्चित रूप से उनमें आत्मविश्वास और बढ़ेगा और वे अपने-अपने क्षेत्र में और अधिक मजबूती और विश्वास के साथ कार्य की ओर कदम बढ़ा सकेंगे। वहीं क्रिएटिव आर्ट्स के लिए सम्मानित किए गए नीतू गुप्ता ने भी कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद दिया और कहा कि यह सम्मान उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगा साथ ही यह भविष्य में उनको और भी बेहतर ढंग से इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देगा।

### सेवा के लिए सदैव तत्पर है यूथ विंग



**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा जरूरतमंद लोगों को लगातार रक्त उपलब्ध कराने के क्रम में गुरुवार को विष्णुगढ़ निवासी संजय कुमार पटेल के 15 दिनों के नवजात शिशु को रक्त की अत्यंत आवश्यकता पड़ी। परिजनों के द्वारा अपने नवजात शिशु के लिए पूर्व के दिनों में भी रक्त उपलब्ध कराने के क्रम में स्वयं रक्तदान कर चुके थे। जिस कारण उन्हें संबंधित रक्त के लिए कोई रक्तदाता ना मिलने पर उन्होंने हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों से संपर्क किया। जिसके बाद यूथ विंग के समस्त पदाधिकारी संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए। कोई रक्तदाता ना मिलने पर हजारीबाग यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य शनि देव ने स्वयं रक्तदान करने के लिए आगे आए। जिसके उपरांत शनि देव ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर 15 दिनों के नवजात शिशु की जान बचाई। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कार्यकारिणी सदस्य शनिदेव के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि सेवा के लिए सदैव तत्पर है। यूथ विंग साथ ही कहा बहुत जल्द हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### चिंता देवी को गौतम ने किया सहयोग

**इचाक :** इचाक प्रखंड के तेतरिया गाँव मे चिंता देवी के पति दुलारी यादव की मौत कई वर्ष पूर्व हो गया। उनके दो छोटे छोटे बच्चे थे।चिंता देवी दो वक्त की रोटी के लिए दर दर भटक रही थी।अखबार में मामला प्रकाशित होने के बाद युवा नेता गौतम ने उनके घर पहुँचकर राशन ब खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाए। इससे पुर्व गावँ के ही समाजसेवी रौशन कुमार सिंह ने भी कई बाहर मदद किये।गौतम कुमार ने कहा कि बिजली व पानी के लिए वरीय पदाधिकारी से बात हो चुकी है। आज से कल तक इसका समाधान हो जाएगा। इस मामले को बिजिली के लिए बिजली विभाग के जूनियर इंजीनयर अमित कुमार सिंह, पानी के लिए पेय जल स्वक्षता विभाग के पदाधिकारी व जिला खाद्य आपुर्ति पदाधिकारी को भी संपर्क कर राशन उपलब्ध करवाने का भी बात कहे । मौके पर आदर्श युवा संगठन के प्रखंड अध्यक्ष शीट्टू कुमार सिंह, जैकी सिंह, बिक्की सिंह इत्यादि कई ग्रामीण भी मौजूद थे।

### बिजली की समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता से मिले पूर्व विधायक

**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर हजारीबाग अधीक्षण अभियंता से मिलकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने समस्या से अवगत कराया। बताते चले कि क्षेत्र में बिजली आँख मिचौनी एवं जले हुए ट्रांसफार्मर का विभाग को सुचना देने के बावजूद समय पर ट्रांसफार्मर मरम्मति नहीं होने से आम जन को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चौपारण चटट्टी में 200 के वी ए का ट्रांसफार्मर जला हुआ है। बरही प्रखंड अंतर्गत भण्डारो पंचायत के ग्राम बैरीसाल व चौपारण प्रखंड के ग्राम जोकट तिलैया में बोधो भुइया घर के पास 25 के वी ए का ट्रांसफार्मर क्षमता से अधिक ग्राहक होने कारन लोड नहीं ले पा रहा है। यादव ने अधीक्षण अभियंता से आम जनों के समस्या को तत्काल हल करने को कहा। वही अधीक्षण अभियंता ने सकारात्मक जबाब देते हुए कहा कि शीघ्र ही चौपारण चट्टी का 200 के वी ए का ट्रांसफार्मर मरमत कर दिया जायेगा और जहां 25 केवीए के ट्रांसफार्मर है, उसे इन्हेन्स करते हुए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा।

### पीरटांड़ में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक आयोजित



**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सविता टुडू ने की जबकि संचालन उप प्रमुख महेंद्र प्रसाद ने किया। वहीं बैठक में मुख्यरूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, अंचलाधिकारी विनय प्रकाश तिग्गा भी उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम पिछले बैठक में लिए गए प्रस्ताव का बारी बारी से समीक्षा की गई। बैठक में सदस्यों ने जनसमस्याओं का अब तक निराकरण नहीं होने से खासे नाराज दिखे। पंचायतों में चल रही महत्वकांक्षी योजनाओं को लेकर विशेष चर्चा की गई। खासकर पंचायत समिति सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर बात की। जिसमें मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, नल जल योजना, पेंशन योजना आदि शामिल हैं। वहीं राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने में हो रही परेशानी की भी शिकायत की गई। इन सभी मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख, उप प्रमुख, बीडीओ, सीओ के अलावे जोगेंद्र तिवारी,सहित कई पंचायत के पंचायत समिति सदस्य एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**देवघर :** ग्रामीण विकास विभाग के आदेशानुसार उप विकास आयुक्त डॉ कुमार ताराचंद के अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में देवघर जिला के जेएसएलपीएस डीपीएम, बीपीओ एफआई, बीपीएम सभी बैंक (जेआरजीबी, इंडियन, एसबीआई, बीओआई,कैनरा, यूको,बीओबी) के जिला समन्वयक और नाबार्ड के अधिकारी तथा आरसीटी निदेशक मौजुद थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### लक्ष्य कोचिंग सेंटर ने मनाया वार्षिकोत्सव

**पलामू :** प्रखंड अंतर्गत महुडंड पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चोरपहरा में धूमधाम से वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार यादव ने कहा कि आज के युग में मनुष्य के शिक्षा बहुत जरूरी है क्योंकि दो रोटी कम खाईए लेकिन बच्चों को स्कूल जरूर भेजिए। मानवाधिकार में शिक्षा ग्रहण करना एक अधिकार होता है। उन्होंने ने अभिवावकों से आग्रह किया कि बच्चों को शिक्षा पर बारीकी से ध्यान दें। वहीं युवा समाज सेवी सह मुखिया पति शिवशंकर यादव ने कहा कि हमरा पंचायत शिक्षा के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है। आप लोगों से निवेदन है कि बच्चों को सही समय पर विधालय भेजें। तभी बच्चों का भविष्य सुधर सकता है। श व्यवस्था लालू कुमार यादव ने कहा कि लक्ष्य कोचिंग सेंटर का एक वर्षो से लगातार बच्चों शिक्षा में निखार आ रहा है।इस पर लोगों से आह्वान किया कि बच्चों को कोचिंग सेंटर में भेजिए।समाग्र शिक्षा का विकास बच्चों को दिया जाएगा। संबोधन राजद क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कुमार रजक, दिनेश्वर ठाकुर,राम बली यादव,बिरबल परहिया,ओमप्रकाश रवि,लखन यादव, आदि किया छात्र छात्राओं ने एक से एक बढ़कर देश भक्ति गीत और नृत्य नाटक प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बिजली की समस्या को लेकर दिया धरना

**पलामू :** जिले के पिपरा प्रखण्ड के दमवा मोड़ पर गुरूवार को प्रखण्ड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुडडू यादव के पहल पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत बिजली व्यवस्था में सुधार सहित कई मांगों को लेकर आक्रोश पूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें इलाके भर से काफी संख्या में पुरुष महिला ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पिपरा प्रखण्ड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव , जिप सदस्य ददन पासवान, मुखिया रामाशीष पासवान , राजेश राजवंशी सहित कईवक्ताओं ने पिपरा में लचर बिजली व्यवस्था के लिए अधिकारियों की मनमानी और भेदभाव हरकत को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही विभागीय अधिकारियों की जनविरोधी रवैया से क्षुब्ध जनप्रतिनिधियों ने जमकर भड़ास निकाली। कार्यक्रम के माध्यम से पिपरा में 20 से 22 घंटे नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, कृषि फिडर से क्रेशर प्लांट को बिजली आपूर्ति बंद करने, प्रखण्ड क्षेत्र में सभी खराब और जले ट्रांसफार्मर के साथ ही जर्जर पोल तार को बदलने , उपभोक्ताओं के डबल कनेक्शन को सिंगल करने , उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ करने के साथ ही पिपरा ग्रिड से हटाए गए दो कर्मी अहद कुमार और अंकित कुमार को फिर से तत्काल नियुक्त करने की मांग की गई। इस दौरान धरना स्थल पर बीडीओ अशोक कुमार और सीओ एम एम एन मंसूर धरना पर बैठे प्रदर्शनकारियों से वार्ता के लिए पहुंचे थे। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था। मौके पर प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**बैठक** कांग्रेस ने भारत जोड़ो की बात,आमजनों के साथ कार्यक्रम को लेकर देवीपुर में किया बैठक, कहा

# भारत जोड़ो वाला मोहब्बत का पैगाम पहुंचाने का काम करें कार्यकर्ता: जिलाध्यक्ष

- आने वाला समय इंडिया गठबंधन का है
- नेता इस मुद्दे को भटकाने के लिए ऐड़ी चोटी लगा रहे हैं
- देश की मां बेटी की आबरू के साथ खेला जा रहा हैं

राष्ट्रीय खबर



**देवघरः** गुरुवार को देवीपुर प्रखंड मे कांग्रेस ने भारत जोड़ो की बात, आमजनों के साथ कार्यक्रम को लेकर चंद्रशेखर सिंह उच्च विद्यालय प्रांगण बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश यादव ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने भाग लिया। बैठक में अभियान की सफलता पर रणनीति बनाते हुए सांगठनिक स्वरूप पर भी समीक्षा की गई। बैठक में अपनी बातों को रखते हुए जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा की संदेश को हर-एक परिवार तक पहूंचाने की आवश्यकता है।

पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता चार से पांच घर में राहूल गांधी के भारत जोड़ो वाला मोहब्बत का पैगाम पहूंचाने का काम करें। जब भी हम किसी से मिलें तो कहीं स्टीकर चिपकाऐं, संदेश देने के क्रम में एक फोटो लेकर समाचार पत्रों के साथ सोसल मीडिया में प्रसारित करें। इस दरमियान में बुथ स्तर पर संगठन को ओर भी सशक्त बना लें। आने वाला समय इंडिया गठबंधन का है। प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह ने कहा कि देश के 56 इंच वाले सीना रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी डबल इंजन की सरकार कहां गई। आज देश की मां बेटी की आबरू के साथ खेला जा रहा है। कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करने वाले अपने परिवार की आबरू नहीं बचा पा रहे हैं। धिक्कार है ऐसे सरकार पर जो अपनी मॉं,बहन और बेटी की आबरू पर मौन धारण कर लिए हैं, उनके नेता इस मुद्दे को भटकाने के लिए ऐड़ी चोटी लगा रहे हैं।

## ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** हुसैनाबाद सड़क दुघर्टना में 12 घंटे के ऊपर से जपला पथरा मुख्य सड़क जाम कर बैठे ग्रामीण हुए उग्र, ग्रामीणों ने जपला छतरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ पर सड़क जाम कर दिया है, जिससे ग्रामीण महिलाओं के द्वारा पुलिस प्रशासन वाहन पर पत्थर फेंके गए जिससे वाहन की क्षती पहुंची दर्जनों वहान जाम में फंसे ग्रामीणों का मांग है कि मृतक के परिवार को 5 लाख रुपये और घायल दो युवकों के लिए समुचित ईलाज करवाया जाए। मालूम हो की कल पथरा जपला पथ में बाइक और हाइवा की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि दो युवक घायल हैं। वहीं हुसैनाबाद पुलिस अर्थक प्रयास के बाद शव को अपने कब्जे लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पोस्टमार्टम रिपोर्ट कराकर शव परिजनों शौप दिया गया।

## डूबने से मरने वाले बच्चों के परिजनों को मिलेगा चार-चार लाख



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** जिले के चैनपुर एवं सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत पानी में डूबने से मरने वाले 6 बच्चों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपए दिये जाएंगे। डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को इसकी स्वीकृति दे दी है। डीसी ने अंचलों से प्राप्त अभिलेखों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही सभी मृतक के आश्रितों को सहायता राशि/अनुग्रह अनुदान की राशि भुगतान करने निर्देश दिया है। विदित हो कि चैनपुर अंचल अंतर्गत उलडंडा गांव निवासी अवधेश उरांव की पुत्री अर्चना कुमारी एवं अराधना कुमारी, एतवा मुंडा की पुत्री सलमी कुमारी तथा मुकेश खाखा की पुत्री छाया खाखा का निधन एक ही दिन 20 जुलाई 2023 को स्कूल के पीछे आहर में डूबने से हो गई थी। वहीं 2 फरवरी 2023 को चैनपुर अंचल अंतर्गत महुगांवा गांव निवासी गुड्डू पासवान के बेटे आनंद कुमार पासवान का निधन डोभा में डूबने से हो गई थी। इसके अलावा सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत बारालोटा निवासी मोनी कुमार के बेटे अमन राज का निधन 9 जुलाई 2021 को डैम में डूबने से हो गई थी। पलामू के जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव ने बताया कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जलप्रपात एवं नदी में डूबने से मृत्यु को स्थानीय प्राकृतिक आपदा घोषित किया गया है। वहीं पानी में डूबने की घटना को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया गया है।

## मिशन इंद्रधनुष व आयुष्मान पखवाड़ा को लेकर बैठक आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** आगामी सात अगस्त से शुरू हो रहे मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के सफल संचालन व आयुष्मान पखवाड़ा को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ रतन कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन से सम्बंधित, घर घर सर्वे कर ड्यू लिस्ट एवं सर्वे रजिस्टर का पुनरीक्षण किया गया। वहीं अभियान से जुड़े कार्यों की सफलता एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। वहीं इस अभियान के क्रम में लक्षित समूह के शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। बीडीओ रतन कुमार ने बताया कि विस्तृत रणनीति के तहत मिशन इंद्रधनुष व आयुष्मान पखवाड़ा अभियान को सुनिश्चित रूप से सफलीभूत कराने का प्रयास किया जा रहा है।मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।प्रखंड प्रमुख राजकुमारी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पंचायत प्रतिनिधियों सहिया साथियों, स्वास्थ्य कर्मियो आदि से सक्रियता की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार,लेखापाल राजीव कुमार,मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,सुदामा यादव,मुखिया पति बिमलेश पासवान समेत कई अन्य स्थानीय प्रतिनिधि व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## मोहर्रम सामाजिक सौहार्द से मनाने की अपील



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर हरिहरगंज थाना के पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने मोहर्रम पर्व को लेकर इस मोहर्रम को आपसी भाईचारे के साथ मनाते हुए सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने इस दौरान किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट ,फोटो ,वीडियो अथवा कोई भ्रामक सूचना सोशल मीडिया व्हाट्सएप ,फेसबुक, ट्विटर आदि पर नहीं डालने और ना ही शेयर करने हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के मोबाइल पर आपत्तिजनक भड़काऊ पोस्ट ,फोटो, वीडियो मिलता है तो उसे अन्य सोशल मीडिया पर शेयर करने के बजाय कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 9934465613 पर शेयर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से कोई गलत पोस्ट आता है तो उसे पलामू पुलिस के ट्विटर हैंडल पर भी सुचना साझा कर सकते हैं अथवा 100 पर डायल कर जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस द्वारा ऐसे मैसेज फोटो , वीडियो , पोस्ट, शेयर , कमेंट करने वाले व्यक्ति को सीधे तौर पर जिम्मेवार ठहराते हुए सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी ङ्ख१६९ीाि मैसेज, फोटो , वीडियो न डालें। कहा कि अगर किसी ने भी यदि सांप्रदायिक तनाव अथवा दंगा करने या कराने का प्रयास किया तो उसकी खैर नहीं होगी। कहा पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है और तत्पर रहेगा।

**प्रदर्शन** मणिपुर और पश्चिम बंगाल में

# महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ विभिन्न संगठनों ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़ः** मणिपुर एवं पश्चिम बंगाल के मालदा में हुए दो आदिवासी महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार एवं दुष्कर्म के विरोध में बुधवार को आदिवासी छात्र संघ एवं सीपीआईएम द्वारा शहर में केंद्र सरकार और मणिपुर के राज्य सरकार विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार पर रोष व्यक्त करते हुए आदिवासी छात्र संघ ने भारत के प्रधानमंत्री एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया तथा शीघ्र से शीघ्र दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में आदिवासी छात्र संघ के नेता कमल मुर्मू ने कहा मणिपुर घटना हुए 77 दिन बीत गए। किंतु दोषियों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है आदिवासियों पर हमला तेज हुआ है। कमल मुर्मू ने कहा कि मणिपुर में जातिवाद के आग में झुलस रहा है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार इस पर काबू पाने में असमर्थ हैं। दुर्भाग्य है भारत का राष्ट्रपति खुद आदिवासी वर्ग से आती हैं और फिर भी वह खामोश हैं। इससे अधिक शर्म और लज्जा की बात क्या होगी। भारत सरकार की मंशा पर अंगुली उठना नजमी है। अगर केंद्र सरकार दोषियों पर कार्रवाई नहीं करती है तो फिर संपूर्ण भारत में आदिवासी समाज व्यापक आंदोलन करेंगे। दूसरी ओर सीपीआईएम के कार्यकर्ता केंद्र सरकार पर दोषारोपण करते हुए कहां की मणिपुर में भाजपा शासित राज्य हैं। वहां पर सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने में नाकाम है। पश्चिम बंगाल के मालदा में भी इस तरह की घटना को दोहराया गया है।इससे स्पष्ट है कि सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। महिलाओं के साथ इस तरह का घिनौना हरकत करना कतई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मैं मालदा में उन पीड़ित परिवारों से मिला हूं। मैं उसकी वर्णन नहीं कर सकती।

## न्यूज फटाफट

### आपसी प्रेम और भाईचारगी से मनाए मुहर्रम : उपायुक्त



**पलामू :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त दोड्डे ने कहा कि सभी धर्म सम्प्रदाय, मजहब के लोग मिलकर साम्प्रदायिक मिशाल पेश करने की परंपरा कायम की है। मुहर्रम पर्व आपसी एकता और भाईचारा के प्रतीक है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार डीजे, सौहार्द बिगाड़ने वाले भड़काऊ गाने पर मनाही की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्व के अवसर पर जिले के सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों पर शांतिपूर्ण रूप से इबादत करने की बात कही। उन्होंने लोगो से मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में त्योहारों को भाईचारगी के साथ मनाने की परंपरा चली आ रही है,इसे कायम रखने में सभी लोगों का सहयोग अपेक्षित है। वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड में रहने की बात कही। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की बात कही। उन्होंने जिले वासियों से अपील जारी करते हुए कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया में कोई आपत्तिजनक पोस्ट करता हो,और वो आपके संज्ञान में आता है तो तुरंत उस पोस्ट को पुलिस से साझा करें।उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट को फॉरवर्ड या शेयर करता पाया गया तो वैसे व्यक्तियों को चिन्हित कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक समाहर्ता, तीनो एसडीओ,सभी बीडीओ,सीओ, मोहर्रम इंतीजामिया कमेटी के सभी सदस्य सहित बडी संख्या में विभिन्न अखाड़े के सदस्य और वॉलंटियर उपस्थित रहे।

### सुब्रतोकप जिलास्तीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पाकुड़ :** सुब्रतोकप जिलास्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को बैंक कॉलोनी में स्थित जिलास्तरीय स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। प्रतियोगिता में प्रखंड से विजयी हुए टीमों ने हिस्सा लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सुब्रतोकप फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक, अंडर-17 बालक व बालिका के लिए आयोजित की गई है। सभी टीम पहले अपने प्रखंडों में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हुए। वहां से विजयी होने के बाद जिलास्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हो रहे है। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। खेलों के माध्यम से भी हम अलग पहचान बना सकते है। खेल मनुष्य का शारीरिक, मानसिक व भावात्मक विकास करता है। खेलों के माध्यम से शरीर विकसित होता है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अंडर-14 में अमड़ापाड़ा व लिट्टीपाड़ा के बीच खेला गया। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग का फाइनल मैच लिट्टीपाड़ा व पाकुड़िया एवं बालक वर्ग का मैच पाकुड़ व हिरणपुर के बीच खेला गया।

### वेलिडिक्टरी कार्यक्रम में डिप्लोमा सर्टिफिकेट वितरण

**पाकुड़ :** देसी क्लास 2019-20 (टीपी नं 1069) के बैच के इनपुट डीलर का आज दिनांक 26 .07 .2023 (बुधवार) को वेलिडिक्टरी कार्यक्रम मे डिप्लोमा सर्टिफिकेट वितरण का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन माननीया अध्यक्ष, श्रीमती जूली खुष्टमनी हेम्ब्रम, जिला परिषद, पाकुड़, माननीय उपाध्यक्ष, अशोक भगत, जिला परिषद, पाकुड़, अरुण कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, अरविन्द कुमार राय, उप परियोजना निदेशक, आत्मा पाकुड़, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । माननीय अध्यक्ष महोदय श्रीमती जूली खुष्टमनी हेम्ब्रम द्वारा इनपुट डीलर को बताया गया की उचित मात्रा में ही किसानों को खाद, पेस्टिसाइड आदि दिया जाए, ताकि किसानों को अधिक उपज प्राप्त हो, नहीं तो इसका परिणाम उल्टा होता है और उपज कम होता है। माननीय उपाध्यक्ष जिला परिषद अशोक भगत द्वारा बताया गया की इनपुट डीलर अपने अपने क्षेत्र के किसानों को कृषि की तकनीकी जानकारी देने का काम करें क्योंकि किसान इनपुट डीलर के पास ही उर्वरक व पेस्टिसाइड प्राप्त करने आते हैं। अगर डिप्लोमाधारी डीलर अपने ज्ञान का किसानों मे सही जानकारी एवं इनपुट का प्रयोग सीखा दें, तो हमारा किसान सशक्त एवं सबल होंगे।

### पलामू के उपायुक्त को दी विदाई



**पलामू :** आम आदमी का दुख दर्द समझने और जनता दरबार का उद्देश्य को समझाने वाले पलामू में संवेदनशील उपायुक्त रहे अंजानेयुलू दोड्डे। इंडियन रोटी बैंक ने पलामू उपायुक्त ए दोड्डे को पलामू से स्थानांतरण के उपरांत भावभीनी विदाई दी। इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप-प्रभारी दीपक तिवारी ने डीसी वैश्म में पलामू डीसी से मुलाकात कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया, एवं मोमेंटो देकर पलामू को स्वर्णिम यादों में रखने का उम्मीद जताई। सेवादार के साथ मुलाकात पर उपायुक्त दोड्डे ने इंडियन रोटी बैंक की जनसेवा जारी रखने की सलाह दी। साथ ही जीवन में इंडियन रोटी बैंक के साथ जुड़े रहने का भरोसा दिया। मौके पर उपायुक्त दोड्डे ने सेवादार दीपक तिवारी की जनसेवा भावना की प्रशंसा की। वहीं समाज में समर्पण भाव को देखते हुए कहा कि सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में भविष्य उज्जवल हो ।

### उपायुक्त व आरक्षी अधीक्षक का आजसू ने किया अभिनंदन



**पलामू :** आजसू पार्टी पलामू जिला की ओर से नव पदस्थापित उपायुक्त शशि रंजन व आरक्षी अधीक्षक रश्मि रमेशन को पलामू के धरती पर हार्दिक स्वागत करते हैं। उम्मीद करते हैं कि पलामू के गरीबी उन्मूलन व सामाजिक सद्भावना कायम करने मे इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हलांकि कम समय में पुर्व उपायुक्त अंजुमल दोड्डे ने पलामू की जनता का बिश्वास जीत लिया था। व पुर्व आरक्षी अधीक्षक चन्दन सिंहा ने भी पलामू मे साम्प्रदायिक सद्भावना कायम रखने मे सफलता हासिल की थी। दोनों पदाधिकारी को आजसू पार्टी भावभीनी बिदाई देती है व स्वच्छ प्रशासन के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामना देती है।

## शहर >> अपडेट

### एसबीआई ने लगाया शिविर

गोड्डा: टेरी माईनिंग प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित जीतपुर कॉल ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम के एसबीआई खाताधारकों की सुविधा के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बचत खाता धारकों की सुविधा के लिए लगभग 400 लोगों के खाता का पुनरीक्षण कर बंद खातों को चालू करने हेतु संबंधित दस्तावेज के सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की गई, इस विशेष शिविर में एसबीआई टेसोबथान एवं एसबीआई चंदना के मैनेजर सहित अन्य बैंककर्मियों द्वारा ग्रामीणों का भरपूर सहयोग करते हुए बचत खाता संबंधित त्रुटि का निराकरण करते हुए सभी खाता को चालू कर दिया गया।

**बैठक** जिप सदस्य 30-30 लाख की योजना की करेंगे अनुशंसा

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** समाहरणालय में डीडीसी सभागार में जिला परिषद बोर्ड की बैठक जिप अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला परिषद मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन को लेकर संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया। बैठक में 15 वें वित्त आयोग के तहत जिप सदस्य आबद्ध एवं अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत 30-30 लाख की योजना की अनुशंसा करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाया गया। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत संवेदक को कार्य आदेश निर्गत किया जा चुका है, जिसकी सूची उपलब्ध करा दी गयी। झुमरीतिलैया तिलैया थाना के सामने जिला परिषद की खाली जमीन पर मार्केट काम्प्लेक्स एवं बगड़ो स्थित मार्केट काम्प्लेक्स के लिए डीपीआर तैयार कर तकनीकी अनुमोदन हेतु मुख्य अभियंता कार्यालय को भेज दिया गया है। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई की जाएगी। सीएसआर मद के तहत 10 अदद सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए निविदा निकालने के बाद वर्क आर्डर देने पर बोर्ड ने मुहर लगाई। चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पीएचईडी विभाग के बगल में खाली जमीन पर मार्केट काम्प्लेक्स बनाने, डोमचांच प्रखंड के नवलशाही स्थित सरकारी भूमि को जिला परिषद को हस्तांतरित करने का निर्देश अंचल कार्यालय को दिया गया। जबकि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्रखंड में विवाह भवन की सूची और मरम्मती को लेकर सूची मांगी गई। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि जिले में विकास योजनाओं को जमीन पर उतारा जा रहा।

जिप बोर्ड सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है, आनेवाले दिनों में परिणाम देखने को मिलेगा। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि बोर्ड की बैठक में लिए जा रहे प्रस्ताव पर कार्यवाही तेज गति से की जा रही है। बैठक में केदारनाथ यादव, महादेव राम, शांति प्रिया, नीतू यादव, नीतू कुमारी, गुड़िया कुमारी, लक्ष्मण यादव, महेंद्र यादव, रीता देवी, प्रमुख सत्यनारायण यादव, अंजू देवी, विजय सिंह, ललिता देवी, मंजू देवी के अलावे सांसद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह समेत संबधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस किया मॉक ड्रिल



**चतरा:** जिले में मुहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए न्यू पुलिस लाइन परिसर में मॉक ड्रिल का अभ्यास पुलिस कर्मियों ने किया। जिसमें दंगाइयों से निपटने के लिए आंसू गैंस, लाठी चार्ज का अभ्यास किया गया। इस दौरान दंगाई बने पुलिस कर्मियों पर लाठी चार्ज , रस्सी से घेराबंदी तथा , गैस के गोले भी दागे गए। पुलिस कर्मियों को दंगे के दौरान गंभीर बातों से अवगत कराया गया।वहीं पुलिस के आला अधिकारियों ने अभ्यास के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीपीओ अभिनाश कुमार ने बताया कि राइट कंट्रोल के मद्देनजर ये ड्रिल किया गया है ताकि किसी भी स्तिथि के लिए पुलिस तैयार रहे। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले और दंगाइयों पर रबर के गोले, एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड व अन्य शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी दी गई। मौके पर पुलिस मेजर विकास सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे ।

## लोक सभा व विस में महागठबंधन की जीत तय :राजकुमार यदव



राष्ट्रीय खबर

**जयनगरः** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव ने बरकट्ठा विधानसभा के दो पंचायत बिरसोडीह और पिपराडीह का सघन दौरा लक्ष्य 2024 के तहत किया। आगामी वर्ष में लोकसभा एवं विधानसभा में महागठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी सामाजिक न्याय के साथी और सेकुलर दल के लोगों को एकजुट होने का आह्वान किए और राष्ट्रीय जनता दल के पुराने साथी जिनका इधर-उधर भटकाव हो गया था उनका अगले सप्ताह से होने वाले घर वापसी कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल परिवार में जुड़ने का आग्रह भी किया। उन्होंने इचाक प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत कमेटी का गठन एवं सभी बूथों में बूथ कमेटी का गठन करने का सुझाव भी अपने पार्टी पदाधिकारी और प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र यादव को दिया। अपना बूथ सबसे मजबूत के साथ हम आगामी वर्ष में होने वाले आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में अपने महागठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाकर कर लोकसभा और विधानसभा में भेजकर अपने क्षेत्र एवं यहां के मालिक जनता का दुख और दर्द में भागीदार होकर उसे दूर कर सकेंगे। संपर्क अभियान कार्यक्रम में युवा राजद के चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र यादव, बसंत यादव, भुनेश्वर यादव, विनोद कुमार राज, सिंटू यादव, गजानंद मोदी, सूरज रजक सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं राष्ट्रीय जनता दल की विचारधारा सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे तक ले जाने के लिए हरली, बिरसोड़ीह, चमगुदो कला, चमगुदो खुर्द, बंदाचक, गैड़ा आदि गांवों से उपेन्द्र यादव, पवन राणा, राजु राणा, महेश रजक, किशोरी राणा, मुकेश यादव, रंजीत यादव, राजु यादव, संजय यादव, सुनील राणा, मनोज यादव, राजेश यादव, विनय यादव, सूरज यादव, बालक यादव, पवन यादव, सुधीर यादव, अशोक कुमार, जीतेन्द्र यादव, विकास यादव, गोलू यादव, संदीप यादव, दिगम्बर यादव, सचिन यादव, विक्रम यादव, मन्नू यादव, विशाल यादव, ईश्वर रजक, मो. सलामत, मो. आजाद, मो. जमाल, मो. अरमान, मो. तैयब अंसारी, सहजाद, मुर्तजा अंसारी, साकिर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सुभाष मुंडा की हत्या की घटना की माकपा ने की निंदा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** दलित शोषण मुक्ति मंच के राज्याध्यक्ष दिनेश रविदास ने झारखंड युवा आदिवासी वामपंथी नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या की घटना की घोर निंदा की है। विदित हो कि सुभाष मुंडा हरेक दिन की तरह रांची नगडी थाना क्षेत्र के दलादली पार्टी कार्यालय मे कार्य कर रहे थे और इसी बीच अपराधियों ने सात-आठ गोली मारकर उनकी हत्या कर दी है । सुभाष मुंडा वर्ष 2019 में सीपीआई (एम) के टिकट से मांडर विधान सभा से चुनाव भी लड थे। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार हो या केन्द्र की सरकार ये दोनों की सरकार मे दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक एंव महिला बिलकुल सुरक्षित नहीं है जो काफी चिंता का विषय है। दलित-आदिवासी जननेता जनमुद्दों को जब उठाते है तो वो जननेता अरापराधियों के शिकार हो जाते है और समय पर अपराधियों को सजा नहीं मिल पाने के कारण अपराधी बेलगाम हो रहे है।

**भाकपा ने भी की निंदा,और गिरफ्तारी की मांग**

सुभाष मुंडा की हत्या पर भाकपा जिला परिषद कोडरमा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य महादेव राम महिला समाज की जिलाध्यक्ष बसमतिया देवीसुदामा यादव, ब्रह्मदेव राणा, कामेश्वर पंडित, मदन राम, किशोर चौधरी, समीम खान, सिकंदर कुमार, कैलाश रजक, हीरामन रजक, राजेंद्र रजक, , उदय भारती, विनोद पासवान, त्रिलोकी महतो, बलवा देवी आदि शामिल हैं ।

### पौधारोपण पुणित कार्य : शाहदेव



**कुडू :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा पर्यावरण जागरुकता के तहत मेरी माटी मेरा देश पौधारोपण कार्यक्रम के तहत पंडरा पंचायत के पंडरा ग्राम के पंडरा विद्यालय में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लाल गुड्डू नाथ शाहदेव उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि वृक्ष लगाना बहुत पुण्य का काम होता है। अपना जन्म दिया हुआ पुत्र आपको धोखा दे सकता है, परन्तु आपका लगाया हुआ वृक्ष कभी आपको धोखा नहीं देगा। पेड़ एक लाभ अनेक होते हैं। एक पेड़ आपको फल, फूल, छाँव, ऑक्सीजन सबकुछ देता है। इसलिए आपको जब समय मिले जहाँ स्थान मिले आपको पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। अविराम कॉलेज ऑफ ऐजुकेसन के द्वारा जो यह अभियान चलाया गया है वह बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है। इसके लिए आपको हृदय से आभार और बधाईयाँ देता हूँ। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, मुखिया अमर राम, उप मुखिया मुमताज पंवरिया, कुंदन गिद्ध, शिव सर, विनोद सर, लक्ष्मण उराँव, विरेंद्र बाघवार, अबुतुल अंसारी, शशिभूषण भगतभगत के साथ अविराम कॉलेज के छात्र -छात्रायें उपस्थित थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### स्कूली बच्चों को टीबी के प्रति किया जागरूक



कुडू :प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय माड़ाडीह में टीबी बिमारी को लेकर पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा स्कूल के बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने टीबी बिमारी के लक्षण, जांच, उपचार एवं इससे बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोविड एप्रोप्रिएट विहेवियर से टीबी संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बिमारी है जो माईकोबैकटेरियम ट्यूबरकुलोसिस से होता है। यह बिमारी मुख्यत: फेफड़ों पर हमला करता है। इसके अलावा शरीड़ के अन्य हिस्सों में भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों से खासी आ रहा हो, सीने में दर्द हो, बलगम के साथ खून निकल रहा हो, रात में सोने के समय पसीना आ रहा हो, वजन घट रहा हो तो अविलंब टीबी की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर जरुर करावें। डीपीओ ने बताया कि इस बिमारी से मुक्ति के लिए सरकार द्वारा मुफ्त में इलाज और दवा दी जा रही है। इसके साथ ही टीबी मरीजों के खाते में 500 रुपया प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से भेजें जाते हैं।? मौके पर प्रिंसिपल रमेश कुमार साहू, शिक्षक सत्य नारायण गुप्ता, सुरेश कुमार,डोली वर्मा, डीपीसी आशिश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

कुडू : भारतीय जनतंत्र महिला मोर्चा अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल वार्ड नंबर 7 गाड़ी गांव की जनसमस्याओं को लेकर रांची के उपायुक्त से मिलकर समस्याओं की जानकारी दी जो अत्यंत ही भयानक भयावह और दयनीय है राजधानी में रहकर ऐसी अव्यवस्था की कल्पना करना बड़ा ही अजब गजब प्रतीत होता है श्री शिवानी लता ने बताया कि 50000 की आबादी वाला गाड़ी गांव में जाने की रास्ता नहीं किसी भी प्राइवेट स्कूल की बसें गांव में प्रवेश नहीं करती। युवा महिला और जनता सभी परेशान है। कोई विद्यालय नहीं है। और इस क्षेत्र में कोई राशन डीलर भी नहीं है राशन लेने के लिए कोकर चौक जाना पड़ता है। निगम कर्मी कचरा भी नहीं उठा पाते हैं। स्वास्थ्य सुविधा भी नहीं है इन समस्याओं की ओर ध्यान दिलाने का कार्य करने वालों में मुख्य रूप से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह लक्ष्मी देवी संगीता देवी मंजू देवी ओम प्रकाश जी अभिरंजन जी समस्याओं को गिनाया।बाल्मीकिसोनेलाल शाह समीर आदि ने उपायुक्त से मिलकर समस्याओं को गिनाया।

## सातवीं पर हुआ कई खेलों का प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चोः** प्रखंड मुख्यालय मरकचो समेत विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवो स्थित कर्बला में मोहर्रम की सातवीं तारीख को काफी संख्या में अकीदत मंद जमा हुए। इस मौके पर दिनभर फातिहाखानी का सिलसिला जारी रहा। बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी के लोग कर्बला पहुंचे। यहां कई लोग मन्नते पूरी होने पर फातिहाखानी सामग्री पकाने में मशगूल दिखे। मोहर्रम की सातवीं तारीख को प्रखंड मुख्यालय के सरकारी दरगाह समेत नादकरी ,शाहगंज, कर्बला नगर, दूधअहरी, महूँगाय, लोहड़ियो, नावाडीह, दशारो, भोजपुर, मंझला नगर, मुरकमनाय के इमामबाड़ों एवं दरगाहों में केला कटाई एवं पैकर बांधने की रस्म पूरी की गई। वहीं देर रात शाहगंज, करबला नगर, चौक मुहल्ला से अखड़ा निकाला गया जो विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए दरगाह मुहल्ला पहुंची जहाँ घंटो जबाँज खिलाड़ियों के द्वारा तलवार, बाना, लाठी, भाला, फरसा का जोखिम भरा हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन किया।आलम, साबिर अली, मो सोहराब, सरफराज आलम आदि लोग मौजूद थे।

## एसबीआई ने सौंपा दो लाख का चेक



राष्ट्रीय खबर

**चतराः** भारतीय स्टेट बैंक के चतरा शाखा में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय रामगढ, के क्षेत्रीय प्रबंधक रंधीर कुमार मिश्रा ने अजय साव को उनके पत्नी के मरणोपरांत देय 2. लाख रुपये के बीमा राशि का चेक सौंपा ।अजय साव की पत्नी स्व. सोनी देवी ने पीएमजेजेबीवाई योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के चतरा शाखा से बीमा करवाया था। श्री मिश्रा ने इस अवसर पर एक संबोधन में कहा, कि पीएमजेजेबीवाई और अन्य सरकारी बीमा योजनाएं एक महत्वपूर्ण कदम हैं जो हमारे समाज के लोगों नाममात्र राशि पर बेहतर सुरक्षा प्रदान करती हैं। हम इन योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और सभी को इन योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।₹इस अवसर पर, भारतीय स्टेट बैंक की चतरा शाखा ने समाज के विभिन्न वर्गों में बीमा योजनाओं के लाभ के प्रचार-प्रसार के लिए नए कदम उठाने का संकल्प भी जाहिर किया। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक की चतरा शाखा के मुख्य प्रबंधक, प्रदीप कुमार पंकज चतरा शाखा के अन्य कर्मचारी गन मौजूद थे।

### आचार्यों के बीच पौधा का किया वितरण



**जयनगर :** प्रखंड में वन बंधु परिषद द्वारा संचालित परसाबाद संच में एकल अभियान के तहत एकल विद्यालय के आचार्यों के बीच फलदार पौधा वितरण किया। बताते चलें कि एकल अभियान जयनगर प्रखंड के विभिन्न गांवों में संचालित है जिसके तहत ड्रॉप आउट बच्चों को पंचमुखी शिक्षा की ओर अग्रसर किया जाता है। संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास करना है। पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए आज आचार्यों के बीच आम, अमरूद, कटहल, जामुन इत्यादि के पेड़ का वितरण किया। वहीं संच प्रमुख अजीत यादव ने कहा कि आज पर्यावरण के प्रति मानव को सजग होने की आवश्यकता है। जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है आने वाले दिनों में इस से निपटने के लिए हमें एक होना होगा। मौके पर सुषमा देवी, मधु देवी, सोनी देवी, रेखा देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी, काजल देवी, गिरजा देवी, पायल देवी, सुनीता देवी, कंचन देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

**शिलान्यास** नदी में पुल के निर्माण होने से बरही की दूरी कम होगी

# 95 लाख की 3 योजनाओं का किया शिलान्यास:अमित कुमार यादव





राष्ट्रीय खबर

**जयनगरः** प्रखंड के करियांवा पंचायत अंतर्गत ग्राम कुशाहन में केंद्र प्रायोजित योजना प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य विभाग के अधीन उप स्वास्थ्य केंद्र, हीरोडीह पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय घंघरी का चारदीवारी एवं मेन गेट का निर्माण, हीरोडीह पंचायत के छोटकी हीरोडीह एवं बड़की हीरोडीह में कल्वर्ट एवं गार्डवाल का विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया।

विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि झारखंड में जिस तरह से विकास होना चाहिए था, विकास रुक गया है। राज्य में नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। श्री यादव ने कहा कि पूरे क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सभी कार्य करवाए जा रहे है। लोग आगे आएं और अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की मानिटरिंग करें। तब जाकर कार्य तय मानकों के अनुसार होंगे।

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जयनगर महुआटांड़ एवं सुगासांख में पुल का निर्माण किया जाएगा, जिसका टेंडर पूर्ण हो चुका है। पुल बनने से जयनगर मुख्यालय से बरही आने जाने में अब कोई बाधा नहीं रहेगा। मौके पर मुखिया संगीता कुमारी, संवेदक रंजीत सिंह भाजपा जिला मंत्री सुधीर सिंह, भाजपा जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, महामंत्री यमुना यादव, विनय सिंह, दिनेश चौधरी, मनोहर यादव, राहुल कुमार मोदी, अर्जुन यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अर्जुन चौधरी, शशि पांडेय, मनोज चौधरी, महादेव मोदी, संतोष मोदी, लक्ष्मण यादव, लेखो यादव, सुजीत यादव, मुन्ना मोदी, केदार मोदी, संजय मोदी, अशोक शर्मा, अशोक यादव, किशोर यादव, परमानंद गिरी, नागो साव, महेंद्र यादव सहित गणमान्य एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### डायन प्रथा उन्मूलन रथ पहुंचा कुडू



**कुडू :** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग लोहारदगा के तत्वधान में डायन प्रथा उन्मूलन रथ गुरुवार को कुडू पहुंचा। मंडली में शामिल दल के सदस्यों ने कुडू ब्लॉक परिसर, सातहिक हाट बाजार टांड और दोबा गांव में सेन्हा के झारखंड नावा मंजा संस्था के कलाकार रामचंद्र राम, गणेश लोहरा, लक्ष्मी देवी, दीपनारायण सिंह, सोनी कुमारी आदि ने गीत एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन कर डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास को समाज से दूर करने के लिए जागरूक किया। और उपस्थित लोगों को डायन प्रथा को समाप्त कर नए समाज की शुरूआत करने की अपील की।

### सुभाष मुंडा की हत्या पर छात्र संघ ने जताया विरोध

**कुडू:** सीपीआई नेता सह आदिवासी समाजसेवी सुभाष मुंडा का दलादली स्थित उनके ऑफिस में घुसकर अज्ञात अपराधीयों ने गोली मारकर हत्या कर दी जिसका विरोध में कुडू के प्रखंड समिति आदिवासी छात्र संघ और राजी पाढहा सरना प्रार्थना सभा ने इसका निर्मम हत्या के विरोध में राजी पाढ़हा भवन कुडू में आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों के साथ विरोध में किया बैठक, कहा अपराधियों का हो जल्द गिरफ्तारी हो और कड़ी से कड़ी सजा मिले, आज आदिवासी समाज के लोगों को जमीन के लिय गलत प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा मिली भगत से हत्या करवा रहे हैं आज आदिवासी इस देश का मालिक होते हुवे इतना प्रताड़ित हो रहे हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### सतलुज नदी में वाहन बह जाने से तीन लोग लापता

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में कल शाम एक वाहन के सुतजज नदी में गिर जाने से तीन लोग बह गए और एक घायल हो गया। जिला प्रशासन के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किन्नौर जिले के निचार उपमंडल के तहत जानी संपर्क मार्ग पर कल शाम एक पिकअप वाहन सतलुज में गिर गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जम्मू आधार शिविर से 3111 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

**जम्मू:** जम्मू कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से बम बम भोले के जयकारों के बीच 3111 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था गुरुवार को यहां दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा तीर्थ के लिए रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि 3111 तीर्थयात्री 124 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए। इसी तरह 2154 तीर्थयात्रियों (1686 पुरुष, 424 महिलाएं, छह बच्चे और 47 साधु) का एक समूह 83 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुआ।

### मिश्र ने मोदी का किया स्वागत

**सीकर:** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुरुवार को सीकर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर उनका स्वागत किया और उनके साथ कार्यक्रम में भाग लिया। मिश्र ने मोदी द्वारा 1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम समाप्ति पर राज्यपाल ने हैलीपैड पर प्रधानमंत्री को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना एवं सांसद सी पी जोशी मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जन समस्यायों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को पांच कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में आए 180 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सबकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही हरगिज ना करें। योगी एक-एक करके सबके पास खुद गए और सभी की समस्याओं को विस्तार से जाना। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।

### पत्नी और मासूम बेटे की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या, आरोपी फरार

**सीहोर:** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के शाहगंज थाना क्षेत्र में आज एक युवक ने अपनी पत्नी और तीन वर्षीय मासूम बेटे की कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम सरदार नगर के गणेश राम विश्वकर्मा (30) ने अपनी पत्नी मोना और तीन वर्ष के पुत्र वेदांत को कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना का कारण अभी अज्ञात बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

शक्तिपरीक्षण

### राज्यसभा में होगा शक्ति परीक्षण, बीजेडी का स्टैंड स्पष्ट नहीं

# दिल्ली के कानून पर जगन रेड्डी भाजपा के साथ

- वाईएसआर कांग्रेस शुरू से भाजपा के साथ
- कांग्रेस ने सांसदों को जारी किया है ह्वीप
- बीआरएस दो मुद्दों पर सरकार के विरोध में

**राष्ट्रीय खबर**



**नई दिल्ली:** दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण के लिए केंद्र का विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित होने के लिए तैयार है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने मणिपुर पर अविश्वास प्रस्ताव सहित दो बड़े मुद्दों पर संसद में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समर्थन करने का फैसला किया है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, जिसके राज्यसभा में नौ और लोकसभा में 22 सदस्य हैं, अक्सर महत्वपूर्ण विधेयकों पर सरकार का समर्थन करती रही है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सदस्यों के समर्थन से, सरकार अपने विवादास्पद दिल्ली विधेयक को राज्यसभा के माध्यम से आसानी से प्राप्त कर सकती है, जहां उसके पास बहुमत नहीं है। यह विधेयक दिल्ली के नौकरशाहों पर नियंत्रण के लिए एक अध्यादेश की जगह लेता है, जिसे केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को पलटने के लिए जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि नौकरशाहों के स्थानांतरण और नियुक्तियों पर केंद्र नहीं, बल्कि दिल्ली में निर्वाचित सरकार का नियंत्रण है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता वी विजयसाई रेड्डी ने कहा, हम दोनों मुद्दों पर सरकार के पक्ष में वोट करेंगे। पार्टी के 22 सांसद मणिपुर संकट पर लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित अविश्वास मत में सरकार की गिनती में इजाफा करेंगे। अविश्वास प्रस्ताव के लिए लोकसभा अध्यक्ष द्वारा दो नोटिस स्वीकार कर लिए गए हैं, जिसका पराजित होना तय है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर पर संसद में बयान देने के लिए मजबूर करने के लिए विपक्षी दलों के भारतीय गठबंधन द्वारा एक प्रतीकात्मक कदम है। इस बीच कांग्रेस ने बुधवार को एक व्हिप जारी किया, जिसमें अपने सभी राज्यसभा सांसदों को गुरुवार को सदन में उपस्थित रहने के लिए कहा गया क्योंकि बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मंगलवार को, केंद्रीय कैबिनेट ने कथित तौर पर उस विधेयक को मंजूरी दे दी जो दिल्ली में ग्रुप-ए अधिकारियों के स्थानांतरण और पोस्टिंग के लिए एक प्राधिकरण के निर्माण के लिए घोषित अध्यादेश की जगह लेगा। राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक ने तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि आज राज्यसभा में बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। केसी राव की बीआरएस पार्टी ने बुधवार को पार्टी सांसदों को दिल्ली सेवाओं पर अध्यादेश को बदलने वाले विधेयक के खिलाफ मतदान करने के लिए व्हिप जारी किया। व्हिप सांसद जे संतोष कुमार के नाम पर जारी किया गया है। सांसदों को अगले तीन दिन 26, 27 और 28 जुलाई को सदन में मौजूद रहने को कहा गया है। पार्टी ने मंत्रिपरिषद पर अविश्वास जताते हुए स्पीकर को एक अलग प्रस्ताव भी दिया है। पार्टी के लोकसभा नेता नामा नागेश्वर राव ने स्पीकर को अविश्वास प्रस्ताव दिया।

## राहुल गांधी ने केरल में विश्वंबर मंदिर के किए दर्शन

**एजेंसियां**



**मलाप्पुरम:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के कोट्टक्कल में आर्य वैद्य शाला (एवीएस) परिसर में स्थित विश्वंबर मंदिर के दर्शन किए। गांधी यहां स्वास्थ्य उपचार करा रहे हैं। यह मंदिर आर्य वैद्य शाला (एवीएस) में स्थित है। गांधी को 21 जुलाई से कष्टदायक दर्द सहित प्रतिरक्षा शक्ति को बढ़ाने तथा परेशानी से निजात दिलाने के लिए उन्हें दो सप्ताह के लिए एवीएस में भर्ती किया गया था। उन्होंने आखिरी दिन वैद्यरत्नम पीएस वारियर द्वारा स्थापित एवीएस के सांस्कृतिक केंद्र पीएसवी नाट्यसंघम द्वारा प्रदर्शित 90 मिनट की कथकली कला शैली 'दक्षयागम' देखने में बिताए। वह बुधवार देर शाम को लगभग सवा सात बजे यहां पहुंचे और कथकली कलाकार के साथ बातचीत की और कथकली का प्रदर्शन करने वाले कलाकार के साथ फोटो भी खिंचवाया और फिर एआईसीसी के आयोजन महासचिव के सी वेणुगोपाल, प्रसिद्ध मलयालम लेखक एमटी वासुदेवन नायर मातृभूमि दैनिक अखबार के प्रबंध निदेशक एम वी श्रेयम्स कुमार, इसके संपादक पी वी चंद्रन और डॉ पी माधव वारियर के साथ कलाकृति के विभिन्न रूपों को देखा। एमटी वासुदेवन नायर, केसी वेणुगोपाल, श्रेयम्स कुमार को भी मलयालम माह कार्किडक्कम चिकित्सा (उपचार) के दौरान एवीएस में भर्ती कराया गया है, जहां गांधी को कोट्टक्कल एवीएस में भर्ती कराया गया है।

### हरित विकास पर सरकार ध्यान केन्द्रित कर रही है

## रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र के लिए भी पीएलआई पर सरकार करेगी विचार: सीतारमण

**एजेंसियां**



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि सरकार देश को रसायन एवं पेट्रो रसायन उत्पादो के विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र बनाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र के लिए भी उत्पादकता लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर विचार कर सकती है। मती सीतारमण ने यहां उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित भारत को वैश्विक रसायन एवं पेट्रो रसायन विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र बनाने पर आधारित तीसरे सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि कठोर प्रदूषण नियंत्रण कानून एवं बढ़ते श्रम लागत के मद्देजनर रसायन उद्योग घरेलू स्तर पर बड़ा बाजार होने के बावजूद अपने उत्पादों और उत्पादन क्षमताओं में विविधता लाने की कोशिश कर रहा है जिससे भारत वैकल्पिक विनिर्माण केन्द्र बनकर रहे सके। उन्होंने कहा कि देश के बड़े घरेलू बाजार के बावजूद उन्होंने कहा कि निर्यात की अपार क्षमता है लेकिन रसायन एवं पेट्रो रसायन उत्पादों के आयात में बढोतरी हो रही है। सरकार भारत को विनिर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनाने की पक्षधर है और इसके मद्देनजर रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र के लिए भी पीएलआई स्कमी पर विचार किया जायेगा। मती सीतारमण ने कहा कि इस उद्योग को टिकाऊ उत्पाद, कार्बन उत्सर्जन, आम प्रदूषण और भूमिगत जल प्रदूषण आदि को ध्यान में रखते हुये विनिर्माण क्षकता का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2047 में एनर्जी इंडिपेंडेंट और वर्ष 2070 में नेट जीरो देश बनने का लक्ष्य रखा है और उद्योग को भी इसी को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि हरित विकास पर सरकार ध्यान केन्द्रित कर रही है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके मद्देनजर प्रत्येक क्षेत्र में इसमें हिस्सेदारी करनी चाहिए। ऊर्जा दक्षमता और नवीनीकरणीय ऊर्जा के भारत के वायदे भी बहुत महत्वपूर्ण है। उद्योग को भारत के नेट जीरो के लक्ष्य को ध्यान में रखना चाहिए। हाइड्रोजन मिशन में भी तेजी आ रही है और उद्योग को भी इस पर ध्यान देना चाहिए।

## कोयला घोटाला मामले में पूर्व राज्यसभा सांसद को चार साल की सजा

**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने सजा की मात्रा पर बहस सुनने के बाद छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितता से जुड़े एक मामले में पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा को चार साल कैद की सजा सुनाई है। इस मामले में दर्डा के साथ उनके बेटे देवेंदर दर्डा और मेसर्स जेएलडी यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मनोज कुमार जयसवाल को भी चार साल कैद की सजा सुनाई गई। इसके अलावा दिल्ली की इस अदालत ने बुधवार को इस मामले में पूर्व कोयला सचिव एच.सी.गुप्ता और दो लोक सेवकों - केएस क्रोफा और केसी सामरिया - को तीन साल की सजा सुनाई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने दलीलें सुनने के बाद 13 जुलाई को पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता, दर्डा के बेटे देवेंद्र दर्डा, केएस क्रोफा और केसी सामरिया, मेसर्स जेएलडी यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक मनोज कुमार जयसवाल के खिलाफ दोषसिद्धि का आदेश पारित किया। अदालत ने सभी आरोपियों को भारतीय दंड संहिता (भादस) के तहत परिभाषित धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और धारा 420 (धोखाधड़ी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की कई अन्य धाराओं के तहत अपराध के लिए मेसर्स जेएलडी यवतमाल एनर्जी लिमिटेड पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कंपनी को भादस की धारा 420 के तहत गंभीर अपराध के लिए 25 लाख रुपये का जुर्माना भरने की सजा भी सुनाई।

## हरीश रावत स्टिंग प्रकरण में हरक सिंह को जवाब देने की मिली मोहलत

**एजेंसियां**

**नैनीताल:** कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के खिलाफ स्टिंग मामले की गुरुवार को सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने हरक सिंह रावत को जवाबी हलफनामा दायर करने के निर्देश दिये। इस मामले में अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी। इस प्रकरण पर न्यायाधीश रवीन्द्र मैठाणी की पीठ में आज सुनवाई हुई। पूर्व केबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत की ओर से इस मामले जवाबी हलफनामा दायर करने के लिये अदालत से समय की मांग की गयी जिसे अदालत से स्वीकार कर लिया। उन्हें 31 अगस्त तक जवाब जवाब पेश करना है। रावत की ओर से केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी है। 2016 में दायर याचिका में उन्होंने कहा कि विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले की जांच विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा की जा रही है। इसलिए ऐसे में सीबीआई जांच का कोई औचित्य नहीं है। कैबिनेट की बैठक की ओर से इसकी संस्तुति की गयी है। उन्होंने एसआईटी जांच की मांग की। दूसरी ओर हरक सिंह रावत की ओर से भी याचिका दायर कर कहा गया कि जब एक बार सीबीआई जांच की संस्तुति की जा चुकी है।

पड़ताल

### पश्चिम बंगाल में मिलावट रोकने की दिशा में नई पहल

# कलम सटाकर जानिए शराब असली है या नकली

- नकलची बनावट एकदम असली बनाते हैं
- अंदर के गंध और स्वाद से अंतर पता चलता है
- अब इलेक्ट्रॉनिक पेन बोलकर ही बता देगा इसे

**राष्ट्रीय खबर**



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में शराब सस्ती बिकने के बाद भी इसमें मिलावट की लगातार शिकायत आ रही थी। इस कारण नकली शराब से परेशान प्रदेश का आबकारी विभाग इस बार नया रास्ता अख्तियार कर रहा है। प्रत्येक शराब दुकान में एक टॉकिंग पेन (बोलने वाला पेन) होगा। यह पेन बोतल या डिब्बे पर लगे होलोग्राम पर दबाकर बता देगा कि शराब असली है या नकली। आबकारी विभाग ने पहले ही राज्य के सभी शराब खुदरा विक्रेताओं को ऑर्डर भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि सभी विक्रेताओं को 3,000 रुपये का यह पेन जल्द से जल्द खरीद लेना चाहिए। अब राज्य में शराब वितरक सरकारी एजेंसी बेवको के माध्यम से खुदरा विक्रेताओं तक बोतलें पहुंचाते हैं। लेकिन इसके बाद भी कई दुकानदार कथित तौर पर खुले बाजार से शराब खरीदते हैं। उत्पाद विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अक्सर उन शराबों की गुणवत्ता अच्छी नहीं होती है। नतीजतन, खरीदार भ्रमित हैं। इसे रोकने का यही तरीका है। उन्होंने कहा, नकली शराब के कारोबारी बोतल से लेकर लेबल तक सब कुछ इस तरह से बनाते हैं कि देखकर नकली का पता नहीं चल पाता। बाहर से यह नकली शराब बिल्कुल असली जैसा नजर आता है। लेकिन बनावट, गंध, स्वाद अलग-अलग हैं। लेकिन ग्राहक इसे बोतल खोलने के बाद समझ सकते हैं। अब मामले को पहले ही स्पष्ट करने का एक तरीका है। शराब के खुदरा विक्रेताओं को भेजे गए एक निर्देश में उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि टॉकिंग पेन एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। जब पेन को बोतल पर लगे होलोग्राम पर दबाया जाएगा तो यह बता देगा कि शराब शुद्ध है या नहीं। इसे राज्य सरकार के अधीन संस्था सरस्वती प्रेस से खरीदना होगा। इसके लिए प्रत्येक पेन के लिए 18 फीसदी जीएसटी के साथ 3,000 रुपये का एडवांस ऑनलाइन भेजना होगा। राज्य सरकार की प्रिंटिंग का काम सरस्वती प्रेस करती है। उत्पाद विभाग के अधिकारी ने बताया कि पेन दूसरी कंपनी से खरीदकर सरस्वती प्रेस में आ रहा है। वहां पेन पर उत्पाद शुल्क विभाग का नाम छपा होगा और इसे बेचा जाएगा। खुदरा विक्रेताओं को भेजे गए निर्देश में उत्पाद शुल्क विभाग ने इस पेन की विशेषताओं और उपयोग के बारे में भी जानकारी दी है।

बताया जाता है कि यह पेन अंग्रेजी में बताएगा कि शराब शुद्ध है या नहीं। भाषा को बदला नहीं जा सकता। पेन को यूएसबी केबल के माध्यम से चार्ज करना होगा। इसके लिए पेन के साथ टाइप-सी चार्जिंग केबल भी दी जाएगी। पेन में ऑन, ऑफ, वॉल्यूम अप और डाउन बटन हैं। पेन के अंदर एक स्पीकर और एलईडी लाइट है। ग्राहकों की सुविधा के लिए अलग स्पीकर भी उपलब्ध हैं। यदि उपयोग में नहीं है तो पेन 10 मिनट के बाद स्वचालित रूप से बंद हो जाएगा। इसे बाद में पुनः प्रारंभ किया जाना चाहिए।

## न्यूज फटाफट

### कार्बन मोनोऑक्साइड से तीन अमेरिकी नौसैनिकों की मौत

**वाशिंगटन:** अमेरिका में उत्तरी कैरोलिना में रविवार को एक कार में मृत पाए गए तीन नौसैनिकों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से हुई। पेंडर काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। उत्तरी कैरोलिना मेडिकल परीक्षक कार्यालय द्वारा बुधवार को तीन नौसैनिकों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। पेंडर काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा, तीनों मौतें कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के कारण हुई हैं। पेंडर काउंटी शेरिफ कार्यालय संचार को रविवार की सुबह एक लापता व्यक्ति के संबंध में एक कॉल मिली। कॉल करने वाले ने संकेत दिया कि उसका बेटा कैंप लेज्यून में तैनात एक अमेरिकी मरीन था और वह पिछली रात ओक्लाहोमा की उड़ान में पहुंचने में विफल रहा था। लापता व्यक्ति को बाद में कैंप लेज्यून से 30 मील (48 किमी) दक्षिण-पश्चिम में हैम्पस्टेड, उत्तरी कैरोलिना में एक सुविधा स्टोर में पार्क किए गए वाहन के अंदर दो अन्य नौसैनिकों के साथ मृत पाया गया।

### यमन के ताइज़ में विस्फोटों में 4 सैनिकों की मौत

**सना:** यमन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत ताइज़ में एक मुख्य सड़क पर दो विस्फोटक उपकरणों के विस्फोट में चार सैनिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सरकारी यमन टीवी ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमला मंगलवार को अल मकातीरा के दक्षिणी जिले में हुआ जब सैनिक एक सैन्य काफिले में यात्रा कर रहे थे और दक्षिणी प्रांत लाहज के पास अग्रिम पंक्ति से लौट रहे थे। इसमें कहा गया है कि विस्फोटक उपकरण हौथिस ने लगाए थे, जिन्होंने क्षेत्र में घुसपैठ की थी और दूर से विस्फोट किया गया था। यमन 2014 से सैन्य संघर्ष में उलझा है क्योंकि ईरान समर्थित हौथी मिलिशिया ने कई उत्तरी शहरों पर नियंत्रण कर लिया है और सऊदी समर्थित यमनी सरकार को राजधानी सना से बाहर निकाल दिया है। यहां चल रहे संघर्ष ने हजारों लोगों की जान ले ली है और देश को भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है।

### चीन: भारी बारिश के आसार को देखते हुये लिए पीला अलर्ट जारी

**बीजिंग:** चीन के कई क्षेत्रों में भारी बारिश होने का अनुमान है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को भारी बारिश की चेतावनी देते हुये 'यलो अलर्ट' जारी किया है। केंद्र के अनुसार गुरुवार सुबह 8 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक ताइवान, फ़ुज़ियान, झेजियांग, युन्नान, गुइझोउ, चोंगकिंग, गांसु और शानक्सी सहित क्षेत्रों में भारी बारिश और तूफान आने का अनुमान है। इन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा होने का अनुमान है, अधिकतम प्रति घंटा वर्षा 80 मिलीमीटर से अधिक होगी, साथ में आंधी और तूफ़ान भी होंगे। स्थानीय सरकारों को भारी बारिश के लिए तैयार रहने और शहरों, खेतों और मछली तालाबों में जल निकासी प्रणालियों का निरीक्षण करने की सलाह दी गई है। परिवहन अधिकारियों को भारी वर्षा वाले सड़क खंडों पर यातायात नियंत्रण उपाय अपनाने और जलजमाव वाले खंडों में यातायात का मार्गदर्शन करने के लिए कहा गया है। केंद्र ने यह भी सुझाव दिया है कि निचले इलाकों में खतरनाक बाहरी बिजली आपूर्ति में कटौती की जाए, खुले क्षेत्रों में बाहरी संचालन निलंबित कर दिया जाए और जोखिम वाले क्षेत्रों या जोखिम वाली इमारतों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए। चीन में चार स्तरीय मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर चेतावनी का प्रतिनिधित्व करता है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

### तुर्की में 35 हजार अवैध प्रवासी हिरासत में , 16,000 से अधिक निर्वासित

**अंकारा :** तुर्की में पिछले दो महीनों में 35,000 से अधिक अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है जिनमें 16 हजार से अधिक लोगों को देश से निर्वासित किया गया है। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने ए हैबर प्रसारक के टेलीविजन पर अपने संबोधन में यह जानकारी दी। येरलिकाया ने बताया कि पिछले दो महीनों में छापों की कार्रवाई में 35,797 अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से 16,018 प्रवासियों को निर्वासित किया गया तथा 19502 के लिए निर्वासन केंद्रों में आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रयोग के तौर पर इस्तांबुल में प्रवासन प्रबंधन महानिदेशालय के नौ मोबाइल केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां किसी प्रवासी के बायोमेट्रिक्स और देश में प्रवासन की स्थिति की तुरंत जांच करना संभव है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने पूर्व में कहा था कि अवैध प्रवासियों के खिलाफ अभियान के परिणामस्वरूप तुर्की के नागरिक जल्द ही बदलाव महसूस करेंगे।

### यमन में हाउती विद्रोहियों के ड्रोन हमले में एक बच्चे की मौत

**सना:** यमन के पश्चिमी प्रांत होदेइदाह के एक गांव में हाउती विद्रोहियों के ड्रोन हमले में एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सबा न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में बताया गया कि हेज़ जिले के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में डोबास गांव में एक घर पर बुधवार को ड्रोन हमला उस वक्त किया गया, जब बच्चे पिछवाड़े में खेल रहे थे। इस हमले में एक बच्चे की मौत हो गयी। उसी क्षेत्र में हाउती हमलावर ने एक अन्य युवक को भी गोली मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2018 में स्टॉकहोम में संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित संघर्ष विराम पर पहुंचने के बाद से, होदेइदाह में सरकारी बलों और हाउती मिलिशिया के बीच संघर्ष जारी है।

### आज का इतिहास

- 1741 : कैप्टन बेरिंग ने माउंट सैंट एलियास, अलास्का की खोज की।
- 1742 : प्रशिया और ऑस्ट्रिया ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1821 : पेरू ने स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1858 : भारतीय प्रशासनिक सेवा के सर विलियम जेम्स हर्शेल द्वारा पहचान के लिए पहली बार फिंगर प्रिंट का इस्तेमाल
- 1866 : अमेरिका में मापने की मीट्रिक प्रणाली को वैधानिक मान्यता मिली।
- 1868 : अमेरिकी विदेश मंत्री विलियम एच सिवार्ड ने पूर्व दासों को नागरिकता देने के लिए संविधान में 14वें संशोधन को मंजूर करने की घोषणा की।
- 1914 : आज ही के दिन प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत ।
- 1928 : नीदरलैंड के एम्सटर्डम में नौवें ओलंपिक खेल का शुभारंभ।
- 1959 : ग्रेट ब्रिटेन में डाक कोड का प्रयोग शुरु ।
- 1964 : चंद्रमा की तरफ रेंजर 7 का प्रक्षेपण, 4308 तस्वीरें भेजी।
- 1983 : नासा ने वाणिज्यिक संचार उपग्रह टेल्सटार-3ए का प्रक्षेपण किया।
- 1997 : ग्वाटेमाला बर्न कन्वेंशन कॉपीराइट संधि का सदस्य बना।
- 2001 : पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद सिद्दकी ख़ान कंजू की हत्या।
- 2004 : इराक के बाकूबा शहर में एक पुलिस भर्ती केन्द्र में विस्फोट से 68 लोगों की मृत्यु।
- 2005 : सौरमंडल के दसवें ग्रह की खोज करने का दावा किया।
- 2007 : पाकिस्तान सरकार ने विवादास्पद लाल मस्जिद को अनिश्चितकाल तक बन्द करने की घोषणा की।
- 2014 : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजरायल और हमास के बीच मानवता के आधार पर तत्काल और अनिश्चितकालीन संघर्षविराम के लिए आपात बैठक बुलायी।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची शुक्रवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

28:07:2023

## परीक्षा केंद्रों के पास धारा 144 लागू

रांचीः झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएससीसी) द्वारा आयोजित झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा को देखते हुए 27 जुलाई से 12 अगस्त तक परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दिया गया है। रांची सदर एसडीओ ने यह आदेश जारी किया है। साथ ही कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा कराने और विधि- व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीसी और एसएसपी द्वारा पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

हंगामा

### माकपा नेता की हत्या से आक्रोश, शव के साथ लोगों ने किया हंगामा

# सड़क जाम, हर तरफ हंगामा, नगड़ी थानेदार सस्पेंड



▶▶भू-माफियाओं को पुलिस हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

▶▶रांची-गुमला मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया है

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में आक्रोशित लोगों ने शव के साथ रांची-गुमला मार्ग को जाम कर दिया है। हालांकि पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए जोर-शोर से काम कर रही है। आधा दर्जन से ज्यादा भू-माफियाओं को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं रांची एसएसपी ने मामले में कार्रवाई करते हुए नगड़ी थानेदार को निलंबित कर दिया है।बुधवार की रात आक्रोशित भीड़ को समझा-बुझाकर रांची डीआईजी और एसएसपी ने वापस भेज दिया था और देर रात ही सुभाष मुंडा का पोस्टमार्टम भी रिम्स में करवा दिया गया था, लेकिन जैसे ही गुरुवार की सुबह सुभाष का शव दलादली पहुचा। स्थानीय एक बार फिर से आक्रोशित हो गए, उन्होंने सड़क पर उतरकर सुभाष के शव के साथ रांची-गुमला मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। रांची पुलिस के कई अफसर मौके पर पहुंच भीड़ को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। उधर रांची अन्य इलाके रातू, पिस्का मोड़, ओरमांझी सहित अन्य क्षेत्रों में भी आक्रोशित लोगों ने जाम कर दिया है। नगड़ी रेलवे ट्रैक को भी लोगों ने जाम कर दिया है।सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि नगड़ी इलाके में इतनी बड़ी वारदात को अपराधियों ने अंजाम दिया, लेकिन घटना के आधे घंटे बाद तक नगड़ी थानेदार को मामले की जानकारी तक नहीं थी। एसएसपी किशोर कौशल के अनुसार वारदात को लेकर नगड़ी थानेदार के द्वारा घोर लापरवाही बरती गई है। यही वजह है कि रांची एसएसपी ने नगड़ी थानेदार ओम प्रकाश को सस्पेंड कर दिया है। 2018 बैच के दारोगा रोहित कुमार को नगड़ी का नया थानेदार बनाया गया है।गौरतलब है कि बुधवार की रात रांची के दलादली चौक के पास बेखौफ अपराधियों ने जमीन कारोबारी और माकपा नेता सुभाष मुंडा को गोलियों से भून डाला था। अपराधियों ने सुभाष को सात से आठ गोलियां मारी, जिससे मौके पर उनकी मौत हो गयी। इस वारदात को चार की संख्या में आए नकाबपोश अपराधियों ने उस समय अंजाम दिया जब सुभाष अपने छोटे भाई अमित मुंडा और कार्यकताओं के साथ कार्यालय में बैठे हुए थे। घटना बुधवार रात आठ बजे की है।

दलादली चौक बगीचा टोली निवासी सुभाष मुंडा माकपा राज्य कमेटी के सदस्य थे। वह मांडर और हटिया विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं।वहीं हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस को सुभाष हत्याकांड से जुड़े कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिस पर काम किया जा रहा है।



# 17 माह से दिल्ली में बंधक रांची की नाबालिग को कराया गया मुक्त



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** 17 महीने से दिल्ली के आदर्श नगर में बंधक रांची की नाबालिग लड़की को पुलिस ने मुक्त कराया है। चाइल्ड राइट फाउंडेशन रांची,दिल्ली पुलिस ,महिला आयोग दिल्ली,शक्ति वाहिनी एनजीओ के सहयोग से गुरुवार को मुक्त कराया गया है। इसे लेकर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना रांची में मामला दर्ज कराया गया था। लड़की को दिल्ली में जबरन घर में बंधक बनाकर रखा गया था। 17 महीने से उससे काम कराया जा रहा था, लेकिन बदले में उसे कोई पैसा नहीं दिया जा रहा था। नाबालिग को रेस्क्यू करने में चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के बैद्यनाथ कुमार और चंदन कुमार की मुख्य भूमिका थी।दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, रांची के धुर्वा क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की को 6 दिसंबर 2021 को एक महिला और कुछ लोग अपने साथ दिल्ली ले गए थे। वहां उसे तीन दिन कमरे में बंद रखा गया। फिर उसे दिल्ली में किसी व्यक्ति को बेच दिया गया था। मौका देखकर लड़की ने अपने भाई को फोन का और सारी बात बतायी। उसने बताया कि वह दिल्ली के आदर्श नगर शनिचरिया रोड में एक घर में काम करती है। जहां उसे घर से बाहर निकलने नहीं दिया जाता है। बताया कि, घर के मालिक जब बाहर जाता है तो उसे घर में ही बंद कर दिया जाता है। फिर उसने अपने भाई से खुद को बचाने की बात कही।

# रांची सिविल कोर्ट के वकील करने जा रहे चौथी शादी!



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता नईमुद्दीन अंसारी का घरेलू विवाद महिला थाना तक जा पहुंचा है। उनकी पत्नी शमा परवीन और शहला तबस्सुम ने आरोप लगाया है कि उनके पति तीन-तीन पत्नियों के रहते चौथी शादी करने जा रहे हैं। जिस युवती से अधिवक्ता नईमुद्दीन अंसारी शादी करने जा रहे हैं, वह भी रांची सिविल कोर्ट में ही प्रैक्टिस करती है। शमा परवीन और शहला तबस्सुम ने महिला थाना में दिए गए लिखित शिकायत में कहा है कि नईमुद्दीन अंसारी उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। महिला थाना में शिकायत दर्ज होने के बाद अधिवक्ता नईमुद्दीन को नोटिस जारी किया गया है। महिला थाना ने अधिवक्ता को 2 अगस्त को अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है। पहली पत्नी होने का दावा करने वाली शहला तबस्सुम भी रांची सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करती हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि उनकी और अधिवक्ता नईमुद्दीन की शादी वर्ष 2000 में हुई थी। शादी के बाद से ही वह उन्हें प्रताड़ित कर रहा है। वहीं दूसरी पत्नी शमा परवीन ने आरोप लगाया है कि उनकी और अधिवक्ता की शादी वर्ष 2012 में हुई थी। अब उनके पति अपने साथ कार्यरत एक महिला अधिवक्ता के साथ शादी करने जा रहे हैं। इन आरोपों पर जब हमने अधिवक्ता नईमुद्दीन अंसारी से बातचीत की, तो उन्होंने कहा कि उन पर दुर्भावना से ग्रस्त होकर आरोप लगाया जा रहा है, ताकि सिविल कोर्ट में मेरी प्रैक्टिस से कमाई गई प्रतिष्ठा को धूमिल किया जा सके।

### नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिकों को प्रशिक्षित करने की तैयारी

**रांची :** रांची जिला के तहत समाहरणालय, प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों में नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिकों को समाहरणालय की विभिन्न शाखाओं, प्रखण्ड एवं अंचल में अभिलेखों के संधारण एवं टंकण आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस बारे में डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने आदेश जारी कर दिया है।डीसी श्री सिन्हा द्वारा जारी आदेश में इनके प्रशिक्षण के लिए तिथिवार समय सारणी निर्धारित की गयी है। साथ ही इनके ट्रेनिंग के लिए प्रभारी प्रशिक्षकों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है जो निर्धारित तिथि अनुसार आवंटित प्रशिक्षण कार्यालयों में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

# मुहर्रम को लेकर झारखंड अलर्ट, राज्य में अतिरिक्त बलों की हुई तैनाती, सुरक्षा

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** मुहर्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय ने राज्य के 22 जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। वहीं इस दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था के साथ विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। लाठी व महिला बल के साथ झारखंड सशस्त्र पुलिस बल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इन सुरक्षा बलों को मुहर्रम के दौरान गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से निबटने को कहा गया है। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़? की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पूरे राज्य में मुहर्रम का जुलूस 29 जुलाई को निकाला जाएगा।सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय ने रांची, हजारीबाग, कोडरमा, खुंटी, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, गोड्डा, चतरा, जामताड़ा, धनबाद, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, लातेहार, लोहरदग्गा, सराइकेला खरसावाँ, साहिबगंज, सिमडेगा में करीब 2500 अतिरिक्त फोर्स की तैनाती करेगी। इसमें जिला बल, जैप, रैफ, सैफ, आइआरबी और बीडीडीएस की टीम शामिल है। डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार जवानों को सभी जवान सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात करने के लिये कहा गया है। 28 जुलाई से विधि व्यवस्था ड्यूटी समाप्ति तक इनलोगों की प्रतिनियुक्ति की गई है।देवघर में विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेला चल रहा है। मेला के सफल आयोजन के लिये 8640 पुलिसकर्मी और पदाधिकारी की तैनाती की गई है। मुहर्रम को लेकर श्रावणी मेला ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी को लगाया जायेगा। श्रावणी मेला में राज्य भर से प्रशिक्षण केद्र और जिलों में तैनात पुलिसकर्मी को प्रतिनियुक्त किया गया है। इन्ही पुलिसकर्मी में से मुहर्रम की सुरक्षा में तैनाती की जायेगी। जानकारी के अनुसार श्रावणी मेला में तैनात वैसे पुलिसकर्मी को भी मुहर्रम ड्यूटी पर लगाया जायेगा। जो अवकाश पर है, और निलंबित चल रहे है। ऐसे पुलिसकर्मी को अन्य जिलों में तैनाती की जायेगी।

### बकोरिया मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को सीबीआई कोर्ट ने किया स्वीकार




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** बकोरिया मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण उरांव ने गुरुवार को स्वीकार कर लिया। मामले में रांची सीबीआई की ओर से क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए बताया गया है कि अब मामले में आगे कोई जांच नहीं होगी। इस पर बकोरिया मुठभेड़ से जुड़े शिकायतकर्ता जवाहर यादव की ओर से प्रोटेस्ट याचिका दायर की गई है।8 जून 2015 को पलामू के सतबरवा प्रखंड के भेलवा घाटी में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में माओवादी कमांडर अनुराग और उसका बेटा, भतीजा, पारा शिक्षक उदय यादव समेत 12 की जान गई थी। सुरक्षाबलों ने सभी को मुठभेड़ में मार गिराने का दावा किया था। मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए पारा शिक्षक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने हाईकोर्ट में पीआईएल दायर किया था। हाईकोर्ट के निर्देश पर दिसंबर 2018 से सीबीआई बकोरिया मुठभेड़ की जांच कर रही थी।

### सीबीआई के फर्जी ईमेल से अधिकारियों के नाम पर पैसे मांग रहे साइबर अपराधी



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** साइबर अपराधियों द्वारा सीबीआई के फर्जी ईमेल से अधिकारियों के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। इसको लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय प्रेस रिलीज जारी किया है। जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि ऐसी कई फर्जी ईमेल में सीबीआई के अधिकारी होने का दावा किया जा रहा है और पैसे जमा करने की धमकी दी जा रही है। भारत सरकार ने ऐसा कोई ईमेल जारी नहीं किया है। यह दावा फर्जी है। सीबीआई ने इस तरह का मामला सामने आने पर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा है। साइबर अपराधियों ने सीबीआई का फर्जी ईमेल बनाया है। इस ईमेल के जरिये आम लोगों को कहा जाता है कि आपने नाबालिक बच्चे की तस्वीर वायरल की है। पोक्सो एक्ट के तहत आप पर कार्रवाई हो सकती है। कहा जा रहा है कि मामला दर्ज करने से पहले हमने निजी तौर पर आपसे संपर्क करने का निर्णय लिया। आप 24 घंटे के अंदर जवाब दें। नहीं तो आप पर कार्रवाई की जायेगी। इस तरह साइबर अपराधी मामले को रफा-दफा करने के नाम पर लोगों से पैसे की मांग कर रहे हैं।

हत्याकांड

### माकपा नेता सुभाष मुंडा मर्डर को लेकर पुलिस मुख्यालय बेहद गंभीर

# रांची पुलिस के लिए सख्त आदेश जारी



▶▶ग्रामीण और कुछ शहरी इलाकों में सुबह से लेकर दोपहर तक हंगामा होता रहा

▶▶एसआईटी को रांची के सिटी एसपी लीड कर रहे हैं

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्याकांड को लेकर पुलिस मुख्यालय बेहद गंभीर है। मुख्यालय की तरफ से रांची डीआईजी और एसएसपी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द सुभाष हत्याकांड में शामिल अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाएं। वहीं दूसरी तरफ सुभाष मुंडा के हत्या के विरोध में राजधानी के ग्रामीण और कुछ शहरी इलाकों में सुबह से लेकर दोपहर तक हंगामा होता रहा। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्याकांड को सुलझाने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी को रांची के सिटी एसपी लीड कर रहे हैं। टीम में हेड क्वार्टर 2, डीएसपी साइबर, रातू थाना प्रभारी, नगड़ी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है। आईजी अभियान के अनुसार इस जघन्य हत्याकांड को लेकर पुलिस मुख्यालय बेहद गंभीर है।

रांची डीआईजी और एसएसपी को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह हर हाल में जल्द से जल्द हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करें। आईजी के अनुसार हत्यारों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई बुधवार की रात से ही शुरू कर दी गई है।

ना सिर्फ रांची में बल्कि रांची से बाहर भी टीम छापेमारी कर रही है। जितने भी संदिग्ध इस मामले में अब तक चिन्हित हुए हैं, सब को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। आईजी अभियान के अनुसार, पूरे मामले में नगड़ी थाना प्रभारी की लापरवाही सामने आई है, जिसके बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की तफ्तीश में अगर किसी अन्य अफसर की भी लापरवाही सामने आएगी तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

